नई दिल्ली
बुधवार, 20 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 27, अंक : 345
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 19

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 आईपीएल में पंत, स्टार्क, कमिंस....



विचार पेज
08 चुनाव आयोग पर सवाल...

## चुनावी खर्च पर नौ टीमें रखेंगी पैनी नजर

# एक्शनः जहां भी जरूरत पड़ेगी ईडी, बीएसएफ और आईटीबीपी सहित 25 एजेंसियां तत्काल देंगी दबिश

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनावी खर्च को लेकर कहा था कि कुछ पार्टियां डमी कैंडिडेट खड़े करती हैं। इसके जरिए वे चुनाव में तय खर्च की सीमा से ज्यादा राशि का इस्तेमाल करते हैं। डमी कैंडिडेट के नाम पर संसाधनों, वाहनों व दूसरी सामग्री का इस्तेमाल, वे अपने मुख्य उम्मीदवार के लिए करते हैं...

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने इस बार चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए विशेष तैयारी की है। जिला स्तर पर नौ टीमें, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के खर्च का हिसाब-किताब देखेंगी। इन टीमों के साथ केंद्र एवं राज्यों की 25 एजेंसियों को लगाया गया है। अगर कहीं पर छापा मारने या धरपकड़ करने की नौबत आती है, तो ईडी, बीएसएफ, लोकल पुलिस, आयकर विभाग, आईटीबीपी व डीआरआई सहित दो दर्जन एजेंसियां, अविलंब मौके पर पहुंचेंगी। उक्त 25 एजेंसियों में से कोई न कोई बल या प्रवर्तन विंग, चुनावी क्षेत्र में मौजूद रहेंगे।

**इतने पर्यवेक्षक और प्रवर्तन एजेंसियों को जिम्मेदारीः** उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने व्यापक निर्देश जारी किए हैं। एक सीट के लिए ⏩ शेष पेज 5 पर



### खर्च पर कसेंगे नकेल

16 मार्च को लोकसभा और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था। इसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान लागू हो गए हैं। लोकसभा चुनाव, चुनाव सात चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी चरण का मतदान, एक जून को होगा। चार जून को वोटों की गिनती की जाएगी। भारतीय चुनाव आयोग ने केंद्र एवं राज्यों को स्पष्ट हिदायत दी है कि वे सख्ती से आचार संहिता का पालन कराना सुनिश्चित करें। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनावी खर्च को लेकर कहा था कि कुछ पार्टियां डमी कैंडिडेट खड़े करती हैं। इसके जरिए वे चुनाव में तय खर्च की सीमा से ज्यादा राशि का इस्तेमाल करते हैं। डमी कैंडिडेट के नाम पर संसाधनों, वाहनों व दूसरी सामग्री का इस्तेमाल, वे अपने मुख्य उम्मीदवार के लिए करते हैं। इस बार चुनाव आयोग ने प्रभावी तरीके से ऐसे खर्च पर नकेल कसने की योजना बनाई है।

### *एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स (एआईयू) सक्रिय*

*राज्य उत्पाद शुल्क विभाग को चुनाव प्रक्रिया के दौरान शराब और मुफ्त वस्तुओं के रूप में प्रलोभन देना, वितरण, बिक्री और भंडारण की निगरानी करने के लिए कहा गया है। जीपीआरएस ट्रैकिंग का उपयोग कर एफएस/एसएसटी के कामकाज और संचालन की बारीकी से निगरानी की जाएगी। अधिक पारदर्शिता और चुनाव खर्चों की निगरानी में आसानी के लिए, उम्मीदवारों को एक अलग बैंक खाता खोलना होगा। चुनाव का खर्च केवल उसी खाते से किया जाएगा। आयकर विभाग को राज्यों के हवाई अड्डों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स (एआईयू) को सक्रिय करने और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में बड़ी मात्रा में धन की आवाजाही की जांच* ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वैज्ञानिकों का कमाल दूध में ही इंसुलिन रहेगा



**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने जीन में परिवर्तन कर ऐसी गाय बनाई है जिसके दूध में ही इंसुलिन लबालब भरा रहेगा। अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोएस में जानवरों के वैज्ञानिक मैट व्हीलर रिसर्च कर रहे थे। उन्होंने गाय के जीन में इंजीनियरिंग करके यह कमाल किया है। ब्राजील में पहला ट्रांसजेनिक गाय इंसुलिन वाला दूध देने योग्य हो गई है।

### संसदः 250 से ज्यादा जवानों की होगी तैनाती



**नई दिल्ली।** भारत की संसद से जुड़ी सुरक्षा को लेकर काफी सख्ती बरती जाती है। सरकार ने संसद सुरक्षा में अब 250 से ज्यादा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआईएसएफ जवानों को संसद भवन तैनात करने का फैसला लिया है। 13 दिसंबर को दो लोग संसद की कार्यवाही के दौरान घुस गए थे।

### होली के चलते 3 दिन तक बैंकों की छुट्टी




**नई दिल्ली।** देशभर में होली का त्योहार इस बार 25 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन सोमवार को बैंक अवकाश रहेगा, इससे पहले शनिवार और रविवार होने के कारण भी बैंक संबंधित कामकाज बंद रहेगा। इस मौके पर सभी सरकारी बैंकों के साथ प्राइवेट बैंक भी बंद होंगे। हालांकि आरबीआई की ओर से भी हॉलिडे कैलेंडर जारी किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात की


# शिवपुरी के स्कूल संचालक की बेटी का कोटा में अपहरण, 30 लाख फिरौती मांगी

» स्कूल संचालक की बेटी कोटा में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी




हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी/कोटा

कोचिंग सिटी कोटा में लगातार हो रही आत्महत्याओं और गुमशुदगी के बाद अब एक छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। कोटा से नीट की तैयारी कर रही शिवपुरी की छात्रा का अपहरण कर लिया गया।



बदमाशों ने उसके पिता के वाट्सएप नंबर पर इसकी जानकारी दी। साथ ही, लड़की की फोटो भी भेजी। उसमें लड़की के हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए हैं। छात्रा को छोड़ने के एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती ⏩ शेष पेज 5 पर

> सिंधिया ने कहा कि पुलिस जल्द से जल्द तहकीकात कर हमारी बेटी को वापस लाए। पीड़ित बच्ची के पिता से भी मंत्री सिंधिया ने फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि बेटी को वापस लाना अब मेरी जिम्मेदारी है। वह आपकी बेटी नहीं, मेरी भी बेटी है।



सोमवार को अचानक स्कूल संचालक की बेटी गायब हो गई

स्कूल संचालक के मोबाइल पर बेटी के हाथ पैर बंधे फोटो भेजे

आरोपी ने पिता के मोबाइल पर भेजकर 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी




कोटा एसपी डॉ. अमृता दुहन ने सूचना देने वाले को 20 हजार रुपए देने का ऐलान किया है

### फिरौती मांगने वाले ने बैंक खाते की डिटेल भी भेजी

रघुवीर बैराड़ में लार्ड लखेश्वर स्कूल के संचालक हैं। उनकी बेटी काव्या धाकड़ (20) सितंबर 2023 से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही है। सोमवार दोपहर 3 बजे रघुवीर के मोबाइल पर एक वाट्सएप मैसेज आया। इसमें छात्रा के हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए फोटो थे। कुछ फोटो में छात्रा के चेहरे पर खून भी दिख रहा है। फोटो भेजने वाले ने मैसेज में लिखा कि रघुवीर की बेटी को किडनैप कर लिया गया है। उसे जिंदा छोड़ने की एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। मैसेज ⏩ शेष पेज 5 पर

**पिता का दर्द...**

#### इंदौर में मिल रही थी धमकी इसलिए कोटा किया था शिफ्ट

रघुवीर धाकड़ ने बताया कि कोटा पुलिस ने रात 3 बजे मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया दो साल पहले बेटी इंदौर में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। जहां पोहरी अनुविभाग क्षेत्र के जरियाखेड़ा गांव के रहने वाले रिंकू धाकड़ ने बेटी को परेशान किया था। इसकी शिकायत इंदौर पुलिस में दर्ज कराई ⏩ शेष पेज 5 पर

कोचिंग और हॉस्टल के जवाब से उठे सवाल...

#### कोचिंग संस्थान ने कहा- नहीं था रजिस्ट्रेशन

पीडब्ल्यू कोचिंग के कोटा हेड दिनेश जैन ने बताया- लड़की के नाम (काव्या धाकड़) से कोचिंग में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। उधर, लड़की के पिता रघुवीर ने कहा कि काव्या का एडमिशन उन्होंने इसी कोचिंग में कराया था। अब कोचिंग संस्थान मना कर रहा है। काव्या टेस्ट देने गई थी। टेस्ट के लिए कोचिंग से मैसेज आया था। इसको लेकर कोचिंग प्रबंधन ने कहा कि कोचिंग से मैसेज नहीं भेजा गया है। कोचिंग संस्थान प्राइवेट नंबरों से मैसेज नहीं भेजता है। हॉस्टल संचालक पारस कुमार ने भी काव्या के अपने यहां रुकने की बात से इनकार किया है। उन्होंने साफ कहा कि काव्या नाम की लड़की कभी हॉस्टल आई ही नहीं है।

### सीएए पर सीजेआई चंद्रचूड़ बोले

## नागरिकता देने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं, त्रिस्तरीय कमेटी बनाएं




### सीएए पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार सरकार से मांगा जवाब, तीन हफ्ते का दिया वक्त

सीएए से जुड़ी करीब 237 याचिकाएं दाखिल की गई थीं



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है।

इस कानून को लेकर पिछले सप्ताह सरकार ने अधिसूचना जारी की थी। सुप्रीम कोर्ट में सीएए से जुड़ी करीब 237 याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन याचिकाओं पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। अदालत ने फिलहाल इसके क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए सरकार से जवाब तलब किया है। जवाब दाखिल करने के लिए सरकार को तीन हफ्ते 8 अप्रैल तक का वक्त दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 9 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने जवाब देने के लिए चार हफ्ते का वक्त मांगा था लेकिन शीर्ष अदालत ने उन्हें केवल तीन हफ्ते का वक्त दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि यह (सीएए) किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह केंद्र का जवाब मिलने के बाद ही फैसला ⏩ शेष पेज 5 पर

### कोर्ट में किसने क्या दलील दी?

- *केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।*
- *याचिकाकर्ताओं की तरफ से इंदिरा जय सिंह ने इसे लागू करने पर रोक लगाने की मांग की साथ ही भी कहा कि इस मामले को बड़ी बेंच के सामने भेजा जाए।*
- *कोर्ट ने पूछा कि केंद्र सरकार कब तक जवाब दाखिल करेगी। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि चार हफ्ते में जवाब दाखिल करेंगे।*
- *वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि नोटिफिकेशन 4 साल 3 महीने बाद जारी हुआ हैं। अगर नागरिकता देना शुरू हुआ तो उसे वापस लेना संभव नहीं होगा। ऐसे में नोटिफिकेशन पर रोक लगाई जाए।*
- *सिब्बल ने यह भी कहा कि कुछ लोगों को सिटिजनशिप दी गई है। अगर इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो इन याचिकाओं का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।*
- *सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह भी कहा कि चाहे किसी को नागरिकता मिले या न मिले याचिकाकर्ताओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।*
- *इस पर इंदिरा जय सिंह ने कहा कि ये मामला संवैधानिक जांच का है।*

### तीसरी सूची में कई बदलाव की चर्चा

## रायबरेली से नूपुर, मेरठ से गोविल, पीलीभीत से जितिन

एजेंसी ⏭ लखनऊ

रायबरेली सीट पर भाजपा के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की चर्चा है और नूपुर शर्मा को भी मौका मिल सकता है। मेरठ सीट पर रामायण एक्टर अरुण गोविल और कैंट विधायक अमित अग्रवाल को टिकट दिया जा सकता है।



सोमवार रात दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक हुई और यूपी की बची हुई 25 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा हुई। भाजपा की अगली सूची में चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। आजमगढ़ की लालगंज ⏩ शेष पेज 5 पर

### बंगालः चौबीस घंटे में फिर बदले डीजीपी

## संजय मुखर्जी को चुनाव आयोग ने बनाया बंगाल का नया डीजीपी



एक दिन पहले नियुक्त विवेक सहाय को हटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आईपीएस संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया है। चुनाव आयोग ने बंगाल के डीजीपी रहे राजीव कुमार को सोमवार को हटा दिया था। उसके बाद राज्य सरकार से डीजीपी के लिए तीन नाम मांगे थे। सरकार ने चुनाव आयोग को विवेक सहाय, संजय मुखर्जी और राजेश कुमार का नाम दिया था।

राजीव कुमार को हटाने के बाद चुनाव आयोग ⏩ शेष पेज 5 पर

### पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाया

## हेमंत की भाभी सीता सोरेन का इस्तीफा, भाजपा में हुईं शामिल



कहा- इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की विधायक और पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गई हैं। सीता सोरेन यहां भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे और झारखंड चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया। जामा की विधायक सीता सोरेन ने उन्हें और उनके परिवार ⏩ शेष पेज 5 पर

### जबलपुर डबल मर्डर केस में पुलिस पुणे पहुंची

## बेटी पिता के खाते से निकाल रही पैसे, पुणे में मिली नई 'लोकेशन'

पेमेंट के लिए इस्तेमाल करते हैं मोबाइल कटनी से पटना पुणे एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



जबलपुर में पिता-पुत्र के दोहरे हत्याकांड के मामले में रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस सरगर्मी से नाबालिग बेटी और उसके बॉयफ्रेंड मुकुल सिंह की तलाश कर रही है। ई-पेमेंट करने से संदेही आरोपियों की नई लोकेशन मिली है। जबलपुर में डबल मर्डर केस में आरोपी नाबालिग तथा उसके दोस्त ने कटनी से पटना पुणे एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ी थी। वारदात के बाद से पुलिस को लगातार चकमा दे रहे आरोपियों के पुणे में एक रेस्टोरेंट में ई-पेमेंट करने से उसकी नई लोकेशन का पता चला है। इसके बाद पुलिस की एक टीम पुणे रवाना हो गई है। वारदात के बाद आरोपियों ⏩ शेष पेज 5 पर



बाइक पर मुख्य आरोपी मुकुल। वारदात के बाद लड़की के साथ आरोपी फरार।

### पहले 26 मई 2024 को आयोजित होना थी परीक्षा

## लोकसभा चुनाव के चलते यूपीएससी प्रीलिम एग्जाम हुआ स्थगित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जामिनेशन (प्रीलिम) 2024 की तैयारियों में लगे अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की ओर से प्रीलिम एग्जाम को लोकसभा चुनाव के चलते पोस्टपोंड कर दिया गया है। यह परीक्षा देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 26 मई 2024 को प्रस्तावित थी।

इसी बीच अब लोकसभा चुनाव की डेट्स का ऐलान हो गया, जिसके चलते इस परीक्षा की तिथि को आगे खिसका दिया गया है। इसकी जानकारी आयोग ने अपनी वेबसाइट पर साझा की है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से लोकसभा चुनाव की डेट के क्लैश के चलते यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक ⏩ शेष पेज 5 पर




### *16 जून 2024 को आयोजित होगा एग्जाम*

*यूपीएससी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अब सिविल सेवा प्रारंभिक (सीएसई) परीक्षा का आयोजन 26 मई 2024 की बजाय 16 जून 2024 को आयोजित की जाएगी। आपको बता दें इस एग्जाम के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 फरवरी से 6 मार्च 2024 तक पूर्ण की गयी थी।*

**इतने पदों पर होनी है भर्तीः** इस भर्ती संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कुल 1206 रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। इसमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा/ आईएएस (सिविल सेवा) के लिए 1056 निर्धारित हैं वहीं भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए 150 पद आरक्षित हैं। यूपीएससी सीएसई प्रीलिम एग्जाम 2024 से जुड़ी अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### एग्जाम से कुछ दिन पूर्व जारी होंगे एडमिट कार्ड

जिन भी उम्मीदवारों ने इस परीक्षा में भाग लेने के लिए आवेदन किया है उनको प्रारंभिक परीक्षा में शमिल होने के लिए एडमिट कार्ड एग्जाम डेट से कुछ दिन पूर्व जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी एडमिट कार्ड केवल ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर मांगी गई डिटेल भरकर डाउनलोड कर सकेंगे। अन्य किसी भी माध्यम से उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड नहीं भेजे जाएंगे।

# दिल्ली में बार एसोसिएशन के चुनाव दो वर्ष के कार्यकाल के लिए एक दिन ही कराने का आदेश

## एक उम्मीदवार एक से अधिक बार एसोसिएशन के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता, भले ही वह कई अदालतों में वकालत करता होः हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में सभी बार एसोसिएशन के चुनाव दो साल के समान कार्यकाल के लिए एक ही दिन होंगे।

हाईकोर्ट ने कहा कि एक उम्मीदवार एक से अधिक बार एसोसिएशन के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता, भले ही वह कई अदालतों में वकालत करता हो। दिल्ली में छह जिला अदालतें हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने एक आदेश में कहा कि चुनावों में शुचिता



सुनिश्चित करने और धनबल के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए, यह अदालत चुनावी पार्टी की मेजबानी, पोस्टर छापने और होर्डिंग लगाने पर रोक लगाती है। पीठ ने कहा कि उम्मीदवार कानूनी बिरादरी के हित में प्रस्तावित सुधारों के लिए अपने विचारों का प्रचार करने के लिए भौतिक और डिजिटल बैठकें कर सकते हैं और व्हाट्सऐप या अन्य सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं। हाईकोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था कि क्या विभिन्न बार एसोसिएशन की कार्यकारी समितियों के चुनाव एकसाथ होने चाहिए और क्या ऐसी समितियों का कार्यकाल एकसमान अवधि का होना चाहिए। याचिकाओं में उठाये गए अन्य मुद्दे ये थे कि क्या सभी वकीलों को पहचान/प्रॉक्सिमिटी कार्ड और रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान टैग/स्टिकर (आरएफआईडी) अनिवार्य रूप से जारी किए जाने चाहिए और ये किसके द्वारा जारी किये जाने चाहिए। अदालत ने फैसला सुनाया कि सभी जिला अदालत बार एसोसिएशन, दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और दिल्ली में न्यायाधिकरणों से जुड़े सभी बार एसोसिएशन की सहमति से, यह निर्देशित किया जाता है कि उनकी कार्यकारी समितियों के चुनाव एकसाथ यानी एक ही दिन होंगे और ऐसी सभी कार्यकारी समितियां दो साल की एक समान अवधि के लिए होंगी। इसमें कहा गया है कि चुनाव सभी वकीलों को आईडी/प्रॉक्सिमिटी कार्ड और आरएफआईडी जारी करने के बाद ही होंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है।

### सभी बार एसोसिएशन का कार्यकाल सितंबर 2024 तक

पीठ ने कहा कि चूंकि दिल्ली में सभी बार एसोसिएशन का कार्यकाल सितंबर 2024 में समाप्त हो रहा है, इसलिए 19 अक्टूबर को चुनाव कराना उचित होगा। उसने कहा कि कुछ बार एसोसिएशन के चुनाव, जिनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है, अप्रैल या मई, 2024 में कराना न तो व्यावहारिक है और ना ही संभव क्योंकि देश में आम चुनाव होने हैं, जिसके कारण ईवीएम और सुरक्षा बल उपलब्ध नहीं हो सकते।

## दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंटेंट पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान एसएमएस या सोशल मीडिया मंचों के जरिए 'आपत्तिजनक संदेश' फैलने से रोकने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने और शिकायत के लिए एक नंबर व ईमेल एड्रेस जारी करने समेत कुछ कदम उठाए हैं। पुलिस विभाग ने यहां जारी एक नोटिस में कहा कि संयुक्त पुलिस आयुक्त बी.एस. जायसवाल को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान एसएमएस या विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलाने संबंधी मामलों से निपटने के लिए नोडल अधिकारी (सोशल मीडिया निगरानी एवं साइबर क्राइम) नियुक्त किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने एक नंबर '8130099025' और एक ई-मेल एड्रेस नोडलएसएमएमसी डॉट इलेक्शन24एटदीरेटदिल्लीपुलिसडॉटजीओवीडॉटइन भी जारी किया है, जहां लोग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री से संबंधित मामलों की शिकायत कर सकते हैं। नोटिस में कहा गया है, "यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ऐसे संदेशों में चुनाव कानूनों, आदर्श आचार संहिता और (निर्वाचन) आयोग द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन करके चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने की क्षमता होती है।" नोटिस में ऐसे आपत्तिजनक संदेशों का सामना करने वाले व्यक्तियों से तुरंत नोडल अधिकारी जायसवाल के समक्ष शिकायत देने का आग्रह किया गया है।

## 2020 दंगाः पुलिस ने शरजील की जमानत अर्जी का विरोध किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी हिस्से में 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगे के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत अर्जी का मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में विरोध किया। पुलिस ने इमाम के भाषणों को आधार बनाया जिसमें कथित तौर पर उसने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संगठित किया और 'चक्का जाम' को विरोध के तरीके के तौर पर 'प्रचारित' किया जो 'शांतिपूर्ण विरोध का कोई रास्ता नहीं' था। इमाम, यूनाइटेड अगेंस्ट हेट के संस्थापक खालिद सैफी और उमर खालिद सहित कई अन्य लोगों पर फरवरी 2020 के सांप्रदायिक दंगे का कथित 'मास्टरमाइंड' होने पर आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी यूएपीए और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने दलील दी कि विरोध प्रदर्शन तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत यात्रा के समय हिंसा पैदा करने की साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि इमाम ने सार्वजनिक संबोधनों में कार्ययोजना के रूप में 'चक्का जाम' के विचार का प्रचार किया और कहा कि टकराव वाली हिंसा तो होनी ही है।

### अपराध शाखा की कार्रवाई: डेढ़ करोड़ से ज्यादा का सामान बरामद

# मोबाइल टॉवर्स का सामान चोरी करने वाले दो सरगनाओं समेत 15 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा ने मोबाइल टॉवर्स का सामान चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सरगनाओं समेत कुल 15 लोग गिरफ्तार हुये हैं। इनके पास से डेढ़ करोड़ से ज्यादा का सामान बरामद हुआ है। बरामद होने वाले सामान में 33 आरआरयू, 20 बीबीयू, 15 पावर बैटरी, 20 बंडल केबल, दो आरएसपी और रेडियो यूनिट आदि सामान शामिल है। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दिल्ली एनसीआर में मोबाइल टावर से उपकरणों की चोरी के 63 मामले सुलझाने का दावा किया है।

एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार गिरफ्तार किये गये कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम नाजिम निवासी रोहिणी, सनी राजपूत निवासी सागरपुर, सलमान निवासी मेरठ,



मोहम्मद नईम निवासी मुस्तफाबाद, मोरपाल निवासी इब्राहिमपुर, महेंद्र निवासी अमन विहार, इरफान निवासी समयपुर बादली, दानिश निवासी मेरठ, नदीम निवासी बुढ़ाना, यूपी, कासिम निवासी मेरठ, इजहार निवासी ओल्ड मुस्तफाबाद, दिल्ली, पुनीत कुमार उर्फ बॉम्बे, परवीन राणा उर्फ सोनू ठाकुर, सुमित राणा और सलमान हैं। इन गिरफ्तारियों के बाद दिल्ली एनसीआर में दर्ज 17 मामले सुलझे हैं। भाटिया के अनुसार एयरटेल के राष्ट्रीय नोडल अधिकारी ने बड़े नंबर में चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इन चोरियों के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में ग्राहकों को कॉल करने और इंटरनेट सेवाओं का उपयोग करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस पूरे सिंडिकेट को तोड़ने के लिए अपराध शाखा की टीम ने टैक्नीकल सर्विलांस की मदद ली जिसके परिणाम स्वरूप गिरोह में शामिल आरोपी व्यक्तियों की पहचान की गई। नाजिम और सलमान इस गिरोह के सरगना है। दोनों विभिन्न राज्यों के विभिन्न व्यक्तियों से चोरी की आरआरयू/बीबीयू खरीदते थे और उन्हें रोहिणी में स्थित अपने गोदाम में छिपाते थे। इसके बाद इन उपकरणों को अन्य व्यक्तियों को ऊंचे दामों पर बेच देते थे। गिरोह तक पहुंचने की शुरुआत तब हुई जब सूचना मिली कि सनी राजपूत नामक व्यक्ति अपनी स्कूटी पर सलमान को एक चोरी की आरआरयू बेचने के लिए उत्तम नगर वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास आएगा। इसके बाद ट्रैप लगाकर सनी राजपूत और सलमान को पकड़ा गया। सलमान की निशानदेही पर रोहिणी में उसकी दुकान पर छापेमारी की गई और वहां से 12 आरआरयू, तीन बीबीयू, दो आरएसपी कार्ड, एक रेडियो और 20 बंडल टावर केबल बरामद किए गए। सलमान की निशानदेही पर कबाड़ी नाजिम को मुज्फरनगर, यूपी से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चार आरआरयू और पांच बीबीयू बरामद हुये। नाजिम ने खुलासा किया कि वह चोरी की गई आरआरयू/बीबीयू को नदीम, इजहार और उसके भाई मोहम्मद नईम को बेचता था। मोहम्मद नईम को मुस्तफाबाद से गिरफ्तार किया गया और आरोपी मोहम्मद नईम की निशानदेही पर छह आरआरयू और 12 बीबीयू और जियो कंपनी की पांच बैटरियां बरामद की गई। इन सबकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस के अनुसार जिन 63 मामलों में इनकी संलिप्तता पाई गई हैं उनमें दिल्ली के 48, गुरूग्राम तीन,फरीदाबाद चार, गाजियाबाद एक, नोएडा के छह और तमिलनाडु का एक केस शामिल है।

# फिरौती के लिए अगवा मासूम सकुशल रेस्क्यू करवाया, किडनैपर धरा

## गंगा में डूबोकर मारने का प्रयास भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दयालपुर इलाके से अगवा सात वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू करवाया है। बच्चा संभल, यूपी से बरामद किया गया। केस में पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। इसने बच्चे को छोड़ने के एवज में परिजनों से फिरौती की मांग की थी। रुपये नहीं देने पर बच्चे को गंगा नदी में डूबोकर मारने की कोशिश भी की गई। आरोपी वीरेश उर्फ वीरु (46) दिल्ली के ही नेहरु विहार का रहने वाला है।

डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि 13 मार्च को दयालपुर थाने को सात वर्षीय बच्चे के अगवा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का विश्लेषण कर संदिग्ध की पहचान की गई। उसकी लोकेशन बुलंदशहर जिले में गंगा किनारे मिली।

पुलिस ने वहां पहुंच कर संदिग्ध आरोपी की तस्वीर लोगों को दिखाई। बाद में बच्चे की लोकेशन



राजघाट गांव के पास ट्रेस की गई। आरोपी अपहृत बच्चे के साथ रेलवे स्टेशन की एक दीवार के पास छिपा नजर आया। जैसे ही उसने पुलिस को देखा वह बच्चे को छोड़ भागने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे पीछा कर दबोच लिया। बच्चे का कहना है कि किडनैपर ने उसके माता पिता को फोन कर रुपए मांगे और उसे गंगा नदी में डूबोकर मारने की कोशिश भी की थी। आरोपी ने पुलिस को बताया उसका बच्चे के परिजनों से विवाद था, इसलिए उन्हें सबक सिखाने के लिए यह वारदात अंजाम दी गई। वह पीड़ित बच्चे के पड़ोस में ही रहता था।

## प्रदूषित यमुना ...



मंगलवार को नई दिल्ली के कालिंदी कुंज में प्रदूषित यमुना नदी से सिक्के एकत्र करते लोग। फोटो : एजेंसी

## महरौलीः महिला ने किया खुदकुशी का प्रयास

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित फ्रीडम फ्राइटर इलाके में एक महिला ने खुदकुशी का प्रयास किया। फिलहाल महिला अस्पताल में भर्ती है। हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। पुलिस की जांच में पता चला कि महिला का पति की दिवंगत पत्नी के बच्चों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। माना जा रहा है इसी वजह से परेशान होकर महिला ने यह कदम उठाया था। महिला की हालत में सुधार होने के बाद उसके बयान लिए जाएगें, जिसके बाद पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी।

## नौरौजी नगर में लाल बत्ती जंपिंग के सबसे ज्यादा नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यातायात पुलिस ने लाल बत्ती उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस का मानना है कि रेड लाइट जंपिंग एक लापरवाह व्यवहार है जो अक्सर घातक दुर्घटनाओं और यातायात प्रवाह में व्यवधान का कारण बनता है। दिल्ली की सड़कों पर यह लंबे समय से एक चुनौती बना हुआ है। यातायात पुलिस ने कुछ प्वाइंट चिन्हित कर कार्रवाई तेज की तो नौरौजी नगर रेड लाइट पर सबसे ज्यादा उल्लंघन के नोटिस जारी हुये। यातायात पुलिस के अनुसार लाल बत्ती जंपिंग की घटनाओं की प्रभावी ढंग से निगरानी करने और उनकी पहचान करने के लिए प्रमुख चौराहों और ट्रैफिक हॉटस्पॉट पर अपने निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कुछ स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।



इसके अलावा व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं। इसके साथ ही शहर की प्रमुख सड़कों और जंक्शनों पर 3डी रडार-आधारित रेड-लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन सिस्टम (आरएलवीडी) स्थापित किया है। यह लाल बत्ती पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पता लगाता है और बिना किसी मानवीय संपर्क के मोटर व्हीकल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत ई-चालान के लिए नियंत्रण कक्ष को विवरण भेजता है। 2022 में 15 जनवरी से 15 मार्च के बीच कैमरों के उपयोग से बड़ी संख्या में नोटिस जारी किये गये। इस समय सीमा के भीतर 59,937 नोटिस जारी हुये। गत वर्ष आरएलवीडी से नोटिस भेजने के मामलों में काफी कमी देखी गई। इसी अवधि के दौरान केवल 21,089 नोटिस जारी किए गए। 2024 का नवीनतम डाटा एक विपरीत तस्वीर प्रस्तुत करता है। इस वर्ष 69,296 नोटिस जारी हुये। इस साल लाल बत्ती उल्लंघन के लिए जारी किए गए नोटिसों के विश्लेषण पर यह देखा गया कि शहर के दक्षिणी हिस्सों में लाल बत्ती उल्लंघन के लिए सबसे ज्यादा नोटिस जारी किए गए। सबसे ज्यादा उल्लंघनकर्ता नौरोजी नगर, नारायणा, मूलचंद, भीकाजी कामा प्लेस, मोती बाग, लाजपत नगर, एंड्रयूज गंज आदि इलाकों में हुये।

## संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- ईडी ने बिना किसी समन के सीधे गिरफ्तार कर लिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में लिए गए आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उनकी गिरफ्तारी से पहले उन्हें कोई समन जारी नहीं किया गया था। सिंह के वकील ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गवाह दिनेश अरोड़ा द्वारा जुलाई 2023 में उनके खिलाफ दी गई गवाही के बाद



उन्हें गिरफ्तार किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ धनशोधन मामले मामले में संजय सिंह की गिरफ्तारी और हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली आरोपी की याचिका पर दलीलें सुन रही थी। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में दो अप्रैल को सुनवाई जारी रखेगी। सिंह का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि मेरा (संजय सिंह) नाम पहली बार 19 जुलाई, 2023 को किसी दिनेश अरोड़ा द्वारा लिया गया। इस तिथि से पहले, उन्हीं दिनेश अरोड़ा के नौ बयान थे जिनमें उन्होंने कभी मेरा नाम नहीं लिया। अरोड़ा को अधीनस्थ अदालत ने माफी दे दी थी और मामले में सरकारी गवाह बना लिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि सिंह को कोई समन जारी नहीं किया गया और ईडी के अधिकारी सीधे उनके घर आए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को भी चुनौती दी है जिसने उन्हें धनशोधन के मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने दोबारा राज्यसभा सदस्य चुने गए सिंह की जमानत अर्जी सात फरवरी को खारिज कर दी थी, लेकिन अधीनस्थ अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया था। सिंह को इस मामले में पिछले साल चार अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## किसान आंदोलन : सिंघू बॉर्डर पर लगा रहता है लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

किसानों के आंदोलन को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के जीटी करनाल मार्ग स्थित सिंघू बॉर्डर की बंद सीमा कुछ हद तक खोल दी गई है लेकिन हर दिन यहां लंबा यातायात जाम लग रहा हैं, जिसके चलते बड़ी संख्या में यात्री, वाहन चालक परेशान है। साथ ही दिल्ली की सार्वजनिक बसों डीटीसी और डिम्ट्स कपंनी की बसों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। बताया जाता है कि इस जाम से बचने के लिए बड़े और छोटे वाहन चालक जिसमें हरियाण रोडवेज की बसे भी शामिल है, वे नरेला - सिंघू बॉर्डर और कुंडली -जाटी मार्ग से सिंघू गांव से होते हुए अपने गंतव्य स्थान को जाती है लेकिन सिंघू बॉर्डर पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन के भी पसीने



छूट रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिंघू बॉर्डर पर करीब 6 यातायात पुलिसकर्मी तो मौजूद रहते हैं लेकिन वह केवल तभी आते हैं जब यातायात की समस्या गंभीर हो जाती है। वहीं, इस संबंध में यातायात निरीक्षक ने बताया कि इस समस्या पर ध्यान दिया जाएगा।

### दो किमी तक पैदल चलते हैं यात्री

सिंघू बॉर्डर से आवागमन करने वाले दैनिक बस यात्रियों ने बताया कि सिंघू बॉर्डर के लंबे जाम को देखते हुए सिंघू बॉर्डर से नरेला व सिंघू बॉर्डर तक जाने वाली डीटीसी, डिम्ट्स कंपनी की बसे अपने रूट पर 131,136,144,193 पर नहीं चल रही है और सिंघोला फ्लाईओवर से ही नरेला की तरफ मोड़ ली जाती है और यात्रियों को यही उतार दिया जाता है। इसके चलते बस यात्रियों को करीब दो किमी की यात्रा पैदल ही तय करनी पड़ रही है। इसके लिए बस यात्रियों का कहना है कि यातायात पुलिस को इस तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए।

## कला और कलाकार के द्वंद्व और उसके सरोकारों को सामने रखा

# 'बड़ा भांड तो बड़ा भांड' का कथा-गायन-वाचन शैली में किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रंगमंच के साहित्यिक प्रयोग में अपार संभावनायें हैं। दिल्ली, रंगमंच पर साहित्यिक प्रयोगों,रूपों का खूबसूरती के साथ प्रदर्शन हो रहा है। इसके भिन्न-भिन्न रूप मंच पर दिखाई दे रहे हैं। सांस्कृतिक पत्रकार समीक्षक नाट्य समालोचक संगम पांडे ने यह उद्गार मंडी हॉउस स्थित त्रिवेणी कला संगम में तृतीय राष्ट्रीय नाटक समारोह के अंतर्गत रंग- चौपाल आयोजन में व्यक्त किए। रंग चौपाल के मुख्य



वक्ताओं ने रंगमंच पर हो रहे विभिन्न विधाओं के प्रयोग पर सम्बोधन दिया। सुमन कुमार, जिन्होंने देश-विदेश में रंगमंच के प्रयोगकर्ता आयोजक व निर्देशक के तौर पर अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने नाटक के प्रारंभ और इसके इतर बाद के प्रयोगों पर प्रकाश डाला। इसी वर्ष संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित रंगकर्मी सुरेंद्र शर्मा ने उपन्यासों पर आधारित नाट्य -रूपांतरों की रचना प्रक्रिया और उसे दूसरे लोगों

- मंडी हॉउस स्थित त्रिवेणी कला संगम में तृतीय राष्ट्रीय नाटक समारोह का समापन आज

की प्रक्रियाओं पर अपने विचार रखें और उन अनुभवों को साझा किया जिससे उन रचनाकारों की रचना ने सर्वथा एक नई रचना का स्वरूप ग्रहण किया।

अंत में कार्यक्रम की अगली कड़ी के तौर पर अजय कुमार के निर्देशन में विजय दान देथा की कहानी 'रिजक की मर्यादा' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'बड़ा भांड तो बड़ा भांड' का कथा -गायन -वाचन शैली में संगीतमय प्रस्तुति से कला और कलाकार के द्वंद्व और उसके सारोकारों को सामने रखा। विभिन्न चरित्रों की गति और लय के साथ भाव -भंगिमाएं रोमांच पैदा कर रहीं थी। संगीत पक्ष में अनिल मिश्रा के गायन/सारंगी वादन तथा राजेश पाठक के गायन, सुशील शर्मा, मुस्तफा हुसैन के संगीतमय सहयोग से प्रस्तुति उच्चता के शिखर पर पहुंचती है और दर्शक संगीत की लय और अभिनय से मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। राज नारायण दीक्षित की प्रकाश योजना नाटक के प्रभाव को उभारती है।इस तरह की संगोष्ठी और साहित्यिक आयोजन से रंगमंच के रचनात्मक पक्ष को आमजन से साक्षात्कार होता हैं। कलाकारों और रचनाकारों के सामाजिक सरोकार व द्वंद्व सामने आते हैं।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

FSO/SW/285

हमकि (1) रणजीत पुत्र श्योचन्द पुत्र मोतीराम व (2) तेजपाल पुत्र वेद पुत्र श्योचन्द, निवासीगण गांव ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर एवं बिस्वेदारान गांव मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार खेवट न0 675 / 540, खाता न0 739, मु0 न0 71, किला न0 3(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला (1.0 एकड़) सालम भाग (जिसमें रणजीत – तेजपाल हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला (1.0 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 19.03.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

खबर संक्षेप

## जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के बीच एबीवीपी ने जारी किया आरोप पत्र

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव का आगाज हो चुका है। इस दौर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने वाम संगठन नीत जेएनयूएसयू द्वारा किए गए पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल पर प्रश्न पूछते हुए 5 बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया है। जिसमें छात्रों की आधारभूत समस्याओं जैसे जर्जर छात्रावासों की समस्या, जल संकट, छात्रवृत्ति, शैक्षणिक सत्र, परीक्षा परिणाम में अनियमितता आदि को केंद्र में रखकर यह 5 बिंदुओं वाला आरोप पत्र जारी किया गया है और पूछा कि कोरोना काल में वाम संगठन कहां थे? एबीवीपी जेएनयू मंत्री विकास पटेल ने मंगलवार को आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों से जेएनयू के छात्र इस वामपंथ रूपी विष का दंश जेएनयूएसयू के माध्यम से झेल रहा है। जिस समय जेएनयू के छात्र कतिपय समस्याओं से जूझ रहें थे तब जेएनयू की अनाधिकृत अध्यक्ष बंगाल में चुनाव लड़, जमानत जब्त करवा रही थी। जिस समय जेएनयू के छात्रों को एक मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता थी तब उनकी अनाधिकृत अध्यक्ष बंगाल में अपनी राजनीतिक रोटी सेक रही थी।

## नगर निगम ने लिया अवैध विज्ञापनों पर एक्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सभी 12 जोनों में अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापनों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इन विज्ञापनों में पोस्टर्स, होडिंग्स, बैनर्स और छोटे बोर्ड शामिल हैं। निगम प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार और मंगलवार, यानि दो दिनों की कार्रवाई के दौरान 1,50,101 पोस्टर्स, 22,309 होर्डिंग्स, 17,082 बैनर्स और 11,872 छोटे बोर्ड सहित कुल 2 लाख, 1 हजार, 364 विज्ञापनों पर कार्रवाई की।

### ईडी ने लगाया आरोप, केजरीवाल ने किया 100 करोड़ का भ्रष्टाचार

# अब ईडी केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए लगा रही झूठे आरोप : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुकी ईडी अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए झूठे आरोप भी लगा रही है। यह बात मंगलवार को आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का राजनीतिक हथियार बनी ईडी झूठे आरोप लगा रही है। ईडी ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल ने 100 करोड़ का भ्रष्टाचार किया है। जबकि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रमाण न होने पर ईडी का ये आरोप खारिज किया जा चुका है, फिर दोबारा ये आरोप लगाने की वजह केवल केजरीवाल को गिरफ्तार करना है। आतिशी ने कहा कि ईडी किस दबाव में ऐसा कर रही है ये एक बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र जांच एजेंसी द्वारा ऐसे करने से स्पष्ट है कि ईडी अब भाजपा का एक राजनैतिक हथियार बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पूरे विपक्ष में यदि किसी एक नेता से डर लगता है तो वो अरविंद केजरीवाल से लगता है। और अपने इसी डर की वजह से भाजपा अपने राजनीतिक हथियार ईडी का इस्तेमाल चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए कर रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि भाजपा को राजनीति करनी है तो खुलकर करें, अरविंद केजरीवाल पर हमला करना है तो खुलकर करें, आदमी पार्टी के खिलाफ़ चुनाव लड़ना है तो खुलकर लड़े। भाजपा ईडी के पीछे छुपकर चुनाव न लड़े, अगर अपने 10 साल के काम पर भरोसा है तो उसके दम पर वोट मांगे, अरविंद केजरीवाल को ईडी के माध्यम से गिरफ्तार कराकर चुनावी मैदान से हटाने का प्रयास न करें। आतिशी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश में, पूरे विपक्ष में यदि किसी एक नेता से डर लगता है तो वो अरविंद केजरीवाल जी है। और अब मोदी जी ईडी नामक इस राजनीतिक हथियार का इस्तेमाल चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार करने के लिए करना चाहते है। इसका माहौल बनाने के लिए ईडी ये सब कर रही है।

## 'सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी का केस केवल एक राजनीतिक साजिश'

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को सत्येंद्र जैन के खिलाफ चल रहे ईडी के मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया है। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ईडी के मामले की निंदा करते हुए कहा कि यह केस पूरी तरह से हवाला ऑपरेटरों के बयानों पर आधारित है, जिसमें अपराध की कोई भी रकम बरामद नहीं हुई है। इस मामले में सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं, जबकि हवाला ऑपरेटर खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्येंद्र जैन और उनकी पत्नी संबंधित कंपनी से जुड़े नहीं थे, इसलिए वो कानूनी रूप से जिम्मेदार नहीं हो सकते हैं। आतिशी ने इस पूरे मामले को आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता में रुकावट डालने के लिए एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले से खासतौर पर अरविंद केजरीवाल की मुफ्त बिजली और मोहल्ला क्लीनिक जैसी पहलों को निशाना बनाया गया। आतिशी ने भाजपा पर अरविंद केजरीवाल के काम को रोकने के लिए आप के नेताओं को गिरफ्तार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के षडयंत्रों से अरविंद केजरीवाल के कामों पर असर नहीं पड़ेगा। आप ने सुप्रीम कोर्ट और कानून के प्रति सम्मान जताते हुए सत्येंद्र जैन की जमानत को लेकर कोर्ट के फैसले पर असहमति जताई है। आतिशी ने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को जमानत देने से इन्कार कर दिया। हम सुप्रीम कोर्ट और कानून की प्रक्रिया का सम्मान करते हैं। लेकिन साथ ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमत भी हैं। जिस मामले में सत्येंद्र जैन को जेल में डाला गया है, वो पूरी तरह से फर्जी है। आतिशी ने कहा कि जिस दौरान यह मामला बनाया गया है, उस दौरान सत्येंद्र जैन न तो कंपनी के निदेशक थे और न ही मालिक थे। कंपनी में उनकी पत्नी की भी न के बराबर हिस्सेदारी थी। इसलिए कानून के अनुसार अगर इस दौरान कंपनी ने कोई निर्णय लिया है तो सत्येंद्र जैन और उनके परिवार का कोई भी सदस्य कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हो सकता है। सत्येंद्र जैन को एक कंपनी के निर्णय के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिसमें न तो वह निदेशक थे, न अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता और न ही शेयरधारक थे। ऐसे में वो कंपनी के किसी भी निर्णय के लिए बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं थे।

## कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कर रही भाजपा : राय



नई दिल्ली। सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का षड़यंत्र रच रही भाजपा पर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कर रही है। भाजपा को अब भरोसा नहीं रहा कि ईडी के 9 समन के बाद भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हो सकती है। इसलिए उसने नया समन भिजवाया है। सोमवार को भाजपा ने षड़यंत्र के तहत ईडी से प्रेस विज्ञप्ति जारी कराई। अब ईडी कह रही है कि अरविंद केजरीवाल भी इस षड़यंत्र में शामिल हैं। जब केजरीवाल पहले षड़यंत्र में शामिल नहीं थे, तब ईडी ने 9 समन क्यों भेजा? उन्होंने कहा कि दरअसल, इलेक्टोरल बांड के जरिए भाजपा के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा देश के सामने खुला चुका है। भाजपा को डर है कि कहीं उसके महा घोटाले को जनता समझ गई तो उसका 400 का नारा 40 में तब्दील हो जाएगा। इसलिए भाजपा अब ईडी-सीबीआई से विपक्षी दलों के नेताओं को तेजी से गिरफ्तार करने का प्लान बना रही है।

## सीएम केजरीवाल पर कानून का फंदा कसते देख बौखला गए आप नेता : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कानून का फंदा कसते दिखा तो आम आदमी पार्टी नेता इतना बौखला गये हैं कि यह भी भूल गये हैं कि जांच एजेंसी हर हाई प्रोफाइल केस की महत्त्वपूर्ण तिथि पर प्रेस वक्तव्य जारी करती है। जांच एजेंसियां ईडी एवं सीबीआई लगातार शराब घोटाले के साथ ही जलबोर्ड आदि मामलों की जांच कर रही हैं और पहले भी मामले की कानूनी प्रगति पर बोलती रही हैं। सोमवार को जब शराब घोटाले की जांच में बड़ी प्रगति हुई तो जांच एजेंसी ने के. कविता के बयान के आधार प्रेस वक्तव्य जारी कर स्पष्ट किया कि अब इस केस में बड़ी गिरफ्तारी हो सकती है पर किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया है।

## हजारों करोड़ों का शराब घोटाला घटते-घटते अब 100 करोड़ पर आ गया : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी की गई एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रचारित किए गए तथाकथित शराब घोटाला मामले में ईडी की तरफ से यह कहा गया है लगभग 100 करोड़ रुपए की राशि का लेनदेन इस मामले में हुआ। उन्होंने कहा कि अब तक भाजपा इसे हजारों करोड़ रुपए का घोटाला बता रही थी, परंतु समय बीतते बीतते और समय-समय पर बयानों के बदलते बदलते अब ईडी ने यह कहा है कि इस तथा कथित शराब घोटाले में 100 करोड़ रुपए की राशि का लेनदेन हुआ है। उन्होंने कहा हालांकि इस संबंध में भी ईडी आज तक एक पैसे का भी लेनदेन का कोई सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाई है। सौरभ भारद्वाज ने च्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना जी द्वारा 30 अक्टूबर 2023 को जारी किए गए एक आदेश का हवाला देते हुए कहा, कि इस आदेश में न्यायाधीश ने साफ तौर पर इस बात को कहा है कि ईडी द्वारा 100 करोड़ रुपए के लेनदेन का आरोप केवल एक बहस का विषय है और इस संबंध में ईडी की ओर से कोई भी तथ्य या साक्ष्य कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा दिए गए आदेश के बावजूद भी ईडी जो कि एक स्वतंत्र सरकारी संस्थान होना चाहिए, जिसे निष्पक्ष होकर किसी भी मामले की जांच करनी चाहिए, वह इस तथाकथित शराब घोटाले में 100 करोड़ रुपए के लेनदेन की खबर मीडिया से प्रसारित करवाने की कोशिश करती नजर आई। उन्होंने कहा कि यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक स्वतंत्र जांच एजेंसी जिसको स्वतंत्र रूप से सभी के लिए काम करना चाहिए। वह कल पूरा दिन केंद्र में बैठी सरकार के राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के खिलाफ एक नकारात्मक कहानी की संरचना करने और उन्हें बदनाम करने की कवायद में लगी रही।

## भाजपा सांसदों ने दिल्ली में नहीं किया एक भी काम : कांग्रेस

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों की उल्टी गिनती के साथ ही प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना लगाना तेज कर दिया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पूछा कि भाजपा बताएं कि 10 साल के शासनकाल में दिल्ली के सांसदों ने क्या किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने एक भी कार्य नहीं किया, जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी जल्द ही एक चार्जशीट लेकर आएगी। प्रेस वार्ता के दौरान लवली के अलावा पूर्व मंत्री हारून युसूफ व अन्य नेता मौजूद थे। लवली ने कहा कि दिल्ली के सातों भाजपा सांसदों के खिलाफ उनके झूठ, दिल्ली में विकास की अनदेखी और जनहित के लिए एमपीएलएडी फंड से पैसा न लगाने के लिए एक आरोप पत्र लाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने क्या किया, यह बताने की बजाय वह अगले 100 दिनों में वे क्या करेंगे इसकी चर्चा करके दिल्ली के मतदाताओं को गुमराह करने का कार्य न करें। हालात यह है कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई दिल्ली मेट्रो के तीसरे चरण के विस्तार और सिग्नेचर ब्रिज निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का झूठा श्रेय आज भी भाजपा लेना चाहती है। अगर वाकई भाजपा ने कार्य किया तो वह अपने सातों सांसदों के दस वर्ष में किए गए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच पेश करे।

# दिल्ली के 120 से अधिक वकील आप में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सभी जिला कोर्ट, हाई कोर्ट और सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन से 120 से अधिक वकीलों ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट में कानून मंत्री आतिशी ने इन सभी वकीलों का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर वकीलों ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा दिल्ली के आम लोगों और वकीलों की ज़िंदगी को बेहतर बनाने का काम किया, उनकी नीतियों से प्रभावित होकर आप में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर आतिशी ने कहा कि एक वकील जब अपने पहले दिन से वकालत की शुरुआत करता है तो उसकी शुरुआत वो देश के संविधान के साथ करता है, जो देश के सभी लोगों को बराबर का अधिकार देती है। जब भी किसी व्यक्ति के किसी अधिकार का हनन होता है तो उसके अधिकार को बचाने की ज़िम्मेदारी वकीलों की होती है। और वकील साथी रोज़ आम लोगों के हक की, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वकील साथी बेहतर जानते है कि यदि इस देश में संविधान नहीं बचेगा तो लोगों के पास उनका अधिकार नहीं बचेगा। ऐसे में मेरा आग्रह है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में देश के संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताये। आप में शामिल होने वाले मुख्य वकीलों में दिल्ली बार एसोसिएशन - तीस हजारी से सुषमा त्यागी और नीलम सिंह, पूर्व एजीएम अरुण गुप्ता, साकेत बार एसोसिएशन के सदस्य शोएब चौधरी और बबीता भारद्वाज वहीं रोहिणी बार एसोसिएशन के सदस्य अमित गोस्वामी और प्रिंस शर्मा एडवोकेट शामिल हैं।

## डीएमआरसी ने शुरू किया चार दिवसीय सशक्त बचपन क्रिकेट टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बच्चों में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को सशक्त बचपन नाम से चार दिवसीय क्रिकेट महोत्सव की शुरूआत की है। इस बारे में डीएमआरसी ने जानकारी दी है कि 19 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में डीएमआरसी महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपनी तरह का पहला टूर्नामेंट है जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में विभिन्न पृष्ठभूमियों और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के बच्चों के भाग लेने के साथ, यह टूर्नामेंट टीम वर्क और खेल कौशल के लिए एक मंच बनने का वादा करता है।

## पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए लोग

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार से लोग लगातार जुड़ रहे हैं। भाजपा परिवार लगातार बड़ा हो रहा है। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में फजीलत बेगम, आरती युवराज सिंह, सुमित शौकीन, महेन्द्र पासवान, सुभाष मंगो, युगदीप सोलंकी, फरीद शाह, सत्यवती चौहान, रमेश चौहान, श्याम शर्मा, संगीता बजाज, संजय बजाज ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सचदेवा ने कहा कि भाजपा परिवार में इन सभी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनवाएंगे। साथ ही 2025 में दिल्ली की सत्ता से केजरीवाल सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प भी लिया गया।

# गंगा आरती की तर्ज पर यमुना आरती का शुभारंभ



- बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अथक प्रयास से मां यमुना स्वच्छता अभियान के द्वारा यमुना घाटों की साफ सफाई और यमुना किनारे बनाए गए भव्य वासुदेव घाट पर अब सप्ताह में दो बार मां यमुना आरती का भव्य आयोजन बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल द्वारा संचालित किया जाएगा। सभा के प्रधान संजय सिंघल ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सप्ताह में दो बार (रविवार और मंगलवार) को वासुदेव घाट पर परंपरागत रूप से मां यमुना जी की आरती की जाएगी। सभा के महासचिव सुमन कुमार गुप्ता ने बताया कि मां यमुना की साफ सफाई और पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा, जिससे की यमुना के स्वरूप को विशाल रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सभा द्वारा जारी निर्णय के अनुसार सूर्य अस्तांचल के समय पर ब्राह्मण पुजारियों के माध्यम से मां यमुना का पूजन और आरती की जाएगी। उन्होंने कहा कि यमुना भक्त इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आरती की शुरुआत के अवसर पर बड़ी संख्या में यमुना भक्त वासुदेव घाट पर एकत्रित हुए और पुष्पवर्षा कर मां यमुना का आशीर्वाद लिया।

## अर्थ आवर-डे के अवसर पर बीएसईएस की अपील 23 मार्च को एक घंटे बंद रखे बिजली

**नई दिल्ली।** निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अर्थ आवर-डे के अवसर पर 23 मार्च को रात के समय एक घंटे बिजली बंद रखे। इस बारे में कंपनी प्रवक्ता सीपी कामत ने बताया कि अर्थ आवर-डे, डब्लूडब्लूएफ (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर/ वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) का एक वार्षिक कार्यक्रम है। जिसके तहत दुनियाभर के लोगों से अपील की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, अपने घरों और कार्यस्थलों पर गैर जरूरी लाइट्स और बिजली चालित उपकरणों को तय समय के दौरान बंद रखें। इसी के तहत बीएसईएस अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने कार्यालयों आदि में बिजली बंद रखती है और उपभोक्तओं को भी ऐसा करने के लिए हर संभव प्रयास व जागरूक करती है। कामत ने बताया कि बीएसईएस ने अपने 50 लाख से अधिक ग्राहकों और 2 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं से अपील है कि शनिवार यानी 23 मार्च 2024 रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक सभी अपने घरों व कार्यालयों आदि की लाइट्स बंद रखें।






# ट्रांसजेंडर को रोजगार के अवसर मुहैया कराएगा राष्ट्रीय ट्रांस रोजगार मेला

ट्रांस रोजगार मेला सिर्फ एक और नौकरी मेला नहीं है। यह अधिक समावेशी समाज बनाने के सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राष्ट्रीय ट्रांस रोजगार मेला 2024 में ट्रांसजेंडर को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। ट्वीट फाउंडेशन और इन हार्मनी ट्रांस के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस (एनआईएसडी) के साथ साझेदार है। ट्रांस रोजगार मेला सिर्फ एक और नौकरी मेला नहीं है। यह अधिक समावेशी समाज बनाने के सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।




## सामाजिक अस्वीकृति को तोड़ने बनाना होगा इन्हें सशक्त

### पहले संस्करण में 58 ट्रांसजेंडरों को कंपनियों में मिली थी नौकरी

एनआईएसडी के निदेशक डॉ. आर. गिरिराज ने कहा कि राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर रोजगार मेला के भीतर विविधता को बढ़ावा देने के हमारे निरंतर प्रयास में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ट्वीट फाउंडेशन और इन हार्मनी के साथ इस संयुक्त पहल के माध्यम से हमने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। मेले पहले संस्करण में 58 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों ने समावेशी कंपनियों में नौकरियां हासिल कीं। इस वर्ष, मेले का लक्ष्य निजी, सरकारी, अंतर्राष्ट्रीय और द्विपक्षीय संस्थाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के संगठनों को एक साथ लाना है। कार्यक्रम का मुख्य फोकस ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की रोजगार आवश्यकताओं पर कॉर्पोरेट जगत को संवेदनशील बनाना और पूरे भारत में कॉर्पोरेट क्षेत्र में ट्रांस रोजगार में वृद्धि के माध्यम से विविधता और समावेशन अंतराल को पाटना है। वहीं ट्वीट फाउंडेशन की सह-सीईओ माया अवस्थी ने कहा कि आर्थिक गतिविधियों से ट्रांसजेंडर बहिष्कार और सामाजिक अस्वीकृति के चलते युवा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को बाधाओं को तोड़ने के लिए उन्हें सशक्त बनाना होगा। यह मेला प्रत्येक ट्रांसजेंडर व्यक्ति को सम्मानजनक रोजगार मुहैया कराएगा।

### 800 से अधिक आवेदन आने की उम्मीद

इन हार्मनी की संस्थापक अनुपमा ईश्वरन ने कहा कि कंपनियों को शिक्षा और अनुभव के अंतर को पाटते हुए, ट्रांसजेंडर की प्रतिभा के अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। पब्लिसिस सेपिएंट की वरिष्ठ निदेशक ने कहा कि ट्रांस समुदाय को लंबे समय से समान शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा है। ट्रांस रोजगार मेला जैसी पहल उनकी सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ट्रांस रोजगार मेले के दूसरे संस्करण में 800 से अधिक आवेदन आने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### तारा नेत्रालय द्वारा नि:शुल्क शिविर



**फरीदाबाद।** तारा नेत्रालय द्वारा डबुआ कालोनी के स्थित सोनी पब्लिक स्कूल व जैन कॉन्वेंट स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में नेत्र जांच, दवाईयों, चश्मे मुफ्त दिए गए। इस कैंप से लगभग 613 लोगों ने आंखों की जांच कराई व 32 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। उनका तारा नेत्रालय द्वारा निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।

### विहिप ने लगाया मुफ्त चिकित्सा शिविर



**गाजियाबाद।** विजयनगर प्रखंड विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सेंट्रल पार्क के ब्लॉक में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें गाजियाबाद के प्रतिष्ठित नवीन अस्पताल एवं मेदांता आई अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों के द्वारा स्थानीय लोगों का चिकित्सा परीक्षण किया गया एवं रोग अनुसार रोग निदान के लिए दवाइयां भी वितरित की गई।

### हिंडन एयरपोर्ट से टिकट की बुकिंग शुरू की गई



**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से जालंधर के आदमपुर के लिए टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है। स्टार एयर एयरलाइंस की वेबसाइट या यूपीआइ से टिकट बुक कर सकते हैं। 31 मार्च को आदमपुर के लिए पहली फ्लाइट शुरू होगी। स्टार एयर एयरलाइंस कंपनी इस फ्लाइट को शुरू कर रही है। सबसे पहले सुबह 7:15 बजे से बेंगलुरु (कर्नाटक) से नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए फ्लाइट उड़ेगी, जो सुबह 8:35 पर नांदेड़ पहुंचाएगी।

### सबसे अधिक 104 वर्षीय बोहती देवी का निधन

**फरीदाबाद।** गांव झाडसैंतली की 104 वर्षीय बोहती देवी का निधन हो गया। बोहती अपने आस-पास के कई गांवों में सबसे ज्यादा उम्र की थीं। उनके पांच पुत्र व दो बेटियां है। उनके पुत्रों में सबसे बड़े पुत्र मास्टर हरी राम हुए व समाजसेवी डॉक्टर जिले सिंह डागर के अलावा उनके तीन पुत्र व भरा पूरा परिवार है। डागर ने बताया कि माताजी कई गांव में सबसे ज्यादा उम्र की थीं।



### तेज रफ्तार वाहन ने को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से कंपनी कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। गनपत कुमार ने कहा कि उसके पिता बिरजू लाल गुप्ता एक कंपनी में काम करते थे। वे डयूटी के बाद घर की ओर आ रहे थे।

## कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

# सीमा त्रिखा शिक्षक से पार्षद, विधायक और अब बनीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार

हरियाणा सरकार में बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिए जाने पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है। त्रिखा पिछली मनोहर सरकार में मुख्य संसदीय सचिव हरियाणा रह चुकी हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में आज बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है। त्रिखा पिछली मनोहर सरकार में मुख्य संसदीय सचिव हरियाणा भी रह चुकी है। जैसे ही आज उन्होंने चंडीगढ़ के राज भवन में शपथ ग्रहण की। वैसे ही उनके निवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया। ढोल-नंगाड़ों की थाप पर लोग नाच-गाकर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। जगह-जगह उनके समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश प्रभारी विप्लब देव, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार जताया।

**खास बातें**

- 2005 में फरीदाबाद नगर निगम की पार्षद चुनी गई थीं
- जिला भाजपा महिला मोर्चा का अध्यक्ष रहीं



### भाई ने कहा- बहन की परिश्रम का फल

इस अवसर पर उनके भाई मनोज उर्फ मनु मल्होत्रा ने कहा कि उनकी बहन का जनता के प्रति तपस्या व पार्टी के लिए समर्पण के चलते उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में फल मिला है। उन्होंने कहा कि यह पद जनता का है। विधायक सीमा त्रिखा ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने पर भाजपा हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि जो भरोसा संगठन ने उन पर जताया है और जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उसे वह जनता के बीच में रहकर सक्रिय रूप से निभाएंगी।

### संघ से जुड़े हुए थे त्रिखा के पिता

विधायक सीमा त्रिखा का जन्म एक साधारण परिवार में 31 अगस्त 1968 को हुआ। उनके पिता एक ट्रांसपोर्ट थे और संघ से जुड़े हुए थे। अपने माता-पिता के आदर्शों पर चलते हुए उन्होंने अपने पति अश्विनी त्रिखा एडवोकेट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जन सेवा में लगी रहीं। जिसका परिणाम स्वरूप वह 2005 में फरीदाबाद नगर निगम की पार्षद चुनी गई। इसके बाद भाजपा में शामिल हुईं। उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें संगठन ने जिला भाजपा महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया। उसके बाद भाजपा में फरीदाबाद की जिला महामंत्री रही। 2009 में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के सामने भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और चुनाव में पराजित हुई। मगर उन्होंने हौंसला नहीं हारा और जनता के बीच में कार्य करते हुए भाजपा ने वर्ष 2014 में फिर से उन्हें अपना प्रत्याशी बनाकर बड़खल विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेता चौ. महेंद्र प्रताप सिंह को पराजित कर हरियाणा विधानसभा में कदम रखा। इसके बाद उन्हें सरकार में मुख्य संसदीय सचिव का दायित्व मिला। 2019 में उन्हें तीसरी बार भाजपा की टिकट पर बड़खल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह को पराजित कर दूसरी बार विधायक बनी। इसके अलावा विधानसभा की कमेटियों में चेयरमैन के अलावा विभिन्न पदों पर रही। उन्होंने हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ ली।

## भाजपा नेता दीपक डागर ने किया

# लोहागढ़ केसरी का खिताब जीतने वाले मोहित का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पृथला क्षेत्र के गांव फतेहपुर बिल्लौच निवासी पहलवान सुंदर के बेटे मोहित फौगाट द्वारा लोहागढ़ केसरी का खिताब जीतने पर उनका आज गांव पहुंचने पर भाजपा नेता दीपक डागर व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जहां रोड शो निकालकर ढोल नगाड़ों की थाप पर पूरे गांव में मोहित फौगाट का जगह-जगह स्वागत किया गया वहीं बुजुर्गो ने उन्हें आर्शीवाद देकर उनकी हौंसला अफजाई की।

### पिता भी पहलवान हैं

अपने पिता सुंदर पहलवान और चाचा धरमू की मेहनत और संघर्ष की बदौलत मोहित ने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने मोहित को आर्शीवाद देते हुए कहा कि भविष्य में इसी प्रकार अपनी मेहनत और जीजीभिषा की बदौलत अपने गांव, जिले व प्रदेश का नाम विदेशों में भी रोशन करें, ऐसी कामना ईश्वर से करते है। इस मौके पर सुंदर पहलवान, धरमू फौगाट, गरीब चंद, प्रवीण, लीलू कोच सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### छुपी प्रतिभाओं को मिल रहा मंच

दीपक डागर ने मोहित फौगाट की इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने अपनी प्रतिभा से न केवल अपने गांव बल्कि जिले व हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की बेहतर खेल नीति का ही परिणाम है कि गांवों में छुपी प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध हो रहा है, जिसकी बदौलत वह अपना और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। डागर ने कहा कि मोहित फौगाट को हाल ही में लोहागढ़ केसरी का खिताब मिला है, जबकि इससे पूर्व वह भारत केसरी, बृज केसरी, राजा सूरजमल केसरी और दो बार फरीदाबाद केसरी का सम्मान हासिल कर चुके है।

# सिटी फारेस्ट के पास कपड़ा गोदाम में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

सिटी फारेस्ट इलाके के एक कपड़ा गोदाम में भीषण आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फ़ायर स्टेशन कोतवाली पर कॉलर कृष्णलाल ने सूचना दी कि ए -1 शाही एनक्लेव सिटी फॉरेस्ट के सामने कटे बेकार पड़े कपड़े के गोदाम में आग गई है। सूचना पर एफएसओ सहित 4 फायर टैंकर घटनास्थल के लिए प्रस्थान हुए घटनास्थल पर पहुंचे। वहां देखा कि कटे हुए कपड़े गोदाम में आग जल रही थी। फायर सर्विस यूनिट ने शीघ्रता से होज पाईप लाईन विछाकर आग बुझाना शुरू किया आग की विकरालता को देख कर सी एफ ओ गाजियाबाद के से फायर स्टेशन वैशाली से फायर टेंडर की मांग की गई। फायर सर्विस यूनिट के द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझा लिया गया था। कबाड़ गोदाम के मालिक दो थे। जिनके पास-पास बेकार कपड़े का काम करते थे। जिनका नाम कृष्ण लाल व खड़क सिंह के प्लॉट थे घटनास्थल कोई जनहानि नहीं हुई।

## होली पर्व पर इस्तेमाल होने वाले पदार्थों पर

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

खाद्य सुरक्षा होली पर्व पर इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थो मे मिलावट की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया है। इसी के मद्देनजर कई मिठाई की दुकानों व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एनएन झा के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने खाद्य कारोबारियों जैसे सिंघल स्वीट्स, गोवन्दिपुरम, , महागणेश किराना स्टोर, गोविन्दपुरम , आर्डिनेस फैक्ट्री, मुरादनगर, , मोदीनगर व मुरादनगर , परम्परा स्वीट्स, राजनगर, एक्सटेंशन, , पूजा जनरल स्टोर, राकेश मार्ग, गाजियाबाद, वसुन्धरा व वैशाली, , मेट्रो मॉल, सिंघल स्वीट्स, महेन्द्रा,



, अग्रवाल स्वीट्स, गोविन्दपुरम, से खाद्य पदार्थो-छेना स्वीट्स, बेसन, रंगीन कचरी, खोया, कलाकन्द, फ्लेवर्ड मिल्क, रसभरी, छेना टोस्ट, नमकीन, कलर्ड कचरी, मिल्क, पनीर-3, खोया 2, घी, बेसन, पापड, हल्दी पाउडर, कचरी, पनीर, आलू भुजिया, काजू बादाम नमकीन, नमकीन के नमूनें संकलित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों विजय कुमार, मीरा सिंह, जयपाल सिंह, निधि रानी आदि शामिल रहे।

डीसी ने दिए होर्डिंग पर चुनाव प्रचार करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई के निर्देश

# भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार नोटिस देकर जुर्माना भी लगाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि विभिन्न विभागों की होर्डिंग साइटों पर चुनाव प्रचार-प्रसार करने वाले के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार होर्डिंग लगाने वाले को नोटिस देकर उसको जुर्माना करना सुनिश्चित करें। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी नोडल अधिकारी अपने अपने दायित्व और जिम्मेवारियां को अपडेट रखें। लॉ एण्ड ऑर्डर से संबंधित रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय भेजें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश के साथ जिला फरीदाबाद में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसका पालन करना सभी के लिए जरूरी है। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्रवाई करें।

### नोडल अधिकारी किए नियुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने नोडल ऑफिसर फॉर कंप्यूटराइजेशन साइबर सिक्योरिटी एंड आईटी कमिश्नर एमसीएफ स्वप्निल रविंद्र पाटिल व एडीआईओ विपिन कुमार को, नोडल अधिकारी टू स्वीप एडीसी आनंद कुमार शर्मा को, नोडल अधिकारी फॉर लॉ एंड ऑर्डर वीएम एंड सिक्योरिटी प्लान मिस डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर को नियुक्त किया गया है।

मंडल की ओर से धार्मिक आयोजनों को दिया जा रहा बढ़ावा

# श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल ने विधायक को दिया स्मृति चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव का स्मृति चिन्ह सौंपने के लिए श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की टीम विधायक सुधीर सिंगला के आवास पर पहुंची। श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल पदाधिकारियों में संरक्षक सुनील सिंगला, प्रधान राजकुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष सचिन मित्तल, पूर्व प्रधान विष्णु मंगला, मदन गोपाल सिंगला, गजराज, अमित गोयल, विवेक सिंगला ने विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह सौंपा।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल धर्म के प्रचार के लिए वर्षों से कार्यरत है। हर साल श्याम बाबा का भव्य बसंत



महोत्सव आयोजित करके गुरुग्राम में धर्म को बढ़ावा मंडल की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने तीज-त्योहार मनाने और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए श्री खाटू श्याम प्रचार लगातार कार्यरत रहता है। सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने का काम संस्था की ओर से किया जाता है।

विधायक ने कहा कि समाज में हर तरह से सेवा कार्यों को प्रचार मंडल बढ़ावा देता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि बाबा श्याम के फाल्गुनी मेला चल रहा है। मेले में श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए गुरुग्राम समेत देशभर से लाखों श्रद्धालु रोजाना दर्शन करते हैं। सभी श्रद्धालु मेला प्रबंधन द्वारा बताए जा रहे नियमों का पालन करें। अपने शहर का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने सभी को श्याम बाबा के फाल्गुनी मेले की बधाई दी।

## महिला साथी के जरिए सुनार के पास बेचा सामान

# लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो लुटेरे व सामान खरीदने वाला सुनार हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना इंदिरापुरम पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट का सामान खरीदने वाले सुनार को भी पकड़ा है। उनके कब्जे से 1 चैन पीली धातू, 4 कानों की बाली पीली धातू , लूट के सामान को बेचकर प्राप्त किये गये 42 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त चोरी की 2 मोटरसाइकिल बरामद हुए है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर लूट व चोरी की घटना करने



वाले नकीब उर्फ हाशिम निवासी खोडा कालोनी लोकप्रिय विहार गली,शान मोहम्मद शौकीन निवासी खोडा कालोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट व चोरी का सामान खरीदने वाले (सुनार) अफसर मलिक निवासी शनि बाजार चौक अकबरपुर बहरामपुर राहुल विहार थाना विजयनगर को बिजली घर तिराहे सैक्टर 19 वसुंधरा के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

### 10 फरवरी को लूट की घटना को दिया था अंजाम

पूछताछ में पता चला कि नकीब उर्फ हाशिम व शान मोहम्मद लूट करने के अभयस्त अपराधी है। जिनके द्वारा पूर्व में भी कई घटनाएं की गई है। इन्होंने 24 नवंबर को प्रहलादगढ़ी क्षेत्र से व 10 फरवरी को शक्तिखण्ड में महिला से लूट की घटना अंजाम दिया था व 4 मार्च को वसुंधरा क्षेत्र से एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो जाना स्वीकार किया। लूट से बरामद सामान को ये लोग अपनी महिला साथी के माध्यम से खोडा में रहने वाले सुनार को बेच दिया करते थे तथा आपस मे पैसें बाटकर खर्च कर दिया करते थे। आरोपी सुनार ने बताया कि लूटे गए सामानों को महिला मेरे पास लाती थी जो मुझे सस्ती मिल जाती थी। उस सोने के सामान को गलाकर मैं दूसरा आभूषण बना लिया करता था।

### 95 लाख के अंदर पूरा होगा लोकसभा चुनाव

# स्टार प्रचारकों के दौरे और सभाओं का खर्च भी प्रचार अभियान के बजट में होगा शामिल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के संग्राम का बिगुल बज चुका है। न सिर्फ राजनीतिक पार्टियों बल्कि चुनाव आयोग की भी तैयारियां जोरों पर हैं। लोकसभा को सबसे अधिक सांसद देने वाले यूपी में चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया और प्रचार की हिदायतें जारी की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी निर्देश पत्र में लोकसभा चुनावों में प्रचार खर्च की सीमा 95 लाख रुपए तय की गई है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी यानी सीईओ नवदीप रिनवा ने लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को निर्देश जारी किए हैं। सीईओ ने राजनीतिक दलों को रैलियों और जुलूसों के लिए आयोग से पूर्व अनुमति लेने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग की टीम 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सभा समारोह स्थलों की बुकिंग को हरी झंडी देगी।

**खास बातें**

- 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सभा समारोह स्थलों की बुकिंग होगी
- विधानसभा चुनाव खर्च की सीमा 40 लाख रुपए
- एक सप्ताह के भीतर स्टार प्रचारकों की सूची दें
- शपथ पत्र में उम्मीदवारों को सोशल मीडिया की जानकारी देनी होगी

## यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश जारी

### प्रचार खर्च की सीमा तय

नवदीप रिनवा की ओर से जारी निर्देश पत्र के मुताबिक लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार खर्च की सीमा 95 लाख रुपए और विधानसभा चुनावों के लिए 40 लाख रुपए तय है। उम्मीदवारों को 10,000 रुपए से अधिक का लेनदेन बैंकों के माध्यम से करने का भी स्पष्ट निर्देश दिया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक पार्टियों को एक सप्ताह के भीतर स्टार प्रचारकों की सूची जमा करने का आदेश दिया गया है। इसमें उनके दौरे और सभाओं के खर्च को प्रचार अभियान के बजट में शामिल किया जाएगा।



### रैलियों और जुलूसों के लिए लेनी होगी अनुमति

इतना ही नहीं रैलियों, जुलूसों और सार्वजनिक बैठकों सभाओं सहित विभिन्न अभियान गतिविधियों के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की अनुमति अब अनिवार्य होगी। राजनीतिक दलों को प्रचार वाहनों और सहयोगियों, जुलूसों और सार्वजनिक बैठकों सहित विभिन्न अभियान गतिविधियों के इस्तेमाल के लिए रिटर्निंग अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ जमा किए गए शपथ पत्र में अपनी ई-मेल आईडी और सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी भी देनी होगी।

### ऊंची इमारतों व गेट वाली कॉलोनियों में होंगे मतदान केंद्र

नवदीप रिनवा ने कहा कि राज्य में ऊंचे अपॉर्टमेंट परिसरों और गेट वाली कॉलोनियों के अंदर मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। हमने ऐसे 217 अपॉर्टमेंट परिसरों और कॉलोनियों की पहचान की है। इनमें दादरी में 68, नोएडा में 67, साहिबाबाद में 37, मुरादनगर में 8 और लोनी, गाजियाबाद और बख्शी-का-तालाब में सात-सात हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 82 हजार मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की सुविधा होगी। सभी मतदान केंद्र भूतल पर ही बनाए जाएंगे। व्हीलचेयर, विकलांग मतदाताओं के लिए रैंप, शौचालय, पर्याप्त रोशनी, पीने के पानी व मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। रिनवा ने कहा कि हमने यह प्रयास किया है कि किसी भी मतदाता को वोट डालने के लिए दो किमी से अधिक की यात्रा न करनी पड़े।

---

**खबर संक्षेप**

### झारखंड की गृह सचिव बनीं वंदना दादेल



**रांची।** झारखंड सरकार ने निर्वाचन आयोग (ईसी) के निर्देश के बाद मंगलवार को वंदना दादेल को गृह सचिव नियुक्त किया। ईसी ने सोमवार को झारखंड के गृह सचिव अरवा राजकमल को लोकसभा चुनाव की समाप्ति तक तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया था। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, 'झारखंड में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में प्रधान सचिव के रूप में तैनात वंदना दादेल को अगले आदेश तक गृह एवं कारागार के मुख्य सचिव का पदभार सौंपा गया है।'

### कार के अंदर रखे बोरे में मिले डेढ़ करोड़ रुपए



**बागपत।** बागपत में हरियाणा बॉर्डर की निवाड़ा पुलिस चौकी पर चेकिंग के दौरान पुलिस व फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम ने कार से डेढ़ करोड़ रुपए बरामद किए। जिनको जब्त कर लिया गया और मेरठ की आयकर विभाग की टीम को सौंप दिया गया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया आयकर विभाग की टीम रुपयों को लेकर जांच कर रही है।

### यूपी में लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर भाजपा और कांग्रेस में चल रहा मंथन

# एक-दो दिन में जारी हो सकती है प्रत्याशियों की सूची, कई दिग्गजों पर खतरा मंडरा रहा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नामों की भाजपा और कांग्रेस जल्द ही घोषणा कर सकती है। नई दिल्ली में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने केंद्रीय चुनाव समिति के सामने संभावित उम्मीदवारों की सूची पर मंथन किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा उम्मीदवारों की दूसरी सूची पर मंथन के लिए दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक 18 मार्च को आहूत की गई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सीएम योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और यूपी के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा भी शामिल रहे। गौरतलब है कि यूपी में लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं जिसमें से भाजपा 75 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी, शेष 5 सीटें गठबंधन के खाते में गई हैं। भाजपा पहली सूची में यूपी के लिए अब तक 51 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। बैठक में बाकी 24 सीटों पर उम्मीदवारों का नाम तय किए गए हैं।

भाजपा केंद्रीय चुनाव कमेटी की बैठक में इस पर मुहर लगने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि एक या दो दिन में सूची जारी हो सकती है। बैठक में उन सीटों पर चर्चा हुई है, जिस पर अभी विपक्ष का कब्जा है या जहां भाजपा को चुनौती मिलने की उम्मीद है। भाजपा अभी उन सीटों पर भी अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं कर पाई है, जो मुलायम सिंह यादव के परिवार का गढ़ रही हैं।



फाईल फोटो

**24 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के नामों की करेगी घोषणा**

### इनका कट सकता है टिकट

भाजपा की आगामी सूची में यूपी के कई दिग्गजों के टिकट कट सकते हैं। उनमें से मेनका गांधी, वरुण गांधी, कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह, गाजियाबाद से वीके सिंह की सीट और बदायू से स्वामी प्रसाद मौर्या की बेटी संघमित्र मौर्या का टिकट काटा जा सकता है। ये वो दिग्गज है, जिनकी सीट पर फिलहाल संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसा तय माना जा रहा है कि इस बार भाजपा इनके टिकट को बदल सकती है।

### अपर्णा के नाम की चर्चा

सूत्रों के अनुसार भाजपा अपर्णा यादव को मैनपुरी सीट से मैदान में उतार सकती है। मैनपुरी सीट पर सपा अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैदान में उतारने का ऐलान कर चुकी है और अगर अपर्णा को भाजपा टिकट देती है तो मुलायम परिवार की दो बहुओं के बीच में मैनपुरी सीट पर टक्कर देखने को मिल सकती है। इस बात के आसार और कयास तब से लगने शुरू हो गए, जब अपर्णा ने एक हफ्ते पहले सीएम योगी उनके सरकारी निवास पर अपने भाई अमन बिष्ट के साथ मुलाकात की।

### कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में यूपी उम्मीदवारों पर चर्चा



लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस यूपी के प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में मंगलवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव घोषणा पत्र पर विचार किया गया। साथ ही यूपी के लोकसभा उम्मीदवारों की संभावित सूची पर विचार-विमर्श हुआ। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। बैठक में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को लेकर मुहर लग सकती है। गौरतलब है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 82 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में राहुल गांधी का नाम भी शामिल था जो केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### वरुण गांधी के टिकट पर अखिलेश ने

## साफ तौर पर नहीं किया इंकार बोले- संगठन करेगा निर्णय



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी का भाजाप से टिकट कटना तय माना जा रहा है। ऐसे में अब उनका सपा के टिकट पर उतरने की चर्चा है। इस चर्चा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा संगठन इस बारे में निर्णय लेगा। अखिलेश यादव का वरुण को लेकर किसी तरह का इनकार नहीं करने से साफ हो गया है कि अगर भाजपा से टिकट नहीं मिला और उनकी इच्छा हुई तो सपा उन्हें मैदान में उतार सकती है। अगर ऐसे हुआ तो पहली बार राहुल गांधी और वरुण गांधी एक मंच पर नजर आ सकते हैं।

लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा सांसद वरुण गांधी के सवाल पर कहा कि उनके बारे में हमारा संगठन निर्णय लेगा। हालांकि सपा में अखिलेश का ही फैसला अंतिम फैसला होता है। ऐसे में संगठन फैसला लेगा कहकर अखिलेश ने वरुण की सपा में एंट्री का रास्ता भी साफ कर दिया है।

### चुनाव आयोग पर भरोसा, भाजपा पर नहीं

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं है। केंद्र सरकार संस्थाएं कमजोर कर रही है और जब संस्थाएं कमजोर होंगी तब लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। युवाओं और बेरोजगारों का मामला उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सुनने मे आ रहा है कि सरकार ने और भी भर्तियां कैंसल कर दी है। यूपी में 60 लाख नौजवान का भविष्य अंधकार में चला गया और अगर इनके परिवार वालों ने भी भाजपा का बहिष्कार कर दिया तो भाजपा का सफाया होगा और यूपी में हर लोकसभा में भाजपा के सवा दो लाख वोट कम हो जाएंगे।

### छोटे व्यापारियों को ऋण नहीं दे रहे

अखिलेश ने कहा कि छोटे व्यापारियों को लोन नहीं दिया जा रहा लेकिन बड़े उद्योगपतियों के 15 लाख करोड़ माफ़ कर दिए गए। हम इलेक्टोरल बॉन्ड को वसूली मानते हैं। चंदे के नाम पर वसूली से साफ हो गया कि पैकेज लीजिए तो जांच एजेंसी वापस चली जाएगी। भाजपा के पास इस वसूली का जवाब नहीं है। सपा छोड़कर भाजपा में जाने वाले नेताओं के बारे में अखिलेश ने कहा कि उन लोगों के ऊपर भाजपा ने दबाव बनाया है, इसलिए वे भाजपा में शामिल हुए।

---

## पेज एक का शेष

### जहां भी जरूरत पड़ी...

व्यय पर्यवेक्षक, सहायक व्यय पर्यवेक्षक, फ्लाइंग स्क्वाड (एफएस), स्टेटिक निगरानी टीम (एसएसटी), वीडियो निगरानी टीम (वीएसटी), वीडियो देखने वाली टीम (वीवीटी), लेखा टीम (एटी), मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) और जिला व्यय निगरानी समिति (डीईएमसी) का गठन किया गया है। इनके साथ विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी रहेगी। इनमें राज्य पुलिस विभाग, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, आयकर विभाग, एफआईयू-आईएनडी, सीबीआईसी, डीआरआई, सीजीएसटी, एसजीएसटी, राज्य वाणिज्यिक विभाग, ईडी, एनसीबी, सीआईएसएफ, आरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, असम, राइफल्स, आईसीजी, डाक विभाग, बीसीएएस, एएआई, आरबीआई, एसएलबीसी और राज्य वन विभाग शामिल हैं।

### एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स...

करने के लिए खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इसके लिए ऐसे नियंत्रण कक्ष और शिकायत निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान 24 घंटे कार्यरत रहेंगे।

### शिवपुरी के स्कूल ...

मांगी गई है। इस मामले में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से बात की। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द से जल्द तहकीकात कर हमारी बेटी को वापस लाए। पीड़ित बच्ची के पिता से भी मंत्री सिंधिया ने फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि बेटी को वापस लाना अब मेरी जिम्मेदारी है। वह आपकी बेटी नहीं, मेरी भी बेटी है। छात्रा के पिता रघुवीर धाकड़ शिवपुरी के बैराड़ थाना क्षेत्र में रहते हैं। कोटा पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस मंगलवार सुबह रघुवीर को कोचिंग इंस्टीट्यूट लेकर गई है। इंस्टीट्यूट ने छात्रा का रजिस्ट्रेशन होने से इनकार किया है। अब पुलिस पिता और इंस्टीट्यूट वालों से आमने-सामने बात करेगी। रघुवीर ने पुलिस को बताया कि बेटी को सितंबर 2023 में कोटा छोड़कर गए थे। विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक कोचिंग संस्थान में उसका एडमिशन करवाया था। इसी इलाके में उसे रूम भी दिलवाया था। आखिरी बार बेटी दीपावली पर घर आई थी। उससे रोज फोन पर बात होती थी। रविवार रात को भी बेटी की उसकी मां से बात हुई थी। तब उसने एग्जाम देकर आने की बात कही थी। इस मामले में कोटा पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। कोटा शहर एसपी अमृता दुहान ने बताया कि पुलिस टीमों का गठन किया गया है। मामले की जांच की जा रही हैं। सोमवार देर रात घरवाले कोटा पहुंचे हैं। जयपुर के सिंधी कैंप से एक युवक को राउंड अप भी किया गया है। उससे पुलिस जानकारी जुटा रही है। इधर, शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौड़ ने मामले में जांच की बात कही है।

### फिरौती मांगने वाले ...

भेजने वाले ने बैंक खाते की डिटेल भी भेजी। इसमें अकाउंट नंबर 1859010019355 और आईएफएसई कोड BARB0TRANSP भी है। उसने सोमवार शाम तक रुपए जमा करने को कहा है। पिता ने इतने रुपए नहीं होने और बंदोबस्त करने का समय देने की बात कही तो मैसेज भेजने वाले ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी।

### इंदौर में मिल रही थी ...

थी। इसके बाद बेटी के नंबर पर अनुराग सोनी और हर्षित नाम के लड़कों से उसे धमकी मिलने लगी थी। तब मैंने बेटी को इंदौर से वापस शिवपुरी बुला लिया था। बेटी 6 महीने तक शिवपुरी में रही। इसके बाद उसे नीट की तैयारी के लिए कोटा भेज दिया था।

### नागरिकता देने...

करेगा। सीजेआई ने कहा कि उनके (केंद्र) पास (नागरिकता देने के लिए) बुनियादी ढांचा नहीं है। उन्हें त्रिस्तरीय कमेटी बनानी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को नागरिकता दी जाती है तो याचिकाकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की आजादी होगी। असम और त्रिपुरा से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों तरफ से दो-दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि अपनी मांग को लेकर संक्षिप्त नोट दाखिल करें जो 5 पेज से ज्यादा ना हो। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई 9 अप्रैल को करेगा।

### रायबरेली से नूपुर, मेरठ से...

लोकसभा सीट से सांसद रहीं संगीता आजाद को अगली सूची में जगह मिल सकती है। इसके अलावा पीलीभीत सांसद वरुण के बगावती तेवर को देखते हुए कयास लगाए लग रहे हैं कि इस बार उन्हें टिकट नहीं मिलेगा। उनकी जगह पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद का नाम चर्चा में है। मैनपुरी सीट पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, सहारनपुर सीट पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा और राघव लखनपाल के नाम पर चर्चा चल रही है। गाजियाबाद सीट से मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह के साथ-साथ अनिल अग्रवाल या अनिल जैन के नाम पर भी चर्चा हुई। चर्चित कैसरगंज लोकसभा सीट पर सूत्रों ने दावा किया है कि बृज भूषण सिंह की पत्नी केतकी देवी सिंह या बेटे करण भूषण सिंह चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा इलाहाबाद सीट पर पूर्व नौकरशाह संजय मिश्रा और योगी सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी की पत्नी अभिलाषा नदी का नाम भी चर्चा में है, जहां इस बार रीता बहुगुणा जोशी को टिकट मिलने की संभावना नहीं है। इसी तरह गाजीपुर से मनोज सिन्हा के बेटे अनुभव सिन्हा के नाम पर भी चर्चा है। एक अन्य महत्वपूर्ण सीट पर मौजूदा सांसद मेनका गांधी का टिकट कटने की संभावना है और सुल्तानपुर से सपा विधायक मनोज पांडे के नाम पर चर्चा चल रही है। देवरिया सीट से जोर आजमाइश कर रहे मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी को दोबारा मौका मिल सकता है। इसी तरह बलिया से नीरज शेखर या आनंद स्वरूप शुक्ल के नाम पर विचार किया गया है। कानपुर सीट से मौजूदा सांसद सत्यदेव पचौरी की बेटी नीतू सिंह और सतीश महाना के नाम पर चर्चा चल रही है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और लोक गायिका मालिनी अवस्थी के नाम भी चर्चा में हैं।

### संजय मुखर्जी को चुनाव ...

ने डीजीपी के तौर पर विवेक सहाय को नियुक्त किया लेकिन एक दिन बाद ही संजय मुखर्जी के नाम पर स्वीकृति दे दी। संजय मुखर्जी 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इसके पहले वह अग्निशमन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जब राजीव कुमार को बंगाल का डीजीपी बनाया गया था, तब संजय मुखर्जी भी डीजीपी बनने की दौड़ में थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ था। ममता बनर्जी ने कोलकाता के पूर्व कमिश्नर राजीव कुमार को डीजीपी नियुक्त कर दिया था। राजीव कुमार पश्चिम बंगाल के उन अधिकारियों में से गिने जाते हैं, जो ममता बनर्जी के बेहद खास माने जाते हैं। 2016 विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव आयोग ने उन्हें मैनेजमेंट संबंधी ड्यूटी से हटा दिया था। फरवरी 2019 में चिट फंड घोटाले को लेकर सीबीआई की टीम राजीव कुमार से पूछताछ के लिए उनके घर गई थी। उस दौरान काफी बवाल हुआ था। ममता बनर्जी ने सीबीआई के खिलाफ धरना भी दिया था। तब राजीव कुमार कोलकाता के पुलिस कमिश्नर थे।

### हेमंत की भाभी...

को नजरअंदाज किए जाने का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया है। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफा पत्र में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग मुहैया कराने में नाकाम रही। मैं सीता सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव एवं सक्रिय सदस्य वर्तमान विधायक हूं, आपके समक्ष अत्यंत दुखी हृदय के साथ अपना इस्तीफा प्रस्तुत कर रही हूं। उन्होंने कहा, मुझे मेरे तथा मेरे परिवार के खिलाफ रची जा रही एक साजिश का पता चला है। मेरे पास इस्तीफा देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा। जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि इस्तीफे के बारे में उन्होंने सुना जरूर है लेकिन आधिकारिक पत्र अभी उनके पास नहीं पहुंचा है। दरअसल हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन के तीन बेटों में दूसरे नंबर पर आते हैं। बड़े बेटे दुर्गा सोरेन का लगभग एक दशक पहले निधन हो गया है। हेमंत सोरेन से पहले दुर्गा सोरेन ही राजनीति में सक्रिय थे। हेमंत को 31 जनवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके बाद हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने की बात सामने आई थी लेकिन सीता सोरेन ने कल्पना को मुख्यमंत्री बनाने का विरोध किया था। ऐसे में चंपई सोरेन को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया।

### बेटी पिता के खाते ...

और मृतक की नाबालिग बेटी कटनी में देखे गए थे। पुलिस को जांच में यह पता चला है कि दोनों कटनी से पटना-पुणे ट्रेन में सवार हुए थे। पुणे पहुंचने के बाद संभवतः दोनों ने रेस्टोरेंट में खाना खाया। बिल का ऑनलाइन भुगतान किया है, मोबाइल बंद होने से पुलिस उन तक नहीं पहुंच पा रही है। जिस प्रकार के पैंतरे आरोपी अपना रहा है, उससे यह बात साफ होती जा रही है कि हत्याकांड को पूरी योजना के साथ अंजाम दिया गया है। शातिर वारदात के तीन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इधर, तफ्तीश के दौरान पुलिस को ये भी पता चला है कि नाबालिग ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर हत्या की साजिश 6 महीने पहले ही रच ली थी।

**बेटी को मोबाइल देने की गलती:** -29 सितंबर 2023 की शाम 5.30 जब राजकुमार ऑफिस से घर लौटे तो बेटी गायब थी। बेटा तनिष्क ही था। जब बेटी रात भर घर नहीं लौटी तो 30 सितंबर को उन्होंने सिविल लाइन्स में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब दो दिन बाद पकड़े गए तो पुलिस ने मुकुल को पॉक्सो एक्ट में जेल भेज दिया था। वहीं, नाबालिग की पिता राजकुमार ने पिटाई की थी और उसे पिपरिया भेज दिया था, लेकिन नाबालिग ने तय कर लिया था कि परीक्षा देने जब वो जबलपुर आएगी तो वापस पिपरिया नहीं लौटेगी। फिर, इसके लिए कुछ भी करना पड़े। राजकुमार ने बेटी को पिपरिया भेजा तो उसे मोबाइल भी दिया। वे उसका हाल-चाल जानना चाहते थे। मगर, नाबालिग इसके जरिए मुकुल के संपर्क में रही। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों की कॉल डिटेल से इस बात की पुष्टि हुई है दोनों रोज बातें करते थे। सिविल लाइन्स पुलिस थाने में दर्ज इस डबल मर्डर की एफआईआर के मुताबिक किशोरी ने प्रेमी मुकुल के साथ मिलकर पिता राजकुमार व भाई तनिष्क की हत्या 14 मार्च की रात 9.30 से 15 मार्च की सुबह 8.23 के बीच की है।

### लोकसभा चुनाव के...

(सीएसई) परीक्षा 2024 को स्थगित कर दिया गया था। अब यह परीक्षा 26 मई आयोजित न होकर 16 जून 2024 को संपन्न करवाई जाएगी। एग्जाम के लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ दिन पूर्व ऑनलाइन माध्यम से जारी कर दिए जाएंगे।

---

### श्री कृष्ण जन्मभूमि केसः मस्जिद कमेटी को झटका

# सुप्रीम कोर्ट से याचिक खारिज हाई कोर्ट में जारी रहेगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ मथुरा



मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी है। अब केस से जुड़े 15 मामलों की सुनवाई एक साथ हाई कोर्ट में होगी। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देकर याचिका दायर की थी। याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उन्होंने विवाद से जुड़े 15 मामलों का मुकदमा एक साथ जोड़कर चलाने के लिए कहा था।

### कोर्ट का बचेगा समय

कोर्ट का समय बचाने के लिए एक साथ इन मामलों की सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित 15 केस को जोड़ कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश के खिलाफ मुस्लिम पक्षों द्वारा दायर अपील का निपटारा किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि चुनौती के तहत आदेश को वापस लेने का एक आवेदन हाईकोर्ट के समक्ष लंबित है, इसलिए मस्जिद ट्रस्ट को पूर्व के नतीजे से असंतुष्ट होने पर वर्तमान अपील को फिर से शुरु करने की स्वतंत्रता दी गई है।

### चुनाव आयोग के साथ बनी रणनीति

# चुनाव से पहले नक्सलियों पर शिकंजा कसने की पूरी तैयारी

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चाईबासा में मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की। कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा, सरायकेला व जमशेदपुर के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने कहा कि तीनों जिला नक्सल प्रभावित हैं। खासकर चाईबासा जिला में नक्सल वाले क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान किस प्रकार कराया जाएगा। इसको लेकर जानकारी ली गई है।

### ड्रग्स कारोबारियों पर विशेष नजर

झारखंड के आईजी अमोल वीनुकांत होमकर ने कहा कि कोल्हान के तीनों जिला के पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी का जायजा लिया गया। केन्द्रीय सुरक्षा बल सीआरपीएफ, जिला पुलिस बम मिल कर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में भगोड़ा, अवैध शराब, ड्रग्स कारोबारों पर भी विशेष नजर है। खासकर जमशेदपुर क्षेत्र में ड्रग्स का कारोबार ज्यादा है। उस पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।




## उस्ताद भगत सिंह के साथ पर्दे पर धमाका करेंगे पवन कल्याण

**मुंबई।** पावरस्टार पवन कल्याण अभी अपने राजनीतिक कार्यों में व्यस्त हैं। वह पीठापुरम से विधायक के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, और जब से पवन कल्याण ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की घोषणा की है तब से चीजें वास्तव में गर्म हो गई हैं। लेकिन इसी बीच पवन कल्याण के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। बता दें कि साउथ के सुपर स्टार पवन कल्याण एक धमाकेदार फिल्म उस्ताद भगत सिंह के साथ फिर से बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए आ रहे है। फिल्म का पहला टीजर जारी कर दिया गया है। इसमें फुल एक्शन में पवन कल्याण नजर आ रहे हैं। पवन कल्याण के फैंस को अब इस फिल्म के रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार है।






## स्टेज से पिज्जा के लिए लगाई जंप

**मुंबई।** श्रद्धा का एक मजेदार वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें पिज्जा इंजॉय करते पपराजी के बीच वह जंप कर जाती हैं और उनसे एक पिज्जा उड़ाकर ले जाती हैं। वीडियो में भूखी श्रद्धा ग्लैमरस अंदाज में स्टेज पर दिख रही हैं और फिर अचानक उनकी नजर पपराजी पर पड़ती है, जो अपना स्नैक्स इंजॉय करते दिख रहे हैं। श्रद्धा उनसे पूछती हैं कि वो क्या खा रहे हैं। वह कहती दिख रही है कि मुझे बहुत भूख लगी है।






## मोस्ट अवेटेड फिल्म जेएनयू का टीजर रिलीज

**मुंबई।** इस साल की सबसे ज्यादा मोस्ट अवेटेड फिल्म जेएनयू का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में मुख्य किरदार में उर्वशी रौतेला व रवि किशन नजर आने वाले है। इस फिल्म की जब से घोषणा की गई थी लोगों को इसके टीजर का बेसब्री से इंतजार था। इसका निर्देशक विनय शर्मा ने किया है। JNU पर बनने जा रही फिल्म 5 अप्रैल को दर्शकों को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। फिल्म का धमाकेदार टीजर देखकर यही लगता है कि इस फिल्म को 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' के अंदर हो रहे राजनीति को मद्दे नजर रखते हुए बनाया गया है। इसमें छात्रों के उस चेहरे को दिखाया गया है, जो रोमांस से दूर राजनीति के बारे में सोचता है।



## टाइगर ने पुणे में खरीदी 7.5 करोड़ की प्रापर्टी, दी लीज पर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ ने हाल ही में 7.5 करोड़ रुपए में शानदार प्रॉपर्टी खरीदी है और ठीक उसी दिन एक्टर ने इसे लीज पर भी दे दिया। अब इस लीज वाले रकम से उन्हें हर महीने 3.5 लाख रुपए मिलेंगे और इसी के साथ हर साल रेंट में 5% की बढ़ोतरी भी होगी। टाइगर की ये नई प्रॉपर्टी पुणे स्थित रियल एस्टेट डिवेलपर पंचशील रियल्टी की है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने अपनी इस प्रॉपर्टी के लिए 52.5 लाख की स्टैंप ड्यूटी चुकाई है, जो करीब 4,248 स्क्वायर फुट में फैला है। बताया जा रहा है कि टाइगर की ये प्रॉपर्टी हड़पसर में मौजूद प्रीमियम यो पुणे प्रोजेक्ट का हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एग्रीमेंट में बताया गया है कि टाइगर ने अपनी ये प्रॉपर्टी को लीज़ पर दी है।

लाइफ Style



# समांथा

## वेबसीरीज में करेंगी डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समांथा रुथ प्रभु स्टारर वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर लंबे समय से चर्चाओं का बाजार गर्म चल रहा है। फैंस इस सीरीज को लेकर बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स की तरफ से सिटाडेल का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही सीरीज में वरुण और समांथा के किरादारों के नाम से भी पर्दा उठा दिया गया है।

प्रियंका चोपड़ा पॉपुलर हॉलीवुज स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल का हिंदी रुपातरंण में वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु नजर आने वाले हैं। ये पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार एक साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। काफी सालों से सिटाडेल की लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। इस बीच अब मेकर्स ने लेटेस्ट पोस्टर शेयर कर, इस चर्चा को थोड़ी और हवा दे दी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के आर यू रेडी ट्रेंड के तहत सिटाडेल के फर्स्ट लुक पोस्टर को इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है और वेब सीरीज की आधिकारिक घोषणा भी कर दी है।

इसके साथ ही सिटाडेल में वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु के किरदारों से भी पर्दा उठाया गया है। इसके अनुसार इस सीरीज में समांथा हनी और वरुण बनी का रोल प्ले करते दिखेंगे। इस पोस्टर ने सिटाडेल वेब सीरीज के लिए फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। बता दें कि सिटाडेल इन दोनों कलाकारों की पहली वेब सीरीज है। स्पाई थ्रिलर सिटाडेल का निर्देशन कोई और नहीं बल्कि वेब सीरीज की दुनिया के बादशाह राज एंड डीके ने किया है। इससे पहले ये इन दोनों की जोड़ी मनोज बाजपेयी की द फैमिली मैन और शाहिद कपूर स्टारर फर्जी को बना चुके हैं, जिन्होंने दर्शकों का दिल बखूबी जीता है।

हॉलीवुड मसाला




## न्यूयॉर्क की सड़कों पर हुई स्पॉट

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन फैशन मॉडल गिगी हदीद अपने फैशन स्टेंटमेंट को लेकर हमेशा चर्चा में रहती है। मॉडल की बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा देती हैं। हाल ही में गिगी को न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट किया गया। इस दौरान हसीना ऑल ब्लैक लुक में दिखीं। लुक की बात करें तो गिगी ब्लैक टॉप, स्किनफिट जैगिंग और मैचिंग कोट में स्टाइलिश दिख रही हैं। मिनिमल मेकअप, ब्लैक शेड्स हसीना के लुक परफेक्ट बना रही हैं।



## शूटिंग के दौरान स्टेज पर गिरी ऐश्वर्या

**मुंबई।** 'बिग बॉस 17' से बाहर निकलने के बाद ऐश्वर्या शर्मा और उनके पति नील भट्ट डांस रियलिटी शो 'डांस दीवाने' में नजर आए। दोनों ने अपने एनर्जेटिक फिल्मी डांस और केमेस्ट्री से ऑडियंस को काफी इंप्रेस किया था। रियलिटी शो अब खत्म हो चुका है। यह कपल जल्द ही एक ही चैनल पर एक होली स्पेशल टीवी शो साथ डांस करते दिखाई देंगे। लेकिन एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ऐश्वर्या इस डांस परफॉर्मेंस की शूटिंग के दौरान स्टेज पर ही गिर पड़ीं। इसके तुरंत बाद ही उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया। ऐश्वर्या ने इसके बारे में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हेल्थ अपडेट दिया। सेट के सूत्रों के मुताबिक, ऐश्वर्या का ब्लड प्रेशर लो हो गया था, जिसकी वजह से वो बेहोश होकर गिर पड़ी थीं। वह टीवी शो 'सुहागन' के सेट पर होली स्पेशल एपिसोड की शूटिंग कर रही थी। उन्हें उनकी वैनिटी वैन में ले जाया गया और डॉक्टरों से तत्काल चिकित्सा उपचार प्राप्त हुआ।



## शरवरी की 'वेदा' का धमाकेदार टीजर आउट

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'वेदा' का धमाकेदार टीजर रिलीज हुआ है इसमें उतनी ही खूंखार शरवरी वाघ भी नजर आ रही हैं। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी नजर आ रही हैं। कमजोर को दबाने के बाद उसका हिंसक चेहरा सामने आता है, जो बहुत भयानक होता है, फिल्म कुछ इसी तेवर में दिख रही है। शरवरी वाघ की झलकियां देखकर एक बार आप जरूर ठहरेंगे और सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि फिल्म का लीड हीरो जॉन अब्राहम हैं या फिर शरवरी वाघ! फिल्म 'वेदा' का धांसू टीजर सामने आया है, जो काफी प्रॉमिसिंग नजर आ रहा है। जॉन अब्राहम 'पठान' के बाद एक बार फिर से अपने एक्शन अवतार में छा जाने के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रहे हैं। इस टीजर में जॉन अब्राहम के किरदार ने तो दहाड़ लगाई ही है लेकिन शरवरी वाघ भी उन्हें खूब टक्कर देती नजर आ रही हैं।



## फिल्म मैदान का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान, जो कि 2018 में अनाउंमेंट की गई थी लेकिन रिलीज नहीं हो पाई थी, वो अब जाकर इस साल यानि 2024 ईंद पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर 7 मार्च को रिलीज कर दिया गया था। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को इतना पसंद आया है कि ट्रेलर आते ही ट्रेंड करने लगा। अब फिल्म का पहला गाना रिलीज हो गया है। अजय देवगन की फिल्म मैदान का पहला गाना मिर्ज़ा को जावेद अली और ऋचा शर्मा ने गाया है। इसे मनोज मुंतशिर ने लिखा है और संगीत एआर रहमान द्वारा दिया गया है। फिल्म मैदान में अजय इस गुमनाम नायक सैयद अब्दुल रहीम की कहानी बताएंगे, जो भारतीय फुटबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले गए व सबका देश का नाम रोशन किया।

## जयपुर की महारानी किरदार निभाना चाहती हैं अनन्या



**मुंबई ।** अभिनेत्री अनन्या पांडे पर्दे पर जयपुर की महारानी गायत्री देवी का किरदार निभाना चाहती हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर उन्हें ऑनस्क्रीन किसी फैशन आइकन का किरदार निभाना हो तो वह कौन होंगी? अनन्या ने कहा, मुझे लगता है कि गायत्री देवी। दुनिया की सबसे स्टाइलिश शाही महिलाओं में से एक गायत्री देवी भारत की सबसे खूबसूरत महारानी में से एक थीं। हिंदी सिनेमा में महज पांच साल में अनन्या ने बड़ी लीग में अपनी जगह बना ली है। उनके लिए स्टारडम का क्या मतलब है? उन्होंने कहा, "यह सच नहीं है।

## वो फिल्म, जिसमें नहीं था हीरो-हीरोइन के बीच एक भी डॉयलाग, फिर भी एक्टर ने जीता था अवॉर्ड

**मुंबई।** कुछ फिल्मों की कहानी, जिंदगी का टुकड़ा लगती हैं, जिन्हें जितनी बार देखो, उतनी बार उनमें जिंदगी के नए रंग नजर आते हैं। साल 1972 में आई गुलजार की फिल्म 'कोशिश' उसी स्तर की मूवी है, जिसमें जया भादुड़ी और संजीव कुमार ने लीड रोल निभाया था। फिल्म के लेखक और डायरेक्टर गुलजार हैं। अगर आप ठहराव के साथ कोई क्लासिक फिल्म देखना चाहते हैं, तो 'कोशिश' आपके मिजाज को भाएगी।



### दो गरीब जोड़े के इर्द-गिर्द बुनी कहानी

फिल्म की कहानी हरिचरण और आरती नाम के दो गरीब जोड़े के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं और फिर शादी कर लेते हैं। कमाल यह है कि दोनों किरदारों के बीच एक भी संवाद नहीं है, मन के तमाम वेग-आवेग उनकी भाव-भंगिमाओं से बयां हो रहे हैं। दरअसल, गुलजार ने दो ऐसे किरदार रचे थे, दो गूंगे और बहरे हैं, लेकिन जिंदगी से भरपूर हैं। एक-दूजे के लिए प्यार उन्हें जिंदगी की हर मुश्किल का सामना करने का साहस देता है।

### संतान खोने का दुख

संजीव कुमार का किरदार हरिचरण छोटा-मोटा काम करके गुजर-बसर करता है और कानू (असरानी) नाम के लालची आदमी की वजह से अपनी पहली संतान को खो देता है। आरती और हरिचरण की जिंदगी में दूसरी संतान खुशियां लेकर आती है। एक पुलिस अधिकारी हरिचरण की ईमानदारी से खुश होकर उसे नौकरी का मौका देता है। आरती गुजर जाती है और हरिचरण का बेटा बड़ा हो जाता है।

### हो जाते भावुक

हरिचरण जिस कंपनी में नौकरी कर रहा होता है, उसका मालिक हरिचरण के बेटे के साथ अपनी बेटी का ब्याह करना चाहता है और उसे इसका प्रस्ताव देता है, लेकिन समस्या यह है कि मालिक की बेटी गूंगी और बहरी है। हरिचरण का बेटा रिश्ता ठुकरा देता है, लेकिन जब हरिचरण बेटे को याद दिलाता है कि उसकी मां भी गूंगी और बहरी थी, तो वह इमोशनल हो जाता है और शादी के लिए खुशी-खुशी राजी हो जाता है। फिल्म में संजीव कुमार का अभिनय सबसे प्रभावशाली है, जिसके लिए वे बेस्ट एक्टर के नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए। गुलजार का लिखा स्क्रीनप्ले इतना कमाल था कि गूंगे-बहरे किरदार बिना एक शब्द बोले सबसे ज्यादा एक्सप्रेसिव साबित हुए।

## फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू, नजर आएंगी श्रुति



साउथ की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक केजीएफ, जिनमें बतौर अभिनेता यश ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद से उनकी पॉपुलर्टी इतनी ज्याद बढ़ गई है कि फैंस को यश की अपकमिंग मूवी का बेसब्री से इंतजार रहता है। बता दें कि यश अब दर्शकों को टॉक्सिक मूवी में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यश की फिल्म टॉक्सिक के कास्ट को लेकर हर रोज कोई ना कोई खबरे सामने आ रही थी। कभी कहां जा रहा था कि फिल्म में एक मुख्य किरदार के लिए करीना कपूर को लिया जाएगा। तो वहीं कभी ये कहा जा रहा था कि साई पल्लवी को लिया जाएगा। लेकिन फिल्म के निर्माताओं ने स्टार कास्ट को लेकर अभी तक किसी प्रकार की पुष्टि नहीं की है।

## सैनी कैबिनेट का विस्तार

राज्यपाल दत्तात्रेय ने दिलाई शपथ, 8 नए मंत्रियों में 7 नए चेहरे शामिल मंत्रिमंडल में अब कुल 13 मंत्री

# एक कैबिनेट व सात राज्यमंत्री बने किसी भी निर्दलीय को जगह नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के 7 दिन बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया। इसमें 8 मंत्रियों को शामिल किया गया है। इनमें 1 कैबिनेट और 7 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए गए हैं। हिसार से विधायक कमल गुप्ता को फिर कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। खास बात यह है कि इस विस्तार में एक भी निर्दलीय विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है, जबकि भाजपा ने जजपा से गठबंधन तोड़कर 6 निर्दलीयों और एक हलोपा विधायक गोपाल कांडा के समर्थन से सरकार बनाई है। राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एक कैबिनेट और 7 राज्यमंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले 12 मार्च को सैनी के साथ कंवरपाल गुर्जर, जेपी दलाल, मूलचंद शर्मा, डॉ. बनवारी लाल के अलावा निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने मंत्री पद की शपथ ली थी। कुछ दिन पहले दिल्ली में सीएम सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल को केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मंथन के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की मंजूरी मिली थी। अब हरियाणा मंत्रिमंडल में कुल 13 मंत्री हो गए हैं।

### एक महिला मंत्री बनी

फरीदाबाद के बड़खल विधानसभा क्षेत्र से महिला विधायक सीमा त्रिखा को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। सैनी मंत्रिमंडल में डॉ. कमल गुप्ता को छोड़कर बाकी 7 पहली बार मंत्री बने हैं। कमल गुप्ता पहले यूएलबी मिनिस्टर रह चुके हैं।

### नहीं पहुंचे नाराज विज

पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल विज शपथ समारोह में नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुझे शपथ ग्रहण की कोई जानकारी नहीं है। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नायब सैनी अंबाला कैंट के दौरे के दौरान अनिल विज से मुलाकात कर सकते हैं, लेकिन सीएम सैनी विज से बिना मुलाकात किए ही वापस लौट गए।

### ये मुख्यमंत्री के साथ ले चुके शपथ

1. कंवरपाल गुज्जर
2. मूलचंद शर्मा
3. रणजीत सिंह
4. जेपी दलाल
5. डा. बनवारी लाल

*सीएम व 5 मंत्रियों ने 12 मार्च को शपथ ली।*

### नायब कैबिनेट



### भाजपा में बढ़ा जनता का विश्वास

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पिछले 10 साल में जनता का विश्वास भाजपा सरकार में बढ़ा है। मैं 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तैयार हूं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा करवाए गए कामों के दम पर लोकसभा में सभी 10 सीटें जीतेंगे। कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर पूरा जोश है। हमारी सरकार ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

**नए मंत्री**


कमल गुप्ता, कैबिनेट मंत्री


अभय सिंह यादव, राज्य मंत्री


सीमा त्रिखा, राज्य मंत्री


सुभाष सुधा, राज्य मंत्री


महिपाल ढांडा, राज्यमंत्री


बिशंभर वाल्मीकि, राज्य मंत्री

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार**


असीम गोयल, राज्य मंत्री


संजय सिंह, राज्य मंत्री

### इनसे किनारा


अनिल विज


ओपी यादव


कमलेश ढांडा


संदीप सिंह

### कई मंत्रियों की छुट्टी, नहीं मिली दूसरे विस्तार में जगह

- वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व गृह मंत्री अनिल विज पहले मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान शपथ ग्रहण में नहीं आए थे। दूसरे विस्तार में भी उनको स्थान नहीं मिला।
- विज चंडीगढ़ में विधानसभा भी आए और विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से मुलाकात की। विज ने कहा कि वे तो स्पीकर के पास विधानसभा की कमेटियों को लेकर मिलने आए हैं, ताकि मीटिंग में शामिल हो सकें।
- चर्चित और विवादित चेहरे सरदार संदीप सिंह को भी जगह नहीं दी गई है, क्योंकि संदीप जूनियर कोच द्वारा आरोप लगाए गए थे, उक्त मामला अभी भी चंडीगढ़ अदालत में चल रहा है।
- इस बार मंत्रिमंडल में कमलेश ढांडा राज्यमंत्री और ओमप्रकाश यादव की भी छुट्टी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि दोनों मंत्रियों पर नान परफॉर्मेंस के आधार पर हटाया गया है। (पेज दो भी देखें)

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने वाले सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ को नहीं मिला पुरस्कार

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को पचास हजार और बीएलओ को 25-25 हजार रुपए देने का ऐलान किया था। जिसके तहत बैरसिया और हुजूर के पांच-पांच बीएलओ और तीन-तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुरस्कार की राशि दी जानी थी, लेकिन उन्हें राशि देने की जगह प्रशस्ति पत्र देकर फाइल क्लोज कर दी गई। हालांकि अफसरों का तर्क है कि लोकसभा चुनाव के बाद पुरस्कार की राशि दी जाएगी। नवंबर माह में हुए विधानसभा चुनाव में वोटिंग प्रतित बढ़ाने के लिए स्वीप एक्टिविटी चलाई गई थीं।

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, पता बदलवाने का आखिरी मौका

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन जमा करने की तारीख 12 अप्रैल रखी गई है। जिसके पहले दस अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम भी किया जाएगा। इसके अलावा नाम, पता और फोटो में बदलाव भी कराया जा सकता है। दरअसल, 10 अप्रैल तक मतदाता सूची का यह काम जारी रहेगा, वहीं उम्मीदवार 19 अप्रैल तक नामांकन जमा कर सकेंगे। इसके 10 दिन पहले तक मतदाता सूची का यह काम जारी रहेगा। कोई भी युवा मतदाता जिसका नाम सूची में नहीं जुड़ पाया है। साथ ही ऐसे मतदाता जिनका नाम विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र परिवर्तित होने से सूची में इधर-उधर हो गया हो। पता, फोटो आदि में संशोधन कराना हो तो वह आनलाइन और आफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। मतदाता इस काम के लिए अपने स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी से मतदान केंद्र पर जाकर संपर्क कर सकते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने इछावर में जनसभा को किया संबोधित

# आप सब घरों से निकलें और प्रचार करें, तुम ही शिवराज हो : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी अपने लोकसभा क्षेत्र विदिशा में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। सोमवार को चौहान विदिशा लोकसभा क्षेत्र की इछावर विधानसभा में पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया।

साथ ही सीहोर में भोपाल लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस दौरान चौहान ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सब निकलें और चुनाव लड़ें क्योंकि तुम ही शिवराज हो। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, विनाशकाले विपरीत बुद्धि। उन्होंने कहा कि, जब अयोध्या में राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही थी, रामलला विराजमान हो रहे थे, पूरा देश दिवाली मना रहा था, कांग्रेस को भी निमंत्रण दिया गया था, लेकिन उन्होंने निमंत्रण ठुकरा दिया और प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं आए। कांग्रेस के करम ही फूटे हैं, कांग्रेस अच्छी चीज का विरोध करती है, इसलिए कांग्रेस के विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं।




### प्रेम का कर्ज कैसे उतारूंगा

इछावर में कई महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव लड़ने के लिए राशि भेंट की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा , मैं आया तो बहनों ने मेरे हाथ में पैसे रखना शुरू कर दिए, मैंने पूछा किस चीज के पैसे..? तो कहने लगी हमारा भैया चुनाव लड़ रहा है। मेरी बहनों मैं तुम्हें प्रणाम करता हूँ। ये कैसा प्रेम है, कई बार मैं सोचता हूँ कि मेरी जनता और मेरी बहनों के प्रेम का ये कर्ज मैं कैसे उतारूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं नेता नहीं हूँ मैं आपका सेवक, आपका भाई, आपका बेटा हूं, जनता की सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है।

## लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी ने की जबलपुर में बैठक

# दुश्मनों को घर में घुसकर मारने वाले देश की छवि बनी भारत की: डॉ. सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के बूथ विजय अभियान के तहत प्रतिदिन 2 घंटे अपने बूथों पर जाकर पार्टी के पक्ष में सशक्त वातावरण बनाने का प्रयास करना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण और जनकल्याण के व्यापक कार्य किए हैं। हम इन कामों को जन-जन तक पहुंचना है। यह बात लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने सोमवार को जबलपुर में पार्टी के संभागीय कार्यालय में आयोजित लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया वालंटियर्स की बैठक को भी संबोधित किया। लोकसभा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण विजन के चलते आम आदमी का सरकार के प्रति विश्वास का भाव जागृत हुआ है। उसे यह विश्वास हो रहा है कि सरकार आम आदमी के लिए कुछ करती है। सरकार के पक्ष में देश में ऐतिहासिक वातावरण हैं। बस इस विश्वास को पोलिंग बूथ तक ले जाकर मत के रूप में परिवर्तित करवाना ही हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

### आज का युग सोशल मीडिया का है

डॉ. महेन्द्र सिंह ने ज्ञानगंगा कॉलेज में सोशल मीडिया वालंटियर्स की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का है। सोशल मीडिया सूचनाओं के आदान प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों में किए गरीब कल्याण और जनहितैषी कार्यों को सोशल मीडिया के जरिए आमजन तक पहुंचाएं। सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल न हो, सही जानकारी आम जनता तक पहुंचायी जाए।

# मान-सम्मान के साथ सभी को पार्टी की यात्रा में शामिल कर साथ काम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस व बसपा नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी में उन्हें मान-सम्मान के साथ पार्टी की इस यात्रा में शामिल कर साथ काम किया जाएगा। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार बढ़ रहा और यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का खूब विकास हुआ है और अब हम सब मिलकर एक साथ काम करके सभी सीटों को जीतेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को भाजपा कार्यालय में कांग्रेस व बसपा नेताओं को भाजपा ज्वाइन कराने के मौके पर बोल रहे थे। शर्मा ने कहा कि छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रवक्ता सैयद जाफर ने भी तय किया कि अगर देश में कुछ करना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा में रहकर किया जा सकता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर सैयद जाफर सहित कई कांग्रेस और बसपा पाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। मैं सभी को शुभकामनाएं देकर विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी में उन्हें मान-सम्मान के साथ पार्टी की इस यात्रा में शामिल कर साथ काम किया जाएगा।



### *राहुल गांधी को न हिंदू धर्म की समझ और न ईवीएम पर भरोसा:सीएम*

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी के एक बयान पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को न हिंदू धर्म की समझ और न ईवीएम पर भरोसा है। दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि राहुल गांधी को न हिंदू धर्म की समझ है और न लोकतंत्र की समझ है और न उन्हें ईवीएम व चुनाव की वोटिंग मशीन पर भरोसा है। जिसके भरोसे से दुनिया में भारत का मान बढ़ता है, लोकतंत्र का मान बढ़ता है। राहुल गांधी को विचार करना चाहिए वो क्या कह रहे हैं ? और उनके पार्टी के लोगों को भी विचार करना चाहिए कि राहुल गांधी को इस स्थिति में नेतृत्व करता मान रहे या नहीं मान*

### पार्टी में आने का सिलसिला जारी रहेगा: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज छिंदवाड़ा से कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सैयद जाफर सहित कई कांग्रेस नेताओं और बसपा पदाधिकारियों ने पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि जहां-जहां से कार्यकर्ताओं ने पार्टी ज्वाइन की है, वहां-वहां विकास के काम आपके बताने पर किए जाएंगे। रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार बढ़ रहा और यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का खूब विकास हुआ है और अब हम सब मिलकर एक साथ काम करके सभी सीटों को जीतेंगे।

## कई नक्सली हुए घायल...

# मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, भारी मात्रा में गोला-बारूद जब्त, जंगल में सर्चिंग जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों में एक बड़ी कामयाबी मिल गई है। मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दंतेवाड़ा-बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हो गए।

थाना किरंदुल क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल के गमपुर में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो नक्सलियों का शव बरामद हो गया है। जिसकी पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। सर्च के दौरान पुलिस ने एक हथियार और भारी मात्रा में गोला बारूद समेत दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की है।

पुलिस ने आगे बताया कि 18 मार्च को दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में थाना किरंदुल क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल गमपुर के जंगल में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर डीआरजी और बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा के अलावा सीआरपीएफ 111, 230, 231 बटालियन की यंग प्लाटून की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली। इसी दौरान मुठभेड़ हो गई। फिलहाल इलाके में सर्चिंग अभियान जारी है।

## घटना के विरोध में स्थानीय बाजार बंद

# तीन साल की मासूम को बनाया शिकार

## गुस्साए लोगों ने नेहरू चौक पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासपुर में तीन वर्षीय मासूम से दरिंदगी के विरोध में स्थानीय लोगों ने बाजार बंद किया है। स्थानीय व्यापारियों ने भी बंद का समर्थन किया है। सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद होकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और सजा की मांग की। फिलहाल, मौके पर पुलिस बल तैनात है। हालांकि सिरगिट्टी पुलिस ने मामले में नाबालिग सहित उसके एक परिजन को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के बन्नाक चौक के पास रविवार की शाम पांच से छह बजे के बीच एक घर के बाथरूम में तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसे घटना को अंजाम दिया गया और आरोपी बच्ची को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। माता-पिता पड़ोसी के घर पहुंचे तो बच्ची बाथरूम मिली।



### नाबालिग को छिपाने के जुर्म में परिजन भी गिरफ्तार

इसके बाद मामले में लोग बड़ी संख्या मे थाने पहुंच गए। घटना को अंजाम देने वाले नाबालिग के ऊपर कारवाई करने के लिए थाने का घेराव किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग को कब्जे में ले लिया। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि उसके एक परिजन को भी नाबालिग को छुपाने में सहयोग करने पर पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है। सोमवार को बच्ची के परिजन बड़ी संख्या में नेहरू चौक पर चक्काजाम कर दिया। उन्होने मांग की थी कि आरोपियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई कर सजा होनी चाहिए। उसके घर पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की जाए। इसके साथ मुआवजा भी दिया जाए। जिसपर प्रशासन ने मुआवजा राशि के लिए उन्हें आश्वासन दिया है।

### छात्रों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**कोरबा।** करतला स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सुबह के समय मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक विद्यार्थियों पर हमला कर दिया। इस घटना में 15 विद्यार्थी बेहोश हो गए। फौरी तौर पर इन सभी को करतला के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उन्हें उपचार दिया गया। प्राचार्य त्रिलोक सिंह ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा के बाद सभी विद्यार्थियों को छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह नौ बजे लगभग जब स्कूल लगा। इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक स्कूल में मौजूद छात्रों पर हमला कर दिया। इसके बाद बच्चों के बीच चीख पुकार मच गई। शिक्षकों को समझ नहीं आ रहा था कि आखिर हो क्या रहा है। सभी बच्चे और टीचर इधर-उधर भागने लगे। यह नजारा लगभग आधा घंटे तक चलता रहा। किसी तरह बच्चे स्कूल के कमरों में गए और अपनी जान बचाई। लेकिन लगभग 15 छात्र-छात्राओं पर मधुमक्खियों ने हमला घायल कर दिया।

## चिंतन

# अंतरिक्ष में एटमी अस्त्र की तैनाती विनाशक

युद्ध, हिंसक संघर्ष और जियो पॉलिटिकल तनाव से भरी दुनिया में अंतरिक्ष में परमाणु अस्त्र निर्माण व तैनाती विनाश के कारण बन सकते हैं। एक तरफ जहां विश्व की अधिकांश ताकतें शांति, मानवता, विकास और प्रेम–सौहार्द आदि के लिए काम कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ अनेक ऐसे ताकतवर देश भी हैं, जो अपनी बादशाहत या वर्चस्व या विस्तार के लिए विश्व में डर के व्यापार, जियो तनाव, हिंसक संघर्ष, युद्ध और ट्रेडवार को बढ़ावा देने में लिप्त हैं। ऐसे में अगर परमाणु अस्त्र से लैस देश अगर उन्माद में आकर इनका प्रयोग करेंगे तो इससे व्यापक स्तर पर विनाश ही होगा। आज विश्व में अमेरिका, रूस, भारत, चीन, पाकिस्तान आदि समेत अनेक देश परमाणु शक्ति से लैस हैं। विश्व दो दो एटम बम हमले का विनाश देख चुकी है। वैश्विक मीडिया में खबर आई कि रूस अंतरिक्ष में परमाणु अस्त्र केंद्र स्थापित कर रहा है, इसके बाद से चिंता शुरू हुई है कि अंतरिक्ष में ऐसे केंद्र दुनिया के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। हालांकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इन खबरों का खंडन किया है कि रूस अंतरिक्ष में परमाणु अस्त्र स्टेशन नहीं बना रहा है, पर पश्चिम पुतिन पर विश्वास नहीं कर रहा है। शायद इसलिए अमेरिका और जापान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात या विकसित न करने का आह्वान किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका कहा कि पृथ्वी के आसपास की कक्षा में परमाणु हथियार स्थापित किया जाना खतरनाक और अस्वीकार्य होगा। अभी अमेरिका और रूस समेत करीब 114 देशों द्वारा अनुमोदित 'आउटर स्पेस ट्रीटी' के तहत कक्षा में ''व्यापक पैमाने पर विनाश वाले परमाणु हथियार या किसी भी प्रकार के हथियारों की तैनाती'' या'किसी भी तरीके से अंतरिक्ष में हथियारों'' की तैनाती प्रतिबंधित है। सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करने वाले जापान के विदेश मंत्री योको कामीकावा ने कहा कि शीत युद्ध के टकराव वाले माहौल के दौरान भी प्रतिद्वंद्वी यह सुनिश्चित करने पर सहमत हुए हैं कि अंतरिक्ष सुरक्षित बना रहे। अंतरिक्ष-आधारित परमाणु हथियारों से लैस स्टेशन निर्माण के पीछे लक्ष्य नागरिक और सैन्य दोनों तरह के अन्य उपग्रहों को नष्ट करना है। परमाणु अंतरिक्ष हथियार विस्फोट होने पर विशाल ऊर्जा तरंग पैदा करके उपग्रहों को नष्ट कर सकता है। इस तरह के हथियार का इस्तेमाल संचार, वित्तीय लेनदेन और बहुत कुछ के लिए उपयोग किए जाने वाले उपग्रहों की भीड़ को खत्म करने के लिए किया जा सकता है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के महत्वपूर्ण रक्षा और निगरानी उपग्रहों को भी नष्ट कर सकता है। इसलिए यह केवल अमेरिका व जापान ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देशों के लिए खतरनाक है। यदि रूस इस तरह के हथियार को विकसित और तैनात करता है, तो यह बाहरी अंतरिक्ष संधि के अनुच्छेद 4 का उल्लंघन होगा, जो परमाणु हथियारों को कक्षा में स्थापित करने, किसी खगोलीय पिंड पर स्थापित करने या यहां तक कि किसी अन्य तरीके से बाहरी अंतरिक्ष में तैनात करने पर प्रतिबंध लगाता है। यह 1963 की आंशिक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का भी उल्लंघन होगा जो अंतरिक्ष में परमाणु विस्फोटों पर रोक लगाती है। रूस दोनों संधियों में एक पक्ष है। आज विश्व को जरूरत परमाणु अप्रसार की है, परमाणु अस्त्र के भय से मुक्त विश्व ही शांति का मार्ग प्रशस्त करेगा।



दो टूक
उमेश चतुर्वेदी

**मौजूदा आम चुनावों के लिए सात चरणों के कार्यक्रम की जैसे ही घोषणा हुई, पिछली बार की तरह एक बार फिर चुनाव आयोग सवालों के घेरे में है। कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष लंबे समय तक चलने वाले चुनाव कार्यक्रम के लिए मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कपिल सिब्बल और तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री मोदी का आयोग घोषित कर दिया है। अहम यह है कि चुनाव आयोग पर सवाल उठाना कितना जायज है। सवाल यह है कि क्या पहली बार इतनी लंबी अवधि तक चुनाव प्रक्रिया चलने वाली है।**

# चुनाव आयोग पर सवाल कितना जायज

अब से पहले तक आम चुनावों की घोषणा होने के बाद राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के अभियान में जुट जाते थे, लेकिन वक्त के साथ अब स्थितियां बदल गई हैं। 2019 के आम चुनावों के साथ राजनीतिक दलों, विशेषकर विपक्षी दलों के सियासी एजेंडे में एक और काम जुड़ गया है। वह काम है, चुनाव आयोग को मौजूदा सरकार की कठपुतली साबित करना। मौजूदा आम चुनावों के लिए सात चरणों के कार्यक्रम की जैसे ही घोषणा हुई, पिछली बार की तरह एक बार फिर चुनाव आयोग सवालों के घेरे में है। कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष लंबे समय तक चलने वाले चुनाव कार्यक्रम के लिए मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल और तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को सीधे-सीधे प्रधानमंत्री मोदी का आयोग घोषित कर दिया है।

सवाल यह है कि क्या पहली बार इतनी लंबी अवधि तक चुनाव प्रक्रिया चलने वाली है। इस तथ्य को समझने के लिए अतीत के चुनावों पर निगाह डाल लेते हैं। साल 2014 का आम चुनाव पूरे नौ चरणों में संपन्न हुआ था। तब पहला मतदान 13 अप्रैल को हुआ था और उस लोकसभा के लिए आखिरी मतदान 12 मई को हुए थे। इसके बाद 16 मई को नतीजे आए थे। तब देश में करीब 81 करोड़ 45 लाख वोटर थे। जब ये आम चुनाव हुए थे, तब मनमोहन सिंह की अगुआई वाली यूपीए की सरकार थी, जिस तरह विपक्ष मौजूदा चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है, उस हिसाब से कह सकते हैं कि तब के चुनाव आयोग ने तत्कालीन सरकार और प्रधानमंत्री के इशारे पर चुनाव प्रक्रिया लंबे समय तक चलाई थी। तब मनमोहन सरकार घोटालों के चौतरफा आरोपों से जूझ रही थी। मौजूदा विपक्षी तर्कों के हिसाब से कह सकते हैं कि तब मनमोहन सरकार चलाने वाली ताकतों के इशारे पर लंबी चुनाव प्रक्रिया इसलिए चली, कि मनमोहन सरकार के खिलाफ गुस्सा धीरे-धीरे कम होता जाए और उसका फायदा तत्कालीन यूपीए को मिले? साल 2014 की चुनाव प्रक्रिया लोगों को उम्मीद भरी लगी। उसके पहले के तीन दशकों से चूंकि देश अल्पमत की सरकारों को देख रहा था, इसलिए 2014 में भी कुछ ऐसे ही चुनाव नतीजों की उम्मीद लगाए बैठे लोगों की संख्या भी कम नहीं थी। 2014 के नतीजों ने तीन दशकों से जारी चुनावी नतीजों की परंपरा को बदल कर रख दिया। इसके बाद कुछ दल जहां चकित नजर आए, वहीं कुछ को इन नतीजों से मिले झटके से उबरने में वक्त लगा। जैसे ही वे इस झटके से उबरे, उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। इसमें 2009 के आम चुनावों के दौरान बीजेपी के एक वर्ग द्वारा ईवीएम पर उठाए गए सवालों को आधार भी बनाया गया। जब 2019 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को पहले की तुलना में ज्यादा समर्थन मिला तो ईवीएम पर सवालों की बौछार भी तेज हुई और चुनाव आयोग पर सवालों के घेरे भी बढ़ते गए। 2019 के आम चुनावों में पहला मतदान 11 अप्रैल को हुआ था, जबकि आखिरी बार 19 मई को वोट डाले गए। तब कुल सात चरणों में मतदान



हुआ था। जिसके नतीजे 23 मई को घोषित किए गए। उस बार करीब नब्बे करोड़ मतदाता थे।

चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव प्रक्रिया और तारीखों की घोषणा की। उस दौरान मीडिया ने लंबे वक्त तक चलने वाली मतदान प्रक्रिया को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से सवाल भी पूछे थे। तब राजीव कुमार ने जो कहा था, उसकी ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि भारत की भौगोलिक स्थिति अलग है। देश का भूभाग बड़ा है। एक ही समय में कहीं बर्फ गिर रही होती है, कहीं बारिश हो रही होती है तो कहीं तेज गर्मी पड़ रही होती है। इसी दौरान स्थानीय और महत्वपूर्ण त्योहार भी होते हैं, इसलिए तारीखों का ऐलान करते वक्त भौगोलिक स्थिति और स्थानीय सांस्कृतिक आयोजन और त्योहार आदि का ध्यान रखना पड़ता है। राजीव कुमार ने इस सवाल के जवाब में यह भी कहा कि चुनाव आयोग का मकसद पूरे देश में स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराना है। इसके लिए उसे पुलिस बल की जरूरत होती है। पुलिस बलों पर स्थानीय प्रशासन के साथ ही चुनाव की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बलों को एक जगह से दूसरी जगह भेजने और तैनात करने में वक्त लगता है, इसलिए चुनाव की प्रक्रिया लंबे समय तक चलती है। वैसे ध्यान रखने की बात यह है कि इस बार पिछले आम चुनाव की तुलना में करीब सात करोड़ ज्यादा यानी करीब 97 करोड़ वोटर हैं। इतनी जनसंख्या तो यूरोप की भी नहीं है। आंकड़ों के मुताबिक, समूचे यूरोप की जनसंख्या करीब 75 करोड़ ही है। चुनाव आयोग का दावा है कि वह हर वोटर के पास पहुंचना चाहता है। लंबे वक्त तक चुनाव प्रक्रिया का कार्यक्रम बनाने के लिए चुनाव आयोग कानून व्यवस्था का भी तर्क देता है। मणिपुर की एक लोकसभा का मतदान दो चरणों में होना है। आयोग का कहना है कि स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उसे ऐसा करना पड़ा है। विपक्षी दलों, विशेषकर तृणमूल कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में सात चरणों में होने वाले चुनावों को लेकर ज्यादा आपत्ति है। उनका तर्क है कि चुनाव आयोग ने ऐसा प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर किया है, ताकि वे हर चरण में प्रचार कर सकें और इसका फायदा बीजेपी को मिल सके। अगर विपक्ष के ही तर्क पर भरोसा करें तो दो बातें साफ होती हैं कि वे प्रधानमंत्री मोदी की छवि और प्रचार की ताकत से आशंकित हैं। पश्चिम बंगाल के अलावा उत्तर प्रदेश में भी सभी सात चरणों में चुनाव होने हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि प्रधानमंत्री हर चरण में जाकर अपने दल का प्रचार कर सकें। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा की मौजूदा सरकार के बड़े दावे हैं। ऐसे में एक सवाल तो जरूर उठता है कि चुनाव आयोग को क्या यूपी की मौजूदा कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है?

चार चरणों में चुनाव महाराष्ट्र, उड़ीसा और झारखंड में भी होने हैं, जबकि छत्तीसगढ़ और असम में तीन चरणों में होने हैं। इसे लेकर महाराष्ट्र से सवाल उठे हैं, लेकिन न तो उड़ीसा और न ही झारखंड से सवाल उठे हैं। बेशक नक्सलवाद पहले की तुलना में अब काबू में है। लेकिन झारखंड और उड़ीसा में चार चरणों में होने वाले चुनाव की एक वजह नक्सलवाद का खतरा भी है। इस खतरे को स्थानीय शासन समझता है, शायद यही वजह है कि इन राज्यों की गैर बीजेपी सरकारों ने अब तक सवाल नहीं उठाया है।

विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग पर उठाए जा रहे सवालों को लेकर एक अवधारणा यह भी बन रही है कि उन्होंने चुनावी नतीजों को अभी से ही स्वीकार करना शुरू कर दिया है। बहरहाल जनता-जनार्दन का जो फैसला होगा, वह तो नतीजों के बाद पता चलेगा। अभी चुनाव प्रक्रिया शुरू ही हुई है। जैसी आज का राजनीतिक माहौल है, जैसे-जैसे प्रचार अभियान बढ़ेगा, ऐसे ढेर सारे आरोपों के लिए लोगों को तैयार रहना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व गौरैया दिवस
दीपेंद्रधर दीवान



# हमारे घरो और आंगन से दूर होती गौरैया

शहरो में विकास के नाम पर बढ़ते शहरीकरण का प्रभाव,निरन्तर पेड़ो की कटाई,शहरी क्षेत्र में पक्के घरो का निर्माण, तेजी से बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण गांवों का बदलता स्वरूप, कृषि में रसायनिक खादें एंव जहरीले कीटनाशक गौरैया के खत्म होने के लिए जिम्मेंदार बन रही है। पर फ़िर भी प्रकृति ने हर जीव को विपरीत परिस्थितियों में जिन्दा रहने की काबिलियत दी है और यही वजह है कि गौरैया कि चहक आज भी हम सुन पा रहे हैं। मनुष्य की सबसे करीबी चिड़यिा गोरैया धीरे-धीरे कम हो रही है इसकी संख्या में आती कमी के कारण इसे संरक्षण देने और हमारे आसपास इसे बचाने के लिए कुछ सार्थक प्रयास करने की जरुरत है जिससे ये पक्षी हमारे पास निरन्तर चहकती रहे जैसा की आप सभी जानते है गौरैय्या (हाउस स्पैरो) तथा अन्य पक्षी पर्यावरण संतुलन में अपनी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है इन पक्षियों का योगदान बहुत है ये जंगल चिड़ियों की देन है, ये परिन्दे ही जंगल लगाते है, तमाम प्रजातियों के वृक्ष तो तभी उगते है, जब कोई परिन्दा इन वृक्षों के बीजों को खाता है और वह बीज उस पक्षी की आहारनाल से पाचन की प्रक्रिया से गुजर कर जब कही गिरते है तभी उनमें अंकुरण होता है, साथ ही फ़लों को खाकर धरती पर इधर -उधर बिखेरना और परागण की प्रक्रिया में सहयोग देना इन्ही परिन्दों का अप्रत्यक्ष योगदान है। कीट-पंतगों की तादाद पर भी यही परिन्दे नियन्त्रण करते है, कुल मिलाकर पारिस्थितिकी तन्त्र



में प्रत्येक प्रजाति का अपना महत्व है, हम इन्हे नजरन्दाज करके अपने पर्यावरण के लिए अपनी गैर-जिम्मेदाराना भूमिका अदा कर रहे हैं। कुछ उपाय करके इन्हे अपने घरों के बालकनी और घरो के पीछे विदेशी नस्ल के पौधों के बजाय देशी फ़लदार पौधे लगाकर इन चिड़ियों को आहार और घरौदें बनाने का मौका दे सकते है साथ ही जहरीले कीटनाशक के इस्तेमाल को रोककर, इन वनस्पतियों पर लगने वाले परजीवी कीड़ो को पनपने का मौका देकर इन चिड़ियों के चूजों के आहार की भी उपलब्धता करवा सकते है क्योंकि गौरैया जैसे परिन्दों के चूजें कठोर अनाज को नही खा सकते, उन्हे मुलायम कीड़े ही आहार के रूप में आवश्यक होते हैं। अपने घरों में सुरक्षित स्थानों पर गौरैया के घोसले बनाने वाली जगहों या मानव-निर्मित लकड़ी या मिट्टी के घोसले बनाकर लटकाये जा सकते है। इसके अलाव पानी और अनाज के साथ पकाय हुए अनाज का विखराव कर हम इस चिड़िया को दोबारा अपने घर-आंगन में बुला सकते हैं। हमें इतना याद रखना चाहिए कि अकेले रहने से बेहतर है,कि हम उन सब प्रजातियों के साथ मिलकर रहे जो सदियों से हमारे साथ रहती आई है और यकीन मानिए तब आपको खुद-ब-खुद पता चल जायेगा कि साथ मिलकर रहने के क्या-क्या फ़ायदे है। गौरैया जो हमारे घरों के भीतर-बाहर हमेशा मौजूद रही उसकी चहक और फ़ंखों की फ़ड़फ़ड़ाहट हमारे जहन में रोजमर्रा की घरेलू आवाज में शामिल रही है लेकिन आज न तो अल सुबह वह चह्क सुनाई देती है और न ही दोपहर में घर आंगन में बिखरे अनाज के दानों को चोच में दबाकर अपने घोसले तक उड़ान की आवाज हमे सुनाई देती है ये परिवर्तन की वजहे हमारे सामने है और इन के जिम्मेदार भी हम है।


हम क्या कर सकते है जिससे ये पक्षी फिर हमारे पास हो ?

1. जमीन से पर्याप्त ऊंचाई (कम से कम 8 से 10 फुट ) पर कृत्रिम घोंसला लटकाएं । ये घोंसले मिट्टी, गत्ते के डब्बे आदि से बने हो सकते है , जिसका मुंह ज्यादा बड़ा ना हो ।
2. घर के बाहर अथवा बालकनी में छायादार स्थान पर साफ पानी व खाद्य पदार्थ ( जैसे कनकी, बाजरा, कुटकी, गेंहू तथा अन्य सस्ते अनाज या दाल, रोटी के टुकड़े , फलों के टुकड़े आदि ) रख सकते है ।
3. अधिक से अधिक छायादार , फूलदार व फलदार वृक्ष लगाएं ।
4. पतंग उड़ाने हेतु कांच वाले मांझे का प्रयोग न करे ।

गौरैया पक्षी घोसला कैसे चुनते है ?

1. स्थान पर्याप्त ऊंचाई पर स्थित हो ।
2. वह अन्य शिकारियों जैसे सांप, गिलहरी, लिजार्ड या अन्य शिकारी पक्षी आदि की सीधी पहुंच से दूर हो ।
3. ये मनुष्य के आवास के करीब हो क्योकि ये मनुष्य के आसपास ही अपना घर बनाती है, परन्तु बच्चों और मनुष्य की पहुंच से दूर हो ।
4. ये छायादार जगह पर हो तथा सूरज की सीधी किरणों, तेज हवाओं तथा बरसात से सुरक्षित हो ।


# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है!



संकलित
**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
**प्रेरणा**

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## दिवस विशेष
पल्लव आनंद

# खुशियों की तलाश

संयुक्त राष्ट्र ने 20 मार्च, यानी आज के दिन को खुशहाली के दिवस के लिए चुना है। खुशी और प्रसन्नता तो एक सामान्य मानवीय भाव हैं। लेकिन आज यह वैश्विक लक्ष्य का हिस्सा बन चुका है। खुशियों का गिरता ग्राफ चिंता का विषय है। ऐसा क्यों है, वजहें साफ हैं। हम मनुष्य से उपभोक्ता के रूप में बदल चुके हैं। जिसकी बेहिसाब और अनगिन इच्छाएँ हैं। उन्हें पाने के लिए हम निरंतर संघर्षरत हैं। और न पा सकने की स्थिति में निराश और हताश हैं। और पाकर भी उसकी कीमत चुकाने में खुद को लहु-लुहान ही कर रहे हैं। हमारे हिस्से अस्वस्थ जीवन शैली है, जो हमें डॉक्टरों और दवाईयों की परिक्रमा करा रही है। कहते हैं, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास। जब हमारे पास स्वस्थ शरीर और मन ही न हो, तब खुशियां दूर की ही कौड़ी होंगी। जमाना सोशल मीडिया का है। जो लोगों के आत्मप्रचार का जरिया है। कोई कैसा भी जीवन जी रहा हो, लेकिन वह अपने कुछ पल समेट कर सोशल मीडिया के माध्यमों पर प्रचारित कर रहा होता है। और उसे देख हम सोचते हैं उसके हिस्से जीवन का सारा सुख है। उससे अपनी तुलना कर खुद को कुंठा और अवसाद में धकेल रहे होते हैं। हमारे पास रिश्तों में कोमलता और गर्माहट कम बच गई है। टूटते-बिखरते रिश्ते और रिश्तों में कड़वाहट की बानगी आपको अपने आसपास मिल जाएगी। हम अपना समय खर्च करने में सिर्फ उसके भौतिक नफा-नुकसान की सार्थकता देख रहे हैं।

कोरोना काल के दौरान जीवन ने अपनी क्षणभंगुरता का हमें निर्मम आईना दिखाया है। फिर भी हम अपने वैभवशाली और सम्पन्न हुए जाने का मोह और भ्रम नहीं छोड़ पाए हैं। जीवन की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करने वाली आकांक्षाओं के अलावा हम उन इच्छाओं का त्याग क्यों नहीं करते, जिन्हें हमने किसी से होड़ के लिए खुद के अंदर पाल रखा है। अपने प्रयत्नों से किसी एक से आप तुलनात्मक रूप से आगे निकल भी गए तो कल फिर किसी और से तुलना करते हुए आप खुद को खपाना शुरू कर देंगे। और यह अंतहीन सिलसिला चलता रहेगा। आपने ऊंचे लक्ष्य साध भी लिये लेकिन उसकी कीमत अगर स्वास्थ्य से चुकानी पड़ी तो सबकुछ निष्प्रयोज्य और निष्फल ही साबित होगा। इसलिए स्वस्थ जीवनशैली के लिए कुछ समय निकालना बेहद जरूरी है। ताकि आप स्वस्थ तन से स्वस्थ मन तक की यात्रा कर सकें। स्मार्टफोन की दुनियां के बाहर भी जीवन है। सोशल मिडिया से परे भी हमारा अस्तित्व है। हर लम्हे को पोस्ट और अपलोड करने के मोह से हमें मुक्त होना होगा। फोन को किनारे रख खुशियों की तलाश करिए। कुछ खुशियों को खुद के अंदर ही जज्ब कर लीजिए। सबकुछ दूसरों को दिखाने के दबाव से खुद को आजाद करिए। अब बात रिश्तों की. रिश्ते हमारी सबसे बड़ी पूंजी और नेमत हैं। उसका सम्मान करना सीखिए। उसे सींचते रहिए। इससे रिश्तों की प्रगाढ़ता बढ़ेगी। याद करें कि कब पिछली दफा आप अपने परिवारजनों के साथ बैठे हों और किसी बात पर बेलौस हँसने का सुख आपको मिला हो। रिश्तों से अलगाव हमें अकेलापन देता है। और अकेलापन हमें विषाद और अवसाद दे सकता है। सुंदर रिश्ते हमें सहेजकर रखते हैं। हमें ताकत देते हैं। इसलिए रिश्तों की अहमियत को नजरअंदाज न करें।

खुशियों के इंडेक्स में फिनलैंड जैसे देश अगर शीर्ष पर हैं तो इसकी एक अहम वजह है कि वहां के लोग आत्मसंतुष्ट हैं। उनके पास महत्वाकांक्षाओं की फेहरिश्त नहीं है। वे छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूँढना जानते हैं। हमने खुशियों की तलाश छोड़ दी है। हमने खुद से मिलना बंद कर दिया है। हमारे एक गुरू जी कहते हैं। कभी ऐसा करो कि सबकुछ किनारे रख निकल जाओ एक अनजान यात्रा पर। भोर के पहर बैठो किसी नदी के किनारे। कल-कल बहती नदी की यात्रा को देखो। सुनो पंछियों का कलरव गीत। किसी डाली के ऊपरी पत्ते से टपकती ओस की बुंदों को देखो और देखो किसी पहाड़ी के पीछे से उगते हुए सूरज को, तुम्हारे मन की कलियां खिल उठेंगी। तुम उमंग से भर उठोगे। तो आप भी निकल जाईए ऐसी ही किसी खुशियों की यात्रा पर। याद रखिये उदासियों को हम बुलाते हैं। लेकिन खुशियां हमारे भीतर ही होती हैं। बस जरूरत है उसे तलाशने की। उससे एकाकार करने की और उसमें रम जाने की।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष में परमाणु हथियार ले जाने पर लगे प्रतिबंध

अमेरिका और जापान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं जिसमें सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात या विकसित न करने का आह्वान किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने सोमवार को सुरक्षा परिषद की एक बैठक में कहा कि ''पृथ्वी के आसपास की कक्षा में परमाणु हथियार स्थापित किया जाना अभूतपूर्व, खतरनाक और अस्वीकार्य होगा।'' अमेरिका और जापान के इस प्रस्ताव का समर्थन करने की घोषणा तब की गयी है जब व्हाइट हाउस ने पिछले महीने पुष्टि की थी कि रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है, हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी संचालन में नहीं है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बाद में घोषणा की थी कि मॉस्को का अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने का कोई इरादा नहीं है।



## ऑफ बीट

# बालों के झड़ने का छिपा हुआ नस्लवादी इतिहास



पुरुषों और महिलाओं में बालों का झड़ना आम है, खासकर उम्र के साथ – उदाहरण के लिए, एंड्रोजेनिक एलोपेसिया (या पैटर्न गंजापन) 80% पुरुषों को और 40% महिलाओं को प्रभावित करता है। अधिकांश समय में यह शारीरिक रूप से महत्वहीन हो सकता है। फिर भी, आधुनिक समाज में बालों के झड़ने के प्रति अरुचि है। देखिये कि कैसे समाचारों में इस बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या दस वर्षीय प्रिंस जॉर्ज और उनके छोटे भाई लुइस को अपने पिता के ''गंजेपन के जीन'' विरासत में मिलेंगे। बाल बहाली प्रक्रियाओं का बाज़ार 2026 तक 10 अरब पाउंड होने का अनुमान है। आप बच्चों के लिए ऐसे विग भी खरीद सकते हैं जो तीन साल तक के बच्चों को ''अधिक आकर्षक'' बनाने का दावा करते हैं। यह हमेशा से ऐसा नहीं था. प्राचीन मिस्र से लेकर 18वीं सदी के इस्सिनी (आधुनिक घाना) के लोगों तक, कई संस्कृतियों और इतिहास में गंजेपन का सम्मान किया जाता रहा है।

## ट्रेंड

### राम राज्य की अनुभूति



आवास योजना के लाभार्थी से मिलकर राम राज्य की अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार के मुखिया के रूप में गरीब को घर दिया, मुफ्त इलाज दिया, अन्न दिया, मुफ्त गैस चूल्हा दिया। आज हर माँ-बहन, बेटी अपना जीवन सुखमय व्यतीत कर रही है।
-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### पर्यावरण को नुकसान



क्लाइमेट क्राइसिस हमें वह सब कुछ फिर से सिखा रहा है जो मनुष्य जानता था, लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद से हम भूल गए हैं। जब हम अपने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम खुद को नुकसान पहुंचाते हैं।
-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### अर्थ बदलने की कोशिश



मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आसानी से स्क्रीन होगा



सीआरआईएसपीआर जीनोम-संपादन के एक प्रकार का उपयोग करना जिसे प्राइम एडिटिंग के रूप में जाना जाता है, एमआईटी शोधकर्ताओं ने कैंसर से जुड़े आनुवांशिक उत्परिवर्तन को अधिक आसानी से स्क्रीन करने के लिए विधि विकसित की है।
-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सलेम में अपने खास साथी को याद करके भावुक हो गए पीएम मोदी

# इंडि गठबंधन वाले जान-बूझकर कर रहे हिंदू धर्म का अपमान किसी अन्य धर्म के खिलाफ इनका एक शब्द भी नहीं निकलता

एजेंसी ▶▶| (सलेम) तमिलनाडु

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के सलेम में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए। पीएम मोदी ने इस दौरान अपने दिवंगत पूर्व साथियों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि केएन लक्ष्मण ने पार्टी के लिए बहुत काम किया। उनका योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता।

पीएम मोदी ने पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को याद करते हुए कहा कि मैं रमेश को नहीं भूल सकता। रमेश ने पार्टी के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की और वह एक अच्छे वक्ता थे। पार्टी में उनका योगदान अतुलनीय रहा है, लेकिन आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम मोदी थोड़ी देर के लिए रुके, फिर अपना भाषण शुरू किया।



*पीएम ने सलेम में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी भावुक हो गए। पीएम मोदी ने इस दौरान अपने दिवंगत पूर्व साथियों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि केएन लक्ष्मण ने पार्टी के लिए बहुत काम किया। उनका योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता। पीएम मोदी लोकसभा चुनाव से पहले 5 दिन के लिए दक्षिण भारत के दौरे पर हैं।*



### तमिलनाडु ने हिंदू धर्म में शक्ति को पहचाना



पीएम मोदी ने कहा कि अभी तो चुनाव अभियान की शुरुआत हुई है। लेकिन इंडि एलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गए हैं। ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है। हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है।

### ये हिंदू धर्म को अपशब्द कहने में देर नहीं लगाते

पीएम मोदी ने कहा कि ये इंडि एलायंस वाले लोग बार-बार और जान-बूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। किसी धर्म का अपमान डीएमके और कांग्रेस का इंडि एलायंस नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।

### शक्ति को खत्म करने का विचार रखने वालों का होगा 'विनाश'

हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं। ऐसे लोगों को हराने की शुरुआत 19 अप्रैल को सबसे पहले मेरा तमिलनाडु करेगा। अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट भाजपा को जाएगा, एनडीए को जाएगा। तमिलनाडु तय कर चुका है अबकी बार 400 पार!

### भाजपा की योजनाओं में नारी-शक्ति

पीएम ने कहा कि मोदी देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला एलपीजी गैस कनेक्शन दिए। हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है।



### जदयू के राष्ट्रीय महासचिव का इस्तीफा

दरभंगा सीट पर उम्मीद लगाए बैठे जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव अली अशरफ फातमी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सीट बंटवारे के बाद मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंन जदयू के राष्ट्रीय महासचिव समेत तमाम पदों के साथ सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। वे राष्ट्रीय जनता दल से केंद्र में मंत्री भी रहे थे। नीतीश राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो उन्हें भी राष्ट्रीय महासचिव का पद दिया।

**शाह और तावड़े से मिले राज ठाकरे**



### एनडीए में शामिल होने की अटकलें

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में उठापटक जारी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे। कुछ देर उनसे बात की। राज सोमवार की रात को ही दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात की। चुनाव से पहले चर्चा है कि वे एनडीए में शामिल हो सकते हैं।

**उद्धव और शरद पवार से दूरी**



### कांग्रेस खेमे में जाएंगे प्रकाश आंबेडकर

महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी में सीट का पेंच अभी भी उलझा हुआ है। सीट बंटवारे के संकट के बीच अब वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखकर महाराष्ट्र की सात सीटों पर समर्थन देने की बात कही है। इस चिट्ठी के जरिए उन्होंने शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी एनवीए से दूरी बनाने के संकेत भी दे दिए हैं।



### पीलीभीत से वरुण का टिकट काटेगी भाजपा!

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल बज चुका है। अप्रैल-मई में वोटिंग के बाद चार जून को नतीजे आने हैं। यूपी में भाजपा ने ज्यादातर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है, लेकिन अब जिस पर सबकी नजरें हैं, वे वरुण गांधी हैं। पीलीभीत सीट से वर्तमान सांसद वरुण गांधी लंबे अरसे तक अपनी ही राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ बयान देते रहे। बीच-बीच में उनके पार्टी से नाराज होने की भी जानकारियां सामने आईं।

**कुशवाहा की एनडीए से नाराजगी दूर**



### भाजपा के 'ऑफर' को किया स्वीकार

उपेंद्र कुशवाहा की एनडीए के साथ डील फाइनल हो गई है। उपेंद्र कुशवाहा अब एनडीए से नाराज नहीं हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े से मुलाकात की। मुलाकात को लेकर तावड़े ने कहा कि सीट बंटवारे के पहले ही कुशवाहा को बताया गया था लोकसभा की एक सीट व विधान परिषद की एक सीट दी जाएगी।

**पशुपति ने दिया इस्तीफा**



### पार्टी में नहीं मिला चिराग जैसा सम्मान

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। पारस ने कहा कि उनको एनडीए में उचित सम्मान नहीं मिला। इस पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा एनडीए सभी का सम्मान करती है और सभी को अवसर देती है। भाजपा पुराने सदस्यों का सम्मान करती है। हमने उन्हें भी अवसर दिया, कैबिनेट मंत्री बनाया है।



### भाजपा में शामिल हुए तरणजीत, अमृतसर को करेंगे विकसित

अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल हुए। वे अमृतसर के रहने वाले है।भाजपा में शामिल होने के बाद संधू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मैंने पीएम मोदी के नेतृत्व के साथ मिलकर काम किया है, खासकर अमेरिका और श्रीलंका के साथ। आज विकास की बहुत जरूरत है और। यह विकास अमृतसर तक भी पहुंचना चाहिए।

**एआईएमआईएम के लिए करें दुआ**



### हैदराबाद सीट इत्तेहाद कुर्बानियों की निशानी

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी तेलंगाना की हैदराबाद सीट से एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव के लिए ओवैसी हैदराबाद में चुनाव प्रचार में जुट गए हैं उन्होंने कहा कि हैदराबाद की संसदीय सीट आपकी आवाज है और आपकी इत्तेहाद की निशानी है। इतना ही नहीं ओवैसी ने लोगों से उनकी पार्टी को वोट देने के साथ दुआ देने की भी मांग की।

## खबर संक्षेप

### फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व पुलिसकर्मी को उम्रकैद



**मुंबई।** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को 2006 में रामनारायण गुप्ता के फर्जी मुठभेड़ के मामले में दोषी ठहराया। अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। रामनायाण गैंगस्टर छोटा राजन का कथित रूप से करीबी सहयोगी था। न्यायमूर्ति रेवती मोहित डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी कार्ति को समन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सांसद और पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें चाइनीज वीजा केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट में पेशी का आदेश दिया है। ईडी ने अभियोजन की शिकायत पर केस दर्ज किया था और दायर चार्जशीट में भी उनका नाम था। अब कार्ति को 5 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में पेश होना होगा।

### दूसरी बार सांसद बने संजय, शपथ ग्रहण की



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा सचिवालय में शपथ ली। जनवरी में उन्हें पार्टी ने दोबारा से राज्यसभा के लिए नामित किया था। तकनीकी कारणों की वजह से उनकी शपथ टल रही थी। सिंह अभी जेल में हैं और कोर्ट की परमिशन लेकर शपथ लेने पहुंचे थे। राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति ने उन्हें शपथ दिलाई।

### अजान के दौरान हनुमान चालीसा बजाने पर पिटाई से तनाव

# भाजपा सांसद सूर्या भी सड़क पर उतरे, बड़े आंदोलन की दी धमकी

दुकानदार की पिटाई की घटना से तनाव बढ़ा, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

यहां अजान के दौरान हनुमान चालीसा बजाने पर एक दुकानदार की पिटाई की घटना से तनाव पैदा हो गया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में अब विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

शहर में मंगलवार को भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन किया और इसमें सांसद तेजस्वी सूर्या भी मौजूद रहे। तेजस्वी सूर्या को पुलिस ने कुछ देर के लिए हिरासत में भी ले लिया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने अल्टिमेटम दिया कि कल यानी बुधवार शाम 4 बजे तक सभी आरोपी अरेस्ट हो जाने चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो फिर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।शहर के सिद्दाना इलाके में जुटे लोगों ने जय श्री राम के नारों और भगवा झंडों के साथ प्रदर्शन किया। इन लोगों का कहना था कि आरोपियों को तुरंत अरेस्ट किया जाए।

**बुधवार तक आरोपी सलाखों में हों**

### किसी तरह की हीलाहवाली मंजूर नहीं

इस मामले में किसी तरह की हीलाहवाली करने की जरूरत नहीं है क्योंकि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। रविवार को यह घटना हुई थी, जब कुछ उपद्रवी तत्वों ने एक दुकादार पर इसलिए हमला कर दिया क्योंकि उसने तेज आवाज में हनुमान चालीसा बजा रखा था।



### राज्य सरकार को दिया अल्टीमेटम

सूर्या भी सड़क पर उतरे। उन्होंने प्रदर्शन में शामिल होते हुए बुधवार तक का अल्टिमेटम भी दिया। तेजस्वी ने कहा, कैसे आम लोगों का ऐसी सरकार पर भरोसा जगेगा। इस मामले में मुख्य आरोपियों के नाम ही पूरे केस से बाहर कर दिए गए।

### कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण न करे

भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि क्या कांग्रेस शासित राज्य में हनुमान चालीसा पर भी बैन लग गया है? भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि यह सरकार कानून व्यवस्था बनाने में फेल रही है। तुष्टिकरण के चक्कर में उपद्रवियों को बढ़ावा मिल रहा है।

### सूर्या को पुलिस ने पकड़ा



यहां एक दुकानदार को कुछ लोगों के समूह द्वारा पीटे जाने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। दुकानदार के समर्थन में मंगलवार को भारी संख्या में लोग बेंगलूरू के सिद्दान्ना लेआउट इलाके पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने में पुलिस के पसीने छूट गए। वहीं भाजपा सांसद सूर्या भी प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

*उधर, गुजरात यूनिवर्सिटी की वीसी बोलीं*

### सिर्फ नमाज़ नहीं हो सकती हमले की वजह



**अहमदाबाद।** गुजरात विश्वविद्यालय हॉस्टल में नमाज पढ़ रहे पांच विदेशी छात्रों पर हुए हमले के विवाद को लेकर अब विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. नीरजा गुप्ता का बयान सामने आया है। वीसी का कहना है कि छात्रों पर हमले का सिर्फ एक कारण नमाज पढ़ना नहीं था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विदेशी छात्रों को अपने खाने-पीने की आदतों का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें 'शाकाहारी समाज' की भावनाओं को देखते हुए आदतों और आचरण को संवेदनशील बनाने की ज़रूरत है। जिन छात्रों पर हमला हुआ था वह अफ्रीकी देशों, अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान के रहने वाले हैं।

**शरद पवार को शीर्ष कोर्ट से राहत नहीं मिली**

# अजित गुट ही करेगा एनसीपी के चुनाव चिन्ह 'घड़ी' का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र में असली एनसीपी की लड़ाई को लेकर शरद पवार को सुप्रीम कोर्ट से एक और झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एनसीपी के इलेक्शन सिंबल 'घड़ी' के इस्तेमाल को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 'घड़ी' चिन्ह का इस्तेमाल अजित पवार की पार्टी ही करेगी।



### चुनाव आयोग को दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने शरद गुट को एनसीपी शरदचंद्र पवार नाम से ही लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की परमिशन दे दी है। सके चुनाव चिह्न ट्रम्पेट को भी मान्यता दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी निर्देश जारी कर दिया है।

**मुंबई से मथुरा पहुंचा शख्स**

# बांके बिहारी मंदिर में पूजा के बाद आया हार्ट अटैक, हो गई मौत

एजेंसी ▶▶| मथुरा

वृंदावन में स्थित ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ये व्यक्ति मंगलवार को दर्शन करने पहुंचा था।

मुंबई के रहने वाले इस शख्स की मौत भीड़ में दम घुटने के कारण हुई है। मौके पर मौजूद चिकित्सकों के दल ने उसके इलाज का प्रयास कियाथा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। चिकित्सकों ने दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की बात कही है। प्रभारी डॉ.भूदेव प्रसाद ने बताया कि साईं कोलीवाड़ा की कर्मक्षेत्र के सुनील मांगो को मंदिर के अंदर भीड़ में सांस लेने में दिक्कत हुई थी।



**जांच में खुलासा**

# ड्राइवरों के झगड़े में टकराई एक्सप्रेस और मालगाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अजमेर में एक दिन पहले हुए ट्रेन एक्सीडेंट का कारण लोको पायलट और असिस्टेंट लोको पायलट का झगड़ा था। जांच रिपोर्ट के अनुसार दोनों आरोपी ड्राइवरों ने माना है कि वे ट्रेन की स्पीड को लेकर उलझे हुए थे। इस दौरान दोनों होम सिग्नल पर ब्रेक लगाना भूल गए। इस बात का खुलासा प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हुआ है। साबरमती-आगरा कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12548) के चार डिब्बे सोमवार रात करीब 1 बजे पटरी से उतर गए थे।



### स्पीड पर उलझे

बताया जा रहा है कि साबरमती ट्रेन के लोको पायलट और सहायक पायलट स्पीड को लेकरआपस में उलझ गए थे। दोनों के बीच ट्रेन की 50 किमी की स्पीड को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के कारण साबरमती सुपर फास्ट ट्रेन वहीं से गुजर रही मालगाड़ी से टकरा गई।

**महिला ने वीडियो शेयर कर की ट्रेन में चूहा घूमने की शिकायत**

# 3 मिनट में रेलवे बोला-अधिकारी को भेज दी 'समस्या'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आज भारतीय रेल अपनी कामयाबियों को गिना रही है। वंदे भारत ट्रेन का प्रचार धड़ल्ले से किया जा रहा है। देश में बुलेट ट्रेन और रैपिड ट्रेन जैसी सुविधाओं को शुरू किया जा रहा है। लेकिन देश में चलने वाली रेलगाड़ियों में कभी-कभी अव्यवस्था भी मिल जाती है।

ट्रेनों में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। गंदगी से भी लोग परेशान हैं। हाल में इसी हकीकत को बयां कर रहा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजा से वायरल हो रहा है जिसमें एक कोच में गंदगी से निकला चूहा इधर-उधर घूमते हुए दिखा रहा है।

### जस्मिता ने दो क्लिप बनाई, पोस्ट कर रेलवे को किया टैग



### महिला ने पोस्ट में कैप्शन भी लिखा

ट्रेन में चूहे को देख एक महिला यात्री डर गई और उसने चूहे का एक वीडियो बनाकर ट्विटर पर पोस्ट कर रेलवे को टैग कर दिया। पोस्ट के अनुसार महिला यात्री का नाम जस्मिता है। जस्मिता ने 19 मार्च को ये वीडियो पोस्ट किया और रेलवे से शिकायत की। महिला यात्री ने वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा- इस ट्रेन यात्रा के दौरान चूहों को इधर-उधर घूमते और साफ-सफाई की भयावह स्थिति देखकर हैरान हूं।

### शीशे पर धूल गंदगी को भी दिखाया

इसके साथ ही जस्मिता ने रेल मंत्रालय, मध्य रेलवे और रेलवे सेवा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट्स को टैग भी किया। जस्मिता की पोस्ट में दो वीडियो क्लिप हैं। पहले वीडियो में एक चूहे को कोच में एक सीट के आसपास इधर-उधर भागते देखा गया, जबकि दूसरे क्लिप में ट्रेन में गंदगी को दिखाया गया है। वीडियो में दिखा रहा है कि कोच में लगे शीशे पर धूल लगी हुई थी।

### संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के लिए कहा

जस्मिता ने ये पोस्ट मंगलवार दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर किया था। पोस्ट के तीन मिनट बाद ही रेलवे सेवा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से जवाब आया। रेलवे सेवा ने महिला यात्री से टिकट विवरण साझा करने के लिए कहा गया। इसके बाद महिला यात्री ने अपनी पीएनआर नंबर और जरूरी डिटेल्स शेयर किए जिसके बाद रेलवे सेवा का एक और रिप्लाई आया जिसमें लिखा था- आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को भेज दिया गया है।

खबर संक्षेप

## एनएचएआई ने 16,000 करोड़ रुपये से अधिक का सबसे बड़ा इनविट मुद्रीकरण पूरा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट, नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट (एनएचआईटी), राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के लिए 16,000 करोड़ रुपये से अधिक के उद्यम मूल्य पर 'इनविट राउंड -3' का वित्त पोषण कर रहा है। कुल 889 कि.मी. लंबाई सफलतापूर्वक प्राप्त की गई है यह NHAI द्वारा अब तक का सबसे बड़ा मुद्रीकरण है और भारतीय सड़क क्षेत्र के इतिहास में सबसे बड़े लेनदेन में से एक है। 'इनविट राउंड-3' के माध्यम से अब तक का सबसे अधिक रियायत मूल्य बढ़ाने के लिए स्वीकृति पत्र (एलओए) पिछले महीने फरवरी 2024 में जारी किया गया था। मुद्रीकरण के तीसरे दौर में, NHIT ने यूनिट पूंजी के माध्यम से प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों से लगभग 7,272 करोड़ रुपये जुटाए।

## थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क HLA टाइपिंग शिविर 'संकल्प' का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए HLA (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) की जाँच के साथ-साथ सिकल सेल बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए डॉक्टर से परामर्श की सुविधा हेतु ₹संकल्प₹ शिविर का आयोजन किया गया। त्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार और झारखंड से थैलेसीमिया एवं सिकल सेल बीमारी से पीड़ित मरीजों के 180 से अधिक परिवार के सदस्यों ने इस शिविर में भाग लिया और अपने मुँह से स्वैब के नमूने दिए। काश फाउंडेशन की ओर से नारायणा हेल्थ बेंगलुरु और DKMS BMST फाउंडेशन इंडिया के डॉ. सुनील भट की अगुवाई में डॉक्टरों की एक टीम के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया गया।

# दुनिया के इनोवेटिव कंपनियों के लिस्ट में टाटा ग्रुप ने बचाई भारत की लाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। साथ ही यह देश के सबसे पुराने औद्योगिक घरानों में शामिल है। लेकिन यह दुनिया की टॉप 50 इनोवेटिव कंपनियों में शामिल भारत की एकमात्र कंपनी है। बीसीजी ग्लोबल इनोवेशन सर्वे 2023 में शीर्ष 50 इनोवेटिव कंपनियों की सूची में अमेरिका का दबदबा है। अमेरिका की 25 कंपनियों को इसमें जगह मिली है। चीन की आठ कंपनियां इस लिस्ट में शामिल हैं। शीर्ष पांच में सभी कंपनियां अमेरिका की हैं। अगर टॉप 10 की बात करें तो इनमें अमेरिका की छह, चीन की दो, दक्षिण कोरिया की एक और जर्मनी की एक कंपनी शामिल है। टॉप 10 में भारत की किसी भी कंपनी को जगह नहीं मिली है।

### विश्व की शीर्ष 50 इनोवेटिव कंपनियों में 25 अमेरिका की, इस सूची में भारत की केवल एक ही कंपनी को जगह

### अमेरिका की एप्पल पहले स्थान पर

इस सूची में टाटा ग्रुप 20वें नंबर पर है। लिस्ट में पहले छह नंबर पर अमेरिका की कंपनियां काबिज हैं। आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पहले, एलन मस्क की ईवी मेकर कपंनी टेस्ला दूसरे, अमेजॉन तीसरे, गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट चौथे, माइक्रोसॉफ्ट पांचवें और मॉडर्ना छठे नंबर पर है।




### टाटा का कारोबार नमक से लेकर कार तक

भारत का टाटा ग्रुप इस लिस्ट में 20वें नंबर पर है। टाटा ग्रुप कई तरह का कारोबार करता है और इसकी दो दर्जन से ज्यादा कंपनियां लिस्टेड हैं। टाटा ग्रुप मार्केट कैप के हिसाब से देश का सबसे बड़ा ग्रुप है। नमक से लेकर लग्जरी कार तक बनाकर देने वाले इस ग्रुप की शुरुआत 1868 में हुई थी। आज कई सेक्टर्स में इसका दबदबा है।

**टाटा का मार्केट कैप पाकिस्तान के जीडीपी से ज्यादा**

टीसीएस देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी है जबकि स्टील में टाटा स्टील, ऑटो में टाटा मोटर्स और होटल सेक्टर में इंडियन होटल कंपनी का दबदबा है। एयर इंडिया की घर वापसी के बाद एविएशन सेक्टर में टाटा ग्रुप बड़ी ताकत बनकर उभरा है। टाटा की ताकत का जलवा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका मार्केट कैप पाकिस्तान की कुल जीडीपी से ज्यादा है।

### द. कोरिया की सैमसंग सातवें स्थान पर

इस लिस्ट में दक्षिण कोरिया की दिग्गज टेक कंपनी सैमसंग सातवें, चीन की टेलीकॉम इक्विपमेंट कंपनी हुआवे आठवें और ईवी मेकर बीवाईडी नौवें और जर्मनी की सीमंस दसवें नंबर पर है। इसके बाद 11वें से 19वें तक सारी अमेरिकन कंपनियां हैं। इनमें फाइजर, जॉनसन एंड जॉनसन, स्पेसएक्स, एनवीडिया, एक्सनमोबाइल, मेटा, नाइकी, आईबीएम और 3एम शामिल हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the Share Certificate(s) No.22739 for 1600 equity shares of Rs. 2/- each bearing distinctive no.s 2809781 to 2810580 and 89661441 to 89662240 of DCM Shriram Limited registered in the name of Mr. Jayant Jaipal Singh (Folio No.: 00057478) has been lost and he has applied to the Company to issue duplicate certificate(s). Any person who has any claim in respect of the said shares certificate(s) should lodge such claim with the Company at its Registered Office at 2nd Floor (West Wing), Workmark-1, Aerocity, New Delhi-110037 within 15 days of the publication of this notice, after which no claim will be entertained and the Company will proceed to take necessary action.

For DCM Shriram Ltd.
Sd/-
Sameet Gambhir
(Company Secretary)
Date: 19.03.2024

# भारत की आठ प्रतिशत की वृद्धि दर कायम रहेगी, और ऊपर भी जा सकती है : आरबीआई

### अर्थव्यवस्था की स्थिति पर जारी बुलेटिन में कहा, देश का अनुकूल आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजूबत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

### सब्सिडी में कमी से वृद्धि दर बढ़ी

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है।

### बैंकों के मजबूत बही-खातों की होगी भूमिका

लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया, 'दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है।




### वृद्धि दर औसतन आठ फीसदी से ऊपर रही

लेख के लेखकों ने कहा, 'वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से ऊपर रही है। ...और अंतर्निहित बुनियादी बातों से संकेत मिलता है कि इसे कायम रखा जा सकता है और इसे और ऊपर ले जाया जा सकता है।'

### मौसम संबंधी जोखिम बढ़े हैं

लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है। इसमें कहा गया है कि इसके विपरीत भारतीय अर्थव्यवस्था एक अनुकूल वृहद आर्थिक माहौल का अनुभव कर रही है जो इसके वृद्धि पथ में तेजी लाने के लिए आधार हो सकता है।

### मुद्रास्फीति लक्ष्य पर लाने खाद्य कीमतें बन रही बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी।

### महंगाई लगातार घट रही

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा, 'भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है।'

### जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी

लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

## विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 736 अंक टूटा, निफ्टी 22,00 से नीचे

**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर 21,817.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे।

## उत्तर रेलवे द्वारा क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, श्री शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2024 को कॉन्फ्रेंस हॉल, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्य कारखाना प्रबंधकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2022 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर रेलवे को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेलमंत्री राजभाषा शील्ड और रेल इंजन कारखाना, चारबाग लखनऊ को आदर्श कारखाना के रूप में रेलमंत्री राजभाषा शील्ड और नकद पुरस्कार प्रदान करने के लिए चुना गया है। उन्होंने ई-ऑफिस में हिंदी का कार्य और बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर (समाडि), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं.-M-249-2-I-CNW-Misc-RMR-BT के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिये सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैः-
कार्य का नामः "सप्लाई, इन्स्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ मशीन एंड इक्यूपमेन्ट फॉर सेटिंग अप आफ इन हाउस टेस्टिंग फैसिलिटीज फॉर द क्वालिटी चैक ऑफ द इफ्लूऐन्ट डिस्चार्जड फ्रॉम बायोटायलेट एट सी० एण्ड डब्लू० डिपो रामनगर", कार्य की अनुमानित लागत (रू.मे): ₹ 13,34,728.48, बयाना राशि (रू.मे): ₹ 26,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य की अवधिः स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 90 दिन तक
• ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः दिनांक 10-04-2024 को समय 15:00 बजे।
• निविदाकार ई-निविदा को दिनांक 10-04-2024 को समय 15:00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं ई-निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल यॉंत्रिक इंजी०(समाडि)
मुजाधि/यॉंत्रिक-137 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**सार्वजनिक नोटिस**

**पंजीकरणः प्लॉट नंबर 12ए, सेक्टर-27सी औद्योगिक क्षेत्र, फरीदाबाद**

प्लॉट नंबर 12ए, सेक्टर-27सी, औद्योगिक क्षेत्र, फरीदाबाद, 1144 वर्ग गज का प्लॉट वुडलैंड इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, निवासी 913, हेमकुंट चैंबर 89, नेहरू प्लेस नई दिल्ली-110019 को औद्योगिक परियोजना की स्थापना के लिए नियमित आवंटन/पुनःआवंटन पत्र दिनांक **09.11.2012** के माध्यम से आवंटित किया गया था, इसके अलावा, मूल आवंटी के अनुरोध पर पीटीएल पत्र दिनांक 09.11.2012 के तहत एक शर्त के अधीन कि आवंटी/प्रस्तावित अंतरिती को मूल नियमित आवंटन पत्र/पुनःआवंटन पत्र संख्या 26733 दिनांक 09.11.2012 एचएसआई आईडीसी, फरीदाबाद के कार्यालय में जमा करना होगा, वुडलैंड इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में जारी किया गया।


निगम को सूचित किया गया है कि मूल नियमित आवंटन पत्र (आरएलए) संख्या 26733 दिनांक 09.11.2012 खो गया है और इस संबंध में संबंधित पुलिस स्टेशन में पहले ही एफआईआर/डीडीआर दर्ज की जा चुकी है।

निगम उनके अनुरोध पर विचार करने और उक्त भूखंड को वुडलैंड इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में है, इसलिए इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त हस्तांतरण पर आरक्षण/ आपत्ति रखने वाला कोई भी व्यक्ति लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त स्थानांतरण पर आपत्ति/आपत्ति है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर एक शपथ पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर किसी भी व्यक्ति का कोई भी अधिकार/दावा किसी भी अदालत में कायम नहीं किया जा सकेगा। खोया हुआ नियमित आवंटन पत्र संख्या 26733 दिनांक 09.11.2012 अमान्य माना जाएगा।

संपत्ति प्रबंधक
हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड के लिए एवं की ओर से
शाखा कार्यालय
आईएमटी, फरीदाबाद

## सोने में 110 रुपये की तेजी, चांदी 500 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 110 रुपये की तेजी के साथ 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पूर्व यह 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा थी, जो पिछले बंद भाव से 110 रुपये की तेजी है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,159 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से तीन डॉलर की मजबूती को दर्शाता है। बुधवार को होने वाली सबसे महत्वपूर्ण अमेरिकी फेडरल रिजर्व मौद्रिक नीति बैठक के नतीजे से पहले सोने की कीमतों में एक सीमित दायरे में कारोबार हुआ।



## बीएचईएल को 2x800 मेगावाट के सिंगरौली सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को ईपीसी आधार पर 2x800 मेगावाट सिंगरौली सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (एसटीपीपी) स्टेज- III की स्थापना के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से ऑर्डर मिला है। यह संयंत्र उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सिंगरौली में मौजूदा 2,000 मेगावाट के थर्मल पावर स्टेशन के निकट स्थापित किया जाएगा। विशेष रूप से, 1982 में बीएचईएल द्वारा स्थापित, सिंगरौली टीपीएस उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी का पहला बिजली संयंत्र था। बीएचईएल द्वारा सिंगरौली में पहले स्थापित मशीनें कमीशनिंग के बाद से बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। परियोजना के लिए प्रमुख उपकरणों की आपूर्ति बीएचईएल की हरिद्वार, त्रिची, बेंगलुरु, हैदराबाद, रानीपेट और भोपाल स्थित विनिर्माण इकाइयों द्वारा की जाएगी। बीएचईएल अपने अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने अगली दो तिमाहियों में 200 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध (पीएचएफ / आईएनई405एन01016), जमा स्वीकार करने वालीएनबीएफसी, पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड, जिसका मुख्यालय जालंधर, पंजाब में है, ने अगली दो तिमाहियों के लिएअपनी भर्ती योजनाओं की घोषणा की है। कंपनी अपनी विकास योजनाओं और नए कार्यालय खोलने को ध्यान में रखतेहुए, अगली दो तिमाहियों में विभिन्न क्षेत्रों में 200 अन्य लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य बना रही है। इस समय उसके400+ कर्मचारी हैं।पीएचएफ लीजिंग "ए" श्रेणी की जमा लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक के साथपंजीकृत है। पीएचएफ लीजिंग तेजी से विकास कर रही है, पिछले 3 वर्षों में 100% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके लिए नएभौगोलिक क्षेत्रों और नए सेगमेंट (प्रॉपर्टी और इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल व्हीकल्स पर ऋण) में काम शुरू हुआ है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**ज्योतिष**

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले



तंत्र-मंत्र के सम्राट
मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रुकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रुकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**जॉब**

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

## नीट/जेईई की तैयारी के लिए टॉपर्स टिप्स : सफलता का मूल-मंत्र

**नई दिल्ली।** आकाश इंस्टीट्यूट ने अपने 35 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ, शिक्षा के क्षेत्र में विश्वास और पहचान हासिल की है। हाल ही में यहाँ के छात्रों दवारा प्राप्त की गई ये उपलब्धियाँ नीट और जेईई में इस इंस्टीट्यूट द्वारा निरंतर शानदार परिणाम देने का प्रमाण है। इस बार आयोजित जेईई (मुख्य) 2024 सत्र 1 परीक्षा में, आकाशियंस ने एक बार पुनः शानदार परिणाम दिए हैं। इस परीक्षा में हमारे 939+ होनहार छात्रों ने कुल मिलाकर 99+ पर्सेन्टाइल हासिल किए हैं, और 143 से अधिक छात्रों ने कम से कम एक विषय भौतिकी/रसायन विज्ञान/गणित में परफेक्ट 100 पर्सेन्टाइल हासिल किए और जेईई (मुख्य) 2024 में 4198 आकाशियंस ने 95+ पर्सेन्टाइल हासिल किए हैं। नीट 2023 में, कुल 107009 आकाशियंस उत्तीर्ण हुए, जिनमें से शीर्ष 10 एआईआर में 6 रैंक, शीर्ष 50 एआईआ में 30 रैंक और शीर्ष 100 एआईआर में 57 रैंक शामिल हैं। कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों में विशिष्ट और विकासशील गुण होते हैं।




ऋषि शेखर — कौस्तव बाउरी — श्री राम

## आरईसी 4.5 रुपए प्रति शेयर का देगा लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी के निदेशक मंडल ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 4.5 रुपये के तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी। इससे पहले कंपनी दो अंतरिम लाभांश की घोषणा कर चुकी है। चालू वित्त वर्ष के लिए घोषित कुल अंतरिम लाभांश 6.5 रुपये प्रति शेयर है। आरईसी ने शेयर बाजार को बताया कि बोर्ड ने मंगलवार को हुई बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 4.50 रुपये की दर से अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, Hitesh Mahajan S/o Sh. Sandeep Mahajan R/o 154-B, DDA Flats, Sunlight Colony-2, Hari Nagar, Ashram, Jangpura, New Delhi-110014, am the Allottee/owner of DDA LIG Flat No.154-B on First Floor situated at Sunlight Colony, New Delhi-110014, I lost/misplaced all my Original Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip and NOC for water and electricity of the above said flat. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No:1522424/ 2024 dt. 07/03/2024 any person found the original documents may write/contact with above named person at above address/phone No.9999221788 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (Housing) or Asstt, Director(Housing), D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थिति :** 30-Elect-69-T-2023-24-E3 तीन वर्षों के लिए रेल भवन में एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम की मरम्मत, संचालन और सीएएमसी के संबंध में विद्युत कार्य | |
| **निविदा की अनुमानित लागत :** रु. 59.88 लाख | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| **बयाना राशि :** रु. 1,19,800.00 | |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समय :** 12.04.2024, 12.00 बजे | |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समय :** 12.04.2024, 12.00 बजे | |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्ड :** www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली | |

870/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5458




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5457 का हल**





# आईपीएल में पंत, स्टार्क, कमिंस, अय्यर जैसे स्टार खिलाड़ियों की हो रही है वापसी



## धोनी, प्लेसिस, साहा-कार्तिक होंगे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण में 22 मार्च को पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। 20 ओवर के इस खेल में सभी टीमें युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखाती हैं, लेकिन कुछ टीमें उम्रदराज और अनुभवी खिलाड़ी को ज्यादा तरजीह देती हैं। ऐसे में आइए इस सीजन में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और उनके आंकड़ों पर डालते हैं एक नजर।



### धोनी : 42 साल 255 दिन

चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की उम्र 42 साल 255 दिन है। वह आईपीएल 2024 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

### फाफ डू प्लेसिस 39 साल 249 दिन

धोनी के बाद आईपीएल में संयुक्त रूप से सबसे उम्रदराज खिलाड़ी आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस हैं। उनकी उम्र इस समय 39 साल 249 दिन है।

### साहा और नबी उम्र भी 39 साल

गुजरात टाइटंस के रिद्धिमान साहा की उम्र 39 साल 146 दिन और कोलकाता नाइट राइडर्स के मोहम्मद नबी की उम्र भी 39 साल 77 दिन है। साहा ने आईपीएल में 161 मैच खेले हैं।

### दिनेश कार्तिक : 38 साल 291 दिन

*आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 38 साल 291 दिन के हो चुके हैं। वे पहले ही कह चुके हैं कि यह उनका आखिरी सीजन होगा। वह अब तक 242 मैच खेल चुके हैं, वह सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। इस मामले में धोनी (250) और रोहित शर्मा (243) पहले 2 पायदान पर हैं। उन्होंने आईपीएल में 4,516 रन बनाए हैं। इसमें 20 अर्धशतक शामिल है।*

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आईपीएल का रोमांच शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का समय बचा हुआ है। इस सीजन आप कई ऐसे खिलाड़ियों को मैदान पर कमाल दिखाते हुए देखेंगे जो पिछले सीजन अलग-अलग कारणों से नहीं खेल पाए थे। कुछ तो ऐसे खिलाड़ी हैं जो सालों बाद वापसी कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों की वापसी से यह सीजन काफी दिलचस्प होने जा रहा है।

### ऋषभ पंत

दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज और कप्तान ऋषभ पंत 30 दिसंबर, 2022 को हुए सड़क हादसा का शिकार हुए थे। वह काफी रिहैब के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत के बगैर आईपीएल 2023 में डीसी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम अंक तालिका में 9वें स्थान पर रही थी। बता दें कि पंत के घुटने के 3 लिगामेंट की सर्जरी हुई, उनकी पीठ और जांघों की त्वचा का इलाज हुआ और इसके साथ ही उन्हें कई टांके भी लगे थे।



### पैट कमिंस



पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये देकर अपनी फ्रेंचाइजी के साथ जोड़ा है। वह टीम के कप्तान भी हैं। कमिंस आईपीएल 2023 का सीजन नहीं खेले थे। वह केकेआर की टीम का हिस्सा थे और उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ध्यान देना चाहते थे इसलिए, उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था। आईपीएल में उन्होंने 42 मैच खेले हैं, जिसमें 30.16 की औसत से 45 विकेट लिए हैं।

### जसप्रीत बुमराह

जसप्रीत बुमराह को आईपीएल 2023 से पहले बैक स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया था। इस कारण वह पूरा सीजन नहीं खेल पाए थे। हालांकि, इस सीजन वह खिलाड़ी एकदन नए अंदाज में वापसी करने जा रहा है। वह क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। आईपीएल के 120 मैच में उन्होंने 23.30 की औसत से 145 विकेट झटके हैं।

### मिचेल स्टार्क

मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी (24.75 करोड़) बनकर कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वे सिर्फ 2 सीजन 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे। साल 2018 में उन्हें केकेआर ने खरीदा था, लेकिन उन्होंने नाम वापस ले लिया था। स्टार्क ने आईपीएल में 27 मैच खेले हैं और 20.38 की उम्दा औसत और 7.17 की इकॉनमी रेट से 34 विकेट अपने नाम किए हैं।

### श्रेयस अय्यर

केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल 2023 में पीठ की चोट के कारण बाहर हो गए थे। ऐसे में फ्रेंचाइजी को नितीश राणा को नया कप्तान बनाना पड़ा था। हाल ही में यह खबर आई थी कि पीठ में चोट के कारण वह आईपीएल 2024 के शुरुआती मुकाबले नहीं खेलेंगे, लेकिन वह इन सभी खबरों को खारिज करते हुए टीम के साथ जुड़ चुके हैं। अय्यर ने आईपीएल के 101 मैच में 31.55 की औसत से 2,776 रन बनाए हैं।



## अंगकृष, अवनीश, चिकारा, अर्शिन और नूर सबसे कम उम्र के खिलाड़ी





इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में हर सीजन में युवा खिलाड़ी होते हैं और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ी को 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन' का खिताब भी मिलता है।

### अंगकृष रघुवंशी : 18 साल 287 दिन

अंगकृष रघुवंशी आईपीएल 2024 के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स केकेआर ने 20 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस खिलाड़ी ने अब तक 7 टी-20 मैच खेले हैं और 138 रन बनाए हैं। अंगकृष ने साल 2022 के अंडर-19 विश्व कप में 6 मुकाबले खेले थे और 278 रन बनाए थे। वह भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

### अरवेल्ली अवनीश : 18 साल 290 दिन

आईपीएल 2024 के लिए हुई नीलामी में अरवेल्ली अवनीश को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। वह हैदराबाद के रहने वाले हैं। अवनीश एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। इस खिलाड़ी ने अभी तक एक भी टी-20 मैच नहीं खेला है। अंडर-19 वनडे क्रिकेट में अवनीश ने 14 मैच खेले हैं और इसकी 12 पारियों में 175 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 60 रन रहा है।

### स्वास्तिक चिकारा : 18 साल 350 दिन

उत्तर प्रदेश के लिए खेलने वाले स्वास्तिक चिकारा को दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपये में अपनी टीम के साथ जोड़ा था। अभी तक वह एक भी टी-20 क्रिकेट मैच नहीं खेले हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में इस खिलाड़ी को 6 मैच में मौका मिला है। इस दौरान उन्होंने 33.33 की औसत से 200 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। उनके बल्ले से 1 शतक निकला है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 117 रन रहा है।

### अर्शिन कुलकर्णी : 19 साल 32 दिन

अर्शिन कुलकर्णी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का हिस्सा होंगे। उन्हें फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2024 के लिए दुबई में हुई नीलामी में 20 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा था। टी-20 क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ 6 मैच खेले हैं। इसकी 5 पारियों में उन्होंने 121 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने अपना हुनर दिखाते हुए 6 मैच में 4 विकेट अपने नाम किए हैं।

### नूर अहमद: 19 साल 75 दिन

अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज नूर अहमद गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल में खेलते हैं। उन्होंने साल 2023 में अपना डेब्यू किया था। वह अब तक 13 मुकाबले खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 16 विकेट झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/37 विकेट का रहा है।

## खबर संक्षेप



### हैदराबाद के पहले तीन मैच नहीं खेलेंगे हसारंगा

**कोलंबो।** आल राउंडर वानिंदु हसारंगा को 22 मार्च से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है जिससे वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के कम से कम पहले तीन मैच नहीं खेल पायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद ने हसारंगा को 1.5 करोड़ रूपये में उनके आधार मूल्य में खरीदा था। आईपीएल का अभी दो हफ्तों का ही कार्यक्रम घोषित हुआ है जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद का सामना 23 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा जबकि 27 मार्च को उसे हैदाराबाद में मुंबई इंडियंस से खेलना है। फिर 31 मार्च को उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। देखना होगा कि यह स्पिनर पांच अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपलब्ध होगा या नहीं।

### मणिपुर की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**पुणे।** हॉकी मणिपुर ने मंगलवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 के पूल जी मैच में उत्तराखंड को 11-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। कर्नाटक ने पूल जी के एक अन्य मैच में दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 13-0 से हरा दिया। मंगलवार को ग्रुप चरण का समापन हुआ। सभी क्वार्टरफाइनल 20 मार्च को होंगे जिसमें पहले मध्य प्रदेश का सामना बंगाल से होगा जबकि मेजबान महाराष्ट्र की भिड़ंत दूसरे क्वार्टरफाइनल में मणिपुर से होगी। तीसरे अंतिम आठ मुकाबले में झारखंड का सामना मिजोरम से होगा।

## मियामी ओपन में पदार्पण मैच में जीते सुमित नागल



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में हराकर शानदार शुरुआत की। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गजब का धैर्य और जज्बा दिखाया तथा क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6 (3) 6-2 से पराजित किया। नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं।

### राफेल के हटने पर बनाई थी जगह

नागल ने राफेल नडाल के अंतिम अवसर पर हटने के कारण अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस भारतीय खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी। अपने इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने में मदद मिली थी।

### सतीश क्वालीफिकेशन से स्विस ओपन में

**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** भारत के सतीश कुमार करूणाकर ने मंगवालर को यहां पहले दो पुरुष एकल क्वालीफायर मैच जीतकर स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में जगह बनायी। सतीश कुमार ने पहले क्वालीफिकेशन मैच में यूरियल फ्रांसिस्को कांजुरा अर्टिगा को 21-18 21-12 से हराया और फिर कोरिया के जोएन हयोक जि को पराजित किया। अनुभवी समीर वर्मा ने चौथे वरीय ब्राजील के यगोर कोएलो को 11-21 21-10 21-14 से मात दी। लेकिन वह अगले क्वालीफिकेशन मैच में अल्वी फरहान से हार गये। मिश्रित युगल क्वालीफिकेशन में सुमित बी रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने ब्राजील के डावी सिल्वा और सामिया लिमा को 21-12 21-17 से हराया।

## एनसीए ने कहा- सूर्यकुमार फिट नहीं आईपीएल के शुरुआती मुकाबले से होंगे बाहर

एजेंसी ▸▸ मुंबई


इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण का आगाज 22 मार्च से होगा। इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर आई है। टीम के प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने फिट घोषित नहीं किया है। ऐसे में वह 24 मार्च को एमआई के पहले मुकाबले में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यदि एनसीए ने उन्हें फिट घोषित करने में देरी की तो वह बाद के कुछ अन्य मुकाबलों से भी बाहर हो सकते हैं।



### सूर्यकुमार का हुआ फिटनेस टेस्ट

रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट हुआ था, लेकिन उसके बाद एनसीए ने उन्हें फिट घोषित नहीं किया है। इससे उनके आईपीएल के शुरुआती मैच में हिस्सा लेने की संभावनाओं को झटका लगा है। अब सूर्यकुमार का अगला फिटनेस टेस्ट 21 मार्च के लिए निर्धारित किया गया है।

## चोट के कारण अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे लियोनेल मेसी



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है।

## जयदेव उनादकट ससेक्स के लिए खेलेंगे पांच मैच, किया अनुबंध



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने काउंटी क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए फिर से पुरानी टीम और इंग्लिश क्लब ससेक्स से अनुबंध कर लिया है। वह इंडियन प्रीमियर लीग के बाद चैंपियनशिप के आखिरी 5 मैचों के लिए ससेक्स के साथ जुड़ेंगे। उनादकट ने पिछले सीजन में ससेक्स के लिए अंतिम 4 मैचों में से 3 खेले थे और 24.18 की औसत से 11 विकेट चटकाए थे। इससे टीम को डिवीजन-2 में तीसरा स्थान हासिल करने में मदद मिली थी।

### अनुबंध पर क्या दिया बयान?

नए अनुबंध पर उनादकट ने कहा, पिछले सीजन होव में मैंने लीसेस्टरशायर के खिलाफ आखिरी दिन 6 विकेट चटकाकर टीम को 15 रनों से रोमांचक दिलाने में मदद की थी। उन्होंने कहा, जब मुख्य कोच पॉल फार्ब्रेस ने मुझे इस सीजन के आखिरी चरण के लिए अनुबंध की पेशकश की तो मुझे बहुत खुशी हुई। उम्मीद है मैं टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

### वापसी पर क्या बोले फार्ब्रेस?

मुख्य कोच फार्ब्रेस ने कहा, उनादकट ने पिछले सीजन बेहतरीन प्रदर्शन किया था और उम्मीद है कि वह इस सीजन भी वही लय बरकरार रखेंगे। हम सभी खुश हैं कि उनादकट आखिरी 5 चैंपियनशिप मैचों के लिए द फर्स्ट सेंट्रल काउंटी ग्राउंड लौट रहे हैं। उन्होंने कहा वह एक बहुत अच्छे इंसान हैं। **आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हैं कप्तान :** उनादकट इस आईपीएल सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे और टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वह टीम के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक हैं। आईपीएल संस्करण के बाद वह काउंटी चैंपियनशिप के लिए रवाना होंगे।

### अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेगा टी-20 सीरीज

## महिलाओं से भेदभाव पर आस्ट्रेलिया खफा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस साल अगस्त में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 3 टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज को स्थगित कर दिया है।

दरअसल, सीए, अफगानिस्तान में महिलाओं की शिक्षा और रोजगार पर प्रतिबंधों से खफा है और उसने स्पष्ट किया है कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की बेहतर स्थिति की उम्मीद में वह अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से संबंध बरकरार रखेगा। बयान में सीए ने कहा दुनियाभर में क्रिकेट के खेल में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के समर्थन के लिए अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखी है।




### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जारी किया बयान

*सीए ने इस संबंध में जारी बयान में कहा है, सरकार की सलाह है कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के लिए हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं। इस कारण हमने अपनी पिछली स्थिति बरकरार रखी है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला को स्थगित करने का फैसला किया है।*

### आईसीसी और एसीबी के साथ करेंगे विचार

सीए ने कहा है, हम इस मामले में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एसीबी के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि भविष्य में द्विपक्षीय मैचों की बहाली के समर्थन में क्या कार्रवाई की जा सकती है। **सीए पहले भी रद्द कर चुका है द्विपक्षीय सीरीज :** बता दें, महिलाओं और लड़कियों के मामले को लेकर सीए ने सबसे पहले साल 2021 में अफगानिस्तान के खिलाफ होबार्ट में खेली जाने वाली एक टेस्ट मैच की सीरीज रद्द की थी। उसके बाद 12 जनवरी, 2023 को, मार्च 2023 में यूएई में खेली जाने वाली 3 वनडे मैचों की सीरीज को रद कर दिया था।





# थाइलैंड भेजे गए थे भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष, राजकीय सम्मान के साथ भारत लौटे

**भगवान बुद्ध, उनके शिष्यों अरहत सारिपुत्र और अरहत मौदगलायन के पवित्र अवशेष 26-दिवसीय प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में थाईलैंड के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किए जाने के बाद मंगलवार शाम को भारत लौटे हैं।**

*नई दिल्ली। दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों के पूजनीय इन अवशेषों को 22 फरवरी को 'राज्यकीय अतिथि' के दर्जे के अनुरूप भारतीय वायु सेना के एक विशेष विमान में ले जाया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अवशेष दिल्ली के पालम स्थित वायु सेना अड्डे पर लाए गए। अधिकारी ने कहा कि विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी अवशेषों के स्वदेश आने पर 'एक समारोह में अवशेषों की आगवानी करेंगी'।*





### थाईलैंड में प्रदर्शित करने के लिए भेजा था

*भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के चार पवित्र पिपराहवा अवशेष भारत में संरक्षित हैं। भगवान बुद्ध के अवशेष राष्ट्रीय संग्रहालय के संरक्षण में हैं जबकि उनके शिष्यों के अवशेष को थाईलैंड में प्रदर्शित करने के लिए मध्य प्रदेश द्वारा दिल्ली भेजा गया था। अवशेषों को 23 फरवरी को बैंकॉक के सनम लुआंग मंडप में विशेष रूप से निर्मित मंडप में सार्वजनिक पूजा के लिए स्थापित किया गया था।*

### सरकार ने क्या कहा?

*केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने बताया था कि यह पहली बार था जब भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेषों को एक साथ प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार, इन पवित्र अवशेषों को 4-8 मार्च तक हो कुम लुआंग, रॉयल रुजाप्रुक, चियांग माई में प्रदर्शित किया गया, 9-13 मार्च तक वाट महा वानाराम, उबोन रतचथानी में और 14-18 मार्च तक वाट महा थाट, औलुएक, क्राबी में प्रदर्शित किया गया।*

## भारत ने चीन के बेतुके बयान को किया खारिज

# कहा: अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है.. और रहेगा

*चीन की तरफ से बार-बार आधारहीन तर्क दिए जा रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चीन के अरुणाचल प्रदेश को लेकर दिए गए बेतुके बयान को सिरे से खारिज कर दिया है और अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को आधारहीन बताया है। भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया है और कहा है कि भारत की विकास यात्रा का लाभ अरुणाचल प्रदेश के लोगों को मिलता रहेगा।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'चीन के रक्षा मंत्रालय की तरफ से भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश पर किए बेतुके दावे पर हमने नोटिस लिया है। चीन की तरफ से बार-बार आधारहीन तर्क दिए जा रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश, भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के लोगों को आधारभूत ढांचे के विकास और अन्य विकास परियोजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।'

*विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के हवाले से कहा गया, हमने चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के भूभाग पर बेतुके दावों को आगे बढ़ाते हुए की गई टिप्पणी पर गौर किया है।*

» **अरुणाचल को मिलेगा विकास का फायदा**

» **चीन के बयान पर भारत जताई नाराजगी**



रणधीर जायसवाल

**ओली के बयान का जयशंकर ने दिया जवाब**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'देखिए, राजनीति में लोग बहुत सी चीजें कहते हैं जब उससे उनका कुछ राजनीतिक फायदा होता है। हमारी नीति शुरू से ही ऐसी रही कि आप लोग साथ में बैठकर सहमति बनाएं... हिंसा बंद करें. राजनीति में लोग अपने फायदे के लिए चीजों को मिर्च-मसाले के साथ कह देते हैं, हो जाता है ऐसा...ठीक है। बता दें कि 19 सितंबर 2021 को उस वक्त भारत-नेपाल के रिश्तों में बड़ा तनाव आ गया था जब पूर्व नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत रहे एस जयशंकर (विदेश मंत्री) पर गंभीर आरोप लगाए थे।

### चीन के विदेश मंत्रालय ने दिया था बयान

*विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया चीनी सेना के उस दावे के बाद सामने आई है, जिसमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश को चीनी क्षेत्र का हिस्सा बताया था। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि 'जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन का हिस्सा है और चीन भारत के कथित अरुणाचल प्रदेश को न कभी स्वीकार करेगा और इसका सख्ती से विरोध करता है।' पीएम मोदी ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में सेला टनल का उद्घाटन किया था। उसके बाद ही चीन ने अरुणाचल को लेकर बयान दिया। जिस पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में चीन को कड़ा जवाब दिया है। चीन की तरफ से 15 मार्च को यह बयान दिया गया। भारत पहले भी चीन के ऐसे दावों को सिरे से खारिज कर चुका है। भारत ने अपने पूर्व के एक बयान में कहा था कि चीन का भारतीय नेताओं के अरुणाचल दौरे का विरोध बेतुका है और इसका कोई आधार नहीं है।*

### डीजी ने नियंत्रण रेखा के पास तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल के विशेष महानिदेशक वाईबी खुरानिया ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की।



बीएसएफ कश्मीर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, वाईबी खुरानिया आईपीएस, विशेष महानिदेशक, एसडीजी मुख्यालय बीएसएफ (पश्चिमी कमान) ने सैनिकों के साथ बातचीत की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अटूट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की।

### पिता की सीट पर खड़ी होगी बेटी आसिफा जरदारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी ने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की है। उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नॉमिनेशन पत्र दाखिल किया है। आसिफा 31 साल की हैं। उनके भाई बिलावल भुट्टो पिछली शहबाज सरकार में विदेश मंत्री रह चुके हैं। वर्तमान में वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष हैं। मां बेनजीर भुट्टो और नाना जुल्फिकार अली भुट्टो भी प्रधानमंत्री रह चुके थे।




# पहाड़ी काटने के दौरान भूस्खलन मजदूरों ने भागकर बचाई जान

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय के समीप निर्माणधीन जसपुर-निराकोट मोटर मार्ग पर पहाड़ी काटने के दौरान भूस्खलन हो गया। भूस्खलन के कारण सिल्याण गांव के चार घरों में दरारें आ गई। बड़े-बड़े पेड़ टूटने से भवनों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। ग्राम प्रधान जितेंद्र गुसाईं ने बताया कि सिल्याण के नजदीक लोक निर्माण विभाग की मशीनरी सड़क निर्माण के दौरान पहाड़ी काट रही थी। तभी अचानक भूस्खलन हो गया, जिसमें लोनिवि के मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। गुसाईं ने बताया कि जहाँ



पर भूस्खलन हुआ है। वहां पर पानी का स्रोत है। इसलिए अगर विभाग जल्द सुरक्षात्मक कार्य नहीं करता है। तो सिल्याण गांव के कई भवनों के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। जो कि बरसात में बड़ी आपदा का रूप ले सकता है। वहीं दूसरी तरफ चमोली में जमकर आंधी चली।

## पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया, मोदी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध

# डाकुओं से छुड़ाया जहाज, भारतीय नेवी के मुरीद हुए बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक बेहद सफल अभियान के दौरान सोमालिया के 35 समुद्री डाकुओं को पकड़ लिया और उनके द्वारा बंधक बनाए गए 17 लोगों को भी सुरक्षित आजाद करा लिया। जहाज से छुड़ाए गए लोगों में सात बुल्गारिया के नागरिक हैं। अब अपने नागरिकों और उनके जहाज को सुरक्षित बचाने के लिए बुल्गारिया के राष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना की जमकर तारीफ की है। राष्ट्रपति रूमेन राडेव ने एक्स पर लिखा, भारतीय नेवी ने हाइजैक बल्गेरियाई जहाज रुएन और 7 बल्गेरियाई नागरिकों सहित उसके चालक दल को सुरक्षित बचा लिया। भारतीय नौसेना के बहादुरी भरी अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा हार्दिक आभार। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बुल्गारिया के राष्ट्रपति को जवाब दिया। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति रूमेन राडेव आपके संदेश की सराहना करते हैं। हमें खुशी है कि 7 बुल्गारियाई नागरिक सुरक्षित हैं और जल्द ही घर लौट आएंगे। भारत नेविगेशन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।



### पोत में 10 लाख अमेरिकी डॉलर का लदा था सामान

*नौसेना ने बताया कि एमवी रुएन का सोमालिया के जलदस्युओं ने 14 दिसंबर को अपहरण कर लिया था। नौसेना ने कहा कि एमवी रुएन की समुद्री यात्रा की क्षमता का आकलन किया जा रहा है और पोत पर लगभग 37,800 टन माल लदा है जिसकी कीमत करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर है। इसे सुरक्षित भारत लाया जाएगा। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में मालवाहक जहाजों पर बढ़ते हमलों के बाद रणनीतिक जलमार्गों पर निगरानी रखने के लिए नौसेना ने 10 से अधिक युद्धपोत तैनात किए हैं। नौसेना ने बताया कि आईएनएस कोलकाता ने बुधवार सुबह रुएन को रोका और ड्रोन के जरिए सशस्त्र समुद्री डाकुओं की मौजूदगी की उस पर पुष्टि हुई। उसने बताया कि डाकुओं ने ड्रोन को मार गिराया और भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर गोलीबारी की।*

### 40 घंटे चला अभियान

भारत की नौसेना ने शनिवार को एक सुव्यवस्थित अभियान के तहत भारतीय तट से लगभग 2,600 किलोमीटर दूर पूर्व में माल्टा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज (एमवी) रुएन को अपने कब्जे में ले लिया। विशेषज्ञों ने कहा कि पिछले लगभग सात वर्ष में सोमालिया के समुद्री डाकुओं से किसी जहाज को इस तरह से छुड़ाने का यह पहला सफल अभियान है। नौसेना ने करीब 40 घंटे के अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा और सी गार्जियन ड्रोन को तैनात किया। अभियान के लिए सी-17 विमान से विशिष्ट मार्कोस कमांडो को उतारा गया। इससे पहले बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया गेब्रियल ने अपहृत जहाज और उनके देश के सात नागरिकों सहित चालक दल के सदस्यों को बचाने के सफल अभियान के लिए भारतीय नौसेना का आभार व्यक्त किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109